स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवीकी पवित्र स्मृतिमें तत्सुपुत्र साहू शान्तिप्रसादजी द्वारा

संस्थापित

भारतीय ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन-ग्रन्थमाला

इस ग्रन्थमालामें प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड, तामिल आदि प्राचीन भाषाओंमे उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन साहित्यका अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन और उसका मूल और यथासंभव अनुवाद आदिके साथ प्रकाशन होगा। जैन भण्डारोंकी सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानोंके अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमाला में प्रकाशित होंगे।

ग्रन्थमाला सम्पादक

डॉ० हीरालाल जैन,
एम० ए०, डी० लिट्

डॉ० आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्याय,
एम० ए०, डी० लिट्

प्रकाशक

अयोध्याप्रसाद गोयलीय,
मन्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ
दुर्गाकुण्ड रोड, बनारस

स्थापनाब्द
फाल्गुन कृष्ण ९
वीर नि० २४७०

विक्रम सं० २०००
१८ फरवरी सन् १९४४

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी

स्वर्गीय मूर्तिदेवी मातेश्वरी साहू शान्तिप्रसाद जैन

JNANAPITHA MURTIDEVI JAINA GRANTHAMALA
PRAKRIT GRANTHA No. 5

MAHABANDHO

[MAHADHAVAL SIDDHANTA SHASTRA]

2. Bidio Tthidi bandhahiyaro

Vol. III

STHITI BANDHADHIKARA

WITH

HINDI TRANSLATION

Editor

Pandit, PHOOL CHANDRA, *Siddhant Shastry.*

Published by

Bharatiya Jnanapitha, Kashi

First Edition 1000 *Copies.*

JYESHTHA VIR SAMVAT 2480
VIKRAMA SAMVAT 2011
JUNE 1954

Price Rs. 11/-

Bharatiya Jnana-Pitha Kashi

FOUNDED BY

SAHU SHANTI PRASAD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

SHRI MURTI DEVI

BHARATIYA JNANA-PITHA MURTI DEVI JAIN GRANTHAMALA

PRAKRIT GRANTHA NO. 5

IN THIS GRANTHAMALA CRITICALLY EDITED JAIN AGAMIC PHILOSOPHICAL, PAURANIC, LITERARY, HISTORICAL AND OTHER ORIGINAL TEXTS AVAILABLE IN PRAKRIT, SANSKRIT, APABHRANSA, HINDI, KANNADA AND TAMIL ETC., WILL BE PUBLISHED IN THEIR RESPECTIVE LANGUAGES WITH THEIR TRANSLATIONS IN MODERN LANGUAGES

AND

CATALOGUES OF JAIN BHANDARAS, INSCRIPTIONS, STUDIES OF COMPETENT SCHOLARS & POPULAR JAIN LITERATURE WILL ALSO BE PUBLISHED

General Editors

Dr. Hiralal Jain, M. A. D. Litt.

Dr. A. N. Upadhye, M. A. D. Litt.

Publisher

AYODHYA PRASAD GOYALIYA

Secy., BHARATIYA JNANAPITHA,

DURGAKUND ROAD. BANARAS

Founded in

Phalguna Krishna 9.

Vira Sam. 2470

Vikrama Samvat 2000

18th Febr. 1944

सम्पादकीय

आजसे लगभग सवा वर्ष पूर्व स्थितिबन्धका पूर्व भाग सम्पादित होकर प्रकाशमें आया था। यह उसका शेष भाग है। भारतीय ज्ञानपीठकी ओरसे सब तरहकी सुविधाएँ प्राप्त होने पर भी इसके सम्पादनमें अपने वैयक्तिक कारणोंसे हमें पर्याप्त समय लगा है इसके लिए हम क्षमाप्रार्थी हैं।

सहयोग

श्रीयुत बन्धु रतनचन्द्रजी मुख्तार व बन्धुवर नेमिचन्द्रजी वकील सहारनपुर षट्खण्डागम और कषाय-प्राभृतके विशेष अभ्यासी हैं। श्री रतनचन्द्रजीने तो एक तरहसे गार्हस्थिक झंझटोंसे अपनेको मुक्त ही कर लिया है और आजीविकाको तिलाञ्जलि दे दी है। थोड़े बहुत साधन जो उनके पास बच रहे हैं उन्हींसे वे अपनी आजीविका चलाते हैं। जीवनमें सादगी और निष्कपट सरल व्यवहार उनके जीवनकी सबसे बड़ी विशेषता है। इस वर्ष दस लक्षण पर्वके दिनोंमें हम सहारनपुर आमन्त्रित किये गये थे, इसलिए निकटसे हमें उनके जीवनका अध्ययन करनेका अवसर मिला है। इस आधारसे हम कह सकते हैं कि वे घरमें रहते हुए भी साधु जीवन बिता रहे हैं। योगायोगकी बात है कि इन्हें पत्नी भी ऐसी मिली हुई है जो इनके धार्मिक कार्योंमें पूरी साधक हैं। यो तो दोनों बन्धु मिलकर इन महान् ग्रन्थोंका स्वाध्याय करते है परन्तु श्री रतनचन्द्रजीका अभ्यास तगड़ा है और इन ग्रन्थोंके सम्पादनमें उनके परामर्शकी आवश्यकता अनुभवमें आती है। वे यह इच्छा तो रखते हैं कि इन ग्रन्थोंके प्रकाशनके पहले हमें उनके स्वाध्यायका अवसर मिल जाय तो उत्तम हो और ऐसा करनेमें लाभ भी है पर कई कारणोंसे इस व्यवस्थाके जमानेमें कठिनाई जाती है। स्थितिबन्धका अन्तिम कुछ भाग अवश्य ही उन्होंने देखा है और उनके सुझावोंसे लाभ भी उठाया गया है। आशा है भविष्यमें इस सुविधाके प्राप्त करनेमें सुधार होगा और उनका आवश्यक सहयोग मिलता रहेगा।

शुद्धि-पत्रक

श्री रतनचन्द्रजीने प्रकृतिबन्ध और स्थितिबन्धके पूर्वभागका शुद्धि-पत्रक तैयार करके हमारे पास भेजा है। उसमें आवश्यक संशोधन करके मुद्रित कर देनेमें लाभ भी है। किन्तु इधर हमारे मित्र श्रीयुत लाला राजकृष्णजी देहलीके निरन्तर प्रयत्न करनेके फलस्वरूप मूडबिद्रीसे कनडी मूल ताडपत्रीय प्रतियोंके फोटो देहली वीरसेवा मन्दिरमें आ गये हैं। श्री लाला राजकृष्णजीने दौड़ धूप करके यह काम तो बनाया ही है और इसमें उन्हें श्रीयुत बाबू छोटेलालजी कलकत्ता वालोंका भी पूरा सहयोग मिला है। किन्तु सबसे अधिक उल्लेखनीय बात यह है कि लाला राजकृष्णजी की पत्नीका इन ग्रन्थोंके उद्धार कार्यमें विशेष हाथ रहा है। वे स्वयं इन महानुभावोंके साथ मूड़बिद्री गई और हर तरहकी कमीकी पूर्तिमें साधक बनीं तभी यह काम हो सका है। अतएव इस भागके साथ हमने पूर्व भागोंका शुद्धिपत्रक नहीं जोड़ा है, क्योंकि इन ग्रन्थोंके उत्तर भारतमें सुलभ हो जानेसे हमारा विचार है कि एक बार प्रकाशित और अप्रकाशित भागका शान्तिसे इन मूल ग्रन्थोंके साथ मिलान कर लिया जाय और तब जाकर प्रकाशित भागोंमें जो कमी रह गई हो उसे प्रकाशमें लाया जाय। हमें विश्वास है कि हमारे साथी हमारे इन विचारोंका समर्थन करेंगे।

आवश्यक निवेदन

हमें भारतीय ज्ञानपीठके सुयोग्य मन्त्री श्रीयुत अयोध्याप्रसादजी गोयलीयने जितनी तत्परतासे यह कार्य करनेके लिए सौंपा था उतनी तत्परता हम इस काममें दिखा नहीं सके। आशा है वे हमारी इस कमजोरीकी ओर विशेष ध्यान नहीं देंगे और जिस तरह अभी तक सहयोग देते आये हैं देते रहेंगे।

अन्तमें हमें समाजसे इतना ही निवेदन करना है कि दिगम्बर परम्परामें इन महान् ग्रन्थोंका बड़ा महत्त्व है। द्वादशांग वाणीसे इनका सीधा सम्बन्ध है। एक समय था जब हमारे पूर्वज ऐसे महान् ग्रन्थोंकी लिपि कराकर उनकी रक्षा करते थे किन्तु वर्तमान कालमें हम उन्हें स्वल्प निछावर देकर भी अपने यहाँ स्थापित करनेमें सकुचाते हैं। यह शङ्का की जाती है कि हम उन्हें समझते नहीं बुलाकर क्या करेंगे। किन्तु उनकी ऐसी शङ्का करना निर्मूल है। ऐसा कौन नगर या गाँव है जहाँके जैन गृहस्थ तात्कालिक उत्सवमें कुछ न कुछ खर्च न करते हों। जहाँ उनकी यह प्रवृत्ति है वहाँ जैनधर्मके मूल साहित्यकी रक्षा करना भी उनका परम कर्तव्य है। कहते हैं कि एक बार धार रियासतके दीवानको वहाँके जैन बन्धुओंने जैन मन्दिरके दर्शन करनेके लिए बुलाया था। जिस दिन वे आनेवाले थे उस दिन मन्दिरजीमें विविध उपकरणोंसे खूब सजावट की गई थी। जिन उपकरणोंकी धारमें कमी थी वे इन्दौरसे बुलाये गये थे। दीवान सा० आये और उन्होंने श्री मन्दिरजी को देखकर यह अभिप्राय व्यक्त किया कि जैनियोंके पास पैसा बहुत है। अन्तमें उन्हें वहाँका शास्त्र भण्डार भी दिखलाया गया। शास्त्र भण्डारको देखकर दीवान सा० ने पूछा कि ये सब ग्रन्थ किस धर्मके हैं। जैनियोंकी ओरसे यह उत्तर मिलने पर कि ये सब जैनधर्मके ग्रन्थ हैं दीवान सा० ने कहा कि यह जैनधर्म है।

इससे स्पष्ट है कि साहित्य ही धर्मकी अमूल्य निधि है। महान्से महान् कीमत देकर भी यदि इसकी रक्षा करनी पड़े तो करनी चाहिए। गृहस्थोंका यह परम कर्तव्य है। हम यह शिकायत तो करते हैं कि मुसलिम बादशाहोंने हमारे ग्रन्थोंको ईंधन बनाकर उनसे पानी गरम किया किन्तु जब हम उनकी रक्षा करनेमें तत्पर नहीं होते और उन्हें भण्डारोंमें सड़ने देते हैं या उनके प्रकाशित होने पर उन्हें बुलाकर अपने यहाँ स्थापित नहीं करते तब हमें क्या कहा जाय ? क्या हमारी यह प्रवृत्ति उनकी रक्षा करनेकी कही जा सकती है ? स्पष्ट है कि यदि हमारी यही प्रवृत्ति चालू रही तो हम भी अपनेको उस दोषसे नहीं बचा सकते जिसका आरोप हम मुसलिम बादशाहों पर करते हैं। शास्त्रकारोंने देव और शास्त्रमें कुछ भी अन्तर नहीं माना है। अतएव हम गृहस्थोंका कर्तव्य है कि जिस तरह हम देवकी प्रतिष्ठामें धन व्यय करते हैं उसी प्रकार साहित्यकी रक्षामें भी हमें अपने धनका व्यय करनेमें कोई न्यूनता नहीं करनी चाहिए। आशा है समाज अपने इस कर्तव्यकी ओर सावधान होकर पूरा ध्यान देगी।

हमने इस भागके सम्पादन आदिमें पूरी सावधानी बरती है फिर भी गार्हस्थिक झंझटोंके कारण त्रुटि रह जाना स्वाभाविक है। आशा है स्वाध्यायप्रेमी जहाँ जो कमी दिखाई दे उसकी सूचना हमें देनेकी कृपा करेंगे ताकि भविष्यमें उन दोषोंको दूर करनेमें हमें प्रेरणा मिलती रहे।

—फूलचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री

प्रकाशन-व्यय

१४६१) कागज २२ × २६ = २८ पौण्ड
७१ रीम ६ दस्ता
१७८७) छपाई ६३॥ फार्म
११००) जिल्द बँधाई
४०) कवर कागज
५०) कवर छपाई

२५१०) सम्पादन
३००) कार्यालय व्यवस्था
८२५) भेंट, आलोचना, १०० प्रति
१५०) पोस्टेज ग्रंथ भेंट भेजनेका
३०००) कमीशन, विज्ञापन, बिक्री आदि

कुल लागत ११२५३)

१००० प्रति छपी। लागत एक प्रति ११।)

मूल्य ११ रु०

प्रशस्ति

स्थितिबन्धके अन्तमें एक प्रशस्ति आती है वह इस प्रकार है—

यो दुर्जयस्मरमदोत्कटकुंभिकुंभ-
संचोदनोत्सुकतरोग्रमृगाधिराजः ।
शल्यत्रयादपगतस्त्रयगारवारिः
संजातवान्स भुवने गुणभद्रसूरिः ॥ १ ॥
दुर्वारमारमदसिन्धुरसिन्धुरारिः
शल्यत्रयाधिकरिपुस्त्रयगुप्तियुक्तः ।
सिद्धान्तवार्धिपरिवर्धनशीलरश्मिः
श्रीमाघनंदिमुनिपोऽजनि भूतलेऽस्मिन् ॥ २ ॥
वरसम्यक्त्वद देशसंयमद सम्यग्बोधदत्यन्तभा-
सुरहारत्रिकसौख्यहेतुवेनिसिदांदानदौदार्यदे- ।
लुतरदिंगीतने जन्मभूमियेनुतं सानंददिं कूर्तुभू-
भरमेलुं पोगलुत्तमिर्पुदभिमानाग्रीननं सेननं ॥ ३ ॥
सुजनते सत्यमोलपु गुणोन्नति पेंपु जैनमा-
र्गंजगुणमेंब सद्गुणविन्यधिकं तनगोप्पनूत्नध-
र्मजनिवनेंदु कित्ते सुमदीधरे मेदिनिगोप्पितोब्बे चि-
त्तजसमरूपनं नेगल्द सेनननुद्धगुणप्रधाननं ॥ ४ ॥
अनुपमगुणगणदतिब-
र्मन शीलनिदानमेसेव जिनपदसक्तो- ।
कनदशिलीमुखि येने मां-
तनदिंदं मल्लिकब्बे ललनारत्नं ॥ ५ ॥

जो दुर्जय स्मररूपी मदोन्मत हाथीके गण्डस्थलके विदारण करनेमें उत्सुक सिंहके समान हैं, जिन्होंने तीन शल्योंको दूर कर दिया है और जो तीन गारवोंके शत्रु हैं वे गुणभद्रसूरि इस लोकमें प्रसिद्धिको प्राप्त हुए ॥१॥

जो दुर्वार माररूपी मदविह्वल हाथीके समान हैं तथा जो तीन शल्योंके लिए शत्रुके समान है, जो तीन गुप्तियोंके धारक हैं और जो सिद्धान्तरूपी समुद्रकी वृद्धिके लिए चन्द्रमाके समान हैं वे श्रीमाघनन्दि आचार्य इस भूतलपर हुए ॥ २ ॥

सच्चरित्र, संयमी, सम्यग्ज्ञानवान्, सबको सुख देनेवाले, दानी, उदार और अभिमानी सेनकी बहुत ही आनन्दसे सभी लोग प्रशंसा करते थे ॥ ३ ॥

सौजन्य, सत्य सद्गुणोंकी उन्नति और जैनमार्गमें रहना इन सद्गुणों से युक्त, स्मरके समान सुन्दर गुण प्रधान सेन नवीन धर्मात्मज कहलाता था ॥ ४ ॥

अनुपम गुणगणयुक्त, सुशील, जिनपदभक्त, स्त्रीरत्न मल्लिकब्बा उसकी पत्नी थीं ॥ ५ ॥

आ वनितारत्नद पें-

पार्वगं पोगललरिदु जिनपूजेयना- ।

ना विधद दानदमलिन-

भावदोला मल्लिकब्बेयं पोल्ववरार् ॥ ६ ॥

श्रीपंचमियं नोतु-

द्यापनमं माडि बरसिं राद्धान्तमना ।

रूपवती सेनवधू जित-

कोपं श्रीमाघनंदि-यतिपतिगित्तल् ॥ ७ ॥

उस वनितारत्नकी जिनपूजाके बारेमें प्रशंसा कौन कर सकता है, उस मल्लिकब्बाके समान भक्त कोई थी ही नहीं ॥ ६ ॥

जिन सिद्धान्तको माननेवाली रूपवती उस सेनपत्नीने श्रीपञ्चमीका उद्यापनकर जितक्रोध माघनन्दि यतीश्वरको लिखवाकर यह (सिद्धान्त ग्रन्थकी प्रति) दी है ॥ ७ ॥

इस प्रशस्तिमे चार व्यक्तियोंका नामोल्लेख सहित गुणकीर्तन किया गया है—गुणभद्रसूरि, आचार्य माघनन्दि, सेन और उसकी पत्नी मल्लिकब्बा ।

मल्लिकब्बा सेनकी पत्नी थी । पं० सुमेरुचन्द्रजी दिवाकरने भी प्रथम भागकी भूमिकामें यह प्रशस्ति उद्धृत की है । उन्होंने सत्कर्मपञ्जिकाके आधारसे 'सेन' का पूरा नाम शान्तिषेण निर्दिष्ट किया है । यह तो स्पष्ट है कि मल्लिकब्बा सेनकी पत्नी थीं । परन्तु गुणधर मुनि और माघनन्दि आचार्यका परस्पर और इनके साथ क्या सम्बन्ध था यह इससे कुछ भी ज्ञात नहीं होता है । मात्र प्रशस्तिके अन्तिम श्लोकसे यह ज्ञात होता है कि मल्लिकब्बाने श्रीपञ्चमीव्रतके उद्यापनके फलस्वरूप सिद्धान्तग्रन्थकी प्रतिलिपि कराकर वह श्री माघनन्दि आचार्यको भेंट की ।

ऐतिहासिक दृष्टिसे इस प्रशस्तिका बहुत महत्त्व है अतएव इसकी छानबीनकी विशेष आवश्यकता है ।

विषय-सूची

सिरिभगवंतभूदबलिभडारयपणीदो

महाबंधो

विदियो ट्ठिदिबंधाहियारो

बंधसण्णियासपरूवणा

१. सण्णियासं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सं दुविधं—सत्थाणं परत्थाणं च । सत्थाणे पगदं । दुवि०—ओघे० आदे० । ओघे० आभिणिबोधिगणाणावरणीयस्स उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो चदुण्णं णाणावरणीयाणं णियमा बंधगो । तं तु० [1]उक्कस्सा वा अणुक्कस्सा वा । उक्कस्सादो अणुक्कस्सा समयूणमादिं कादूण याव पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागहीणं बंधदि । एवं चदुण्णं णाणावरणीयाणं णवण्णं दंसणावरणीयाणमण्णमण्णं । तं तु० ।

बन्धसन्निकर्षप्ररूपणा

१. सन्निकर्ष दो प्रकारका है-जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्ट सन्निकर्ष दो प्रकारका है—स्वस्थान और परस्थान । स्वस्थान सन्निकर्षका प्रकरण है । वह दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय कर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरणीय कर्मोंका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है । किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है । यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग हीन तक करता है । इसी प्रकार चार ज्ञानावरणीय और नौ दर्शनावरणीय कर्मोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है । यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है ।

---

१. मूलप्रतौ उक्कस्स वा अणुक्कस्स वा इति पाठः ।

२. सादस्स उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो असादस्स अबंधगो। असाद० उक्क०ट्ठिदिबंधंतो सादस्स अबंधगो।

३. मिच्छत्त० उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णियमा बंधगो। तं तु०। एवमण्णमण्णस्स। तं तु०। इत्थिवे० उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो मिच्छत्त-सोलसकसाय-अरदि-सोग-भय--दुगुं० णियमा बंधगो। णियमा अणु० चदुभागूणं बंधदि। पुरिस० उक्क०ट्ठिदिबंधंतो मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं० णि० बं०। णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि। हस्स-रदि० सिया बंधदि सिया अबंधदि। यदि बंधदि तं तु० समयूणमादिं कादूण याव पलिदो० असं०। अरदि-सोग० सिया बंध० सिया अबंध०। यदि बंध० णियमा अणु० दुभागूणं बंधदि। [1]हस्स० उक्कस्स० बंध० मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं० णिय० बं०। णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि। इत्थिवे० सिया बं० सिया अबं०। यदि बंध० णिय० अणु० तिभागूणं

२. सातावेदनीयकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव असातावेदनीयका अबन्धक होता है। असातावेदनीयकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सातावेदनीयका अबन्धक होता है।

३. मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है। यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार सोलह कषाय आदि प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय करके परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है। यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट चार भाग न्यून बाँधता है। पुरुषवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून बाँधता है। हास्य और रतिका कदाचित् बन्ध करता है और कदाचित् नहीं बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्ध करता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है तो उसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। अरति और शोकका कदाचित् बन्ध करता है और कदाचित् नहीं बन्ध करता है। यदि बन्ध करता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। हास्यकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। स्त्रीवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। पुरुषवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक

१. मूलप्रतौ हस्स रदि उक्कस्स० इति पाठः।

बंधदि । पुरिस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । णवुंस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि । रदि णिय० । तं तु० । एवं रदीए वि ।

४. णिरयायु० उक्क० द्विदिबंधंतो तिण्णि आयूणं अबंधगो । एवमण्णमण्णस्स अबंधगो ।

५. णिरयग० उक्क० द्विदिबं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-हुंडसंठा०-वेउव्वि०-अंगो०-वण्ण०४-णिरयाणु०-अगुरु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछक्क-णिमि० णिय० बं० । तं तु० । एवं वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-णिरयाणु० ।

६. तिरिक्खग० उक्क० द्विदिबंधं० ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-[1]अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० । तं तु० । एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-

होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। नपुंसकवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। रतिका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार रतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

४. नरकायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तीन आयुओंका अबन्धक होता है। इसी प्रकार परस्परमें अबन्धक होता है।

५. नरकगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टस्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वीकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए।

६. तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, आतप, उद्योत,

१. मूलप्रतौ अथिरादिपंच णिमि० इति पाठः ।

थावर-दुस्सर० सिया बंध० सिया अबंध०। यदि बंध० । तं तु०। एवं ओरालि०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०।

७. मणुसगदि० उक्कस्सट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क० ओरा०अंगो०-वण्ण०४-अगु०-उप०-तस-बादर-पत्तेय०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । णिय० अणु० चदुभागूणं बंधदि। दोसंठा०-दोसंघ०-अपज्ज० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० संखेज्जदिभागूणं बंधदि। हुंडसं०-असंपत्त०-पर०-उस्सा०-अप्पसत्थ०-पज्ज०-दुस्स० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० चदुभागूणं बंधदि। मणुसाणुपु० णिय० बं०। तं तु०। एवं मणुसाणु०।

८. देवगदि उक्क०ट्ठिदिबंधं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि० णिय० बं०। णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि। समचदु०-देवाणु०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदे० णि० बं०। तं तु०। थिर-सुभ-जस०

अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और दुस्वरका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार औदारिक शरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योत इन प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

७. मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येकशरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट चार भाग न्यून बाँधता है। दो संस्थान, दो संहनन और अपर्याप्त इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे संख्यातवाँ भाग न्यून बाँधता है। हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, परघात, उच्छ्वास, अप्रशस्त विहायोगति, पर्याप्त और दुस्वर इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट चार भाग न्यूनका बन्धक होता है। मनुष्यगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक बाँधता है। इसी प्रकार मनुष्यगत्यानुपूर्वीके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

८. देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। समचतुरस्र संस्थान, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका

सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । अथिर-असुभ-अजस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि । एवं देवाणुपु० ।

९. एइंदियस्स उक्क०ट्ठिदिबंधं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं० वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । तं तु० । आदाउज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० । तं तु० । एवं आदाव-थावर० ।

१०. बीइंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-तस०-बादर-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । अणु० संखेज्जदिभागूणं बंधदि । पर०-उस्सा०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-पज्ज[१]०-अपज्ज०-दुस्सर सिया बं० । तं तु०[२] ।

असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एकसमय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। इसी प्रकार देवगत्यानुपूर्वीके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

९. एकेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर आदि पांच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। आतप और उद्योत इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक बाँधता है। इसी प्रकार आतप और स्थावर प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१०. द्वीन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। परघात, उच्छ्वास, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, पर्याप्त, अपर्याप्त और दुःस्वर, इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। किन्तु यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका

१. मूलप्रतौ पज० दुस्सर अपज्ज० साधार० सिया इति पाठः । २. मूलप्रतौ तं तु णा० वं० सिया

एवं तीइं०-चदुरिं० ।

११. पंचिंदि० उक्क० ट्ठिदिबं० तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० । तं तु० । णिरय-तिरिक्खगदि-ओरालि०-वेउव्वि०-ओरालि०-वेउव्वि०अंगो०-असंपत्त०-दो-आणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । एवं तस० ।

१२. आहार० उक्क० ट्ठिदिबं० देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णि० बं० । णि० अणु० संखेज्जगुणहीणं बंधदि । आहार०अंगो० णिय० । तं तु० । तित्थय० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णि० अणु० संखेज्जगुणहीणं बंधदि । एवं आहारअंगोवं० ।

बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक बाँधता है । इसी प्रकार त्रीन्द्रिय जाति और चतुरिन्द्रिय जातिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

११. पञ्चेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है । नरकगति, तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका-संहनन, दो आनुपूर्वी और उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है । इसी प्रकार त्रस काय प्रकृतिके सम्बन्धसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१२. आहारक शरीरकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है । आहारक आङ्गोपाङ्गका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और उनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है । तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुण हीन बाँधता है । इसी प्रकार आहारक आङ्गोपाङ्गके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

बं० सिया अबं० यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । अपज्ज० सिया बं० सिया अबं० यदि बं० तं तु । एवं तीइंदि० इति पाठः ।

१३. तेजा'० उक्क०ट्ठिदिबं० कम्मइ०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० । तं तु० । णिरयगदि-तिरिक्खग०-एइंदि०-पंचिंदि०-दोसरीर-दोअंगो०-असंपत्त०-दोआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-दुस्सर० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० । तं तु० । तेजइगभंगो कम्मइ०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि०² त्ति ।

१४. समचदु० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णि० णिय० । अणु० दुभागूणं० । तिरिक्खग०-दोसरी०-दोअंगो०-असंप०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णियमा अणु० बं० दुभागूणं० । मणुसगदिदुगं सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णि० अणु० तिभागूणं बं० । देवगदि वज्ज० देवाणु०-पसत्थ०-थिरादिछक्क०

१३. तैजसशरीर की उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव कार्मणशरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है, जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियम से उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। नरकगति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय-जाति, पञ्चेन्द्रियजाति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, असंप्राप्तासृपाटिका संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, और दुःस्वर प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है, यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। इसी प्रकार तैजसशरीरके समान कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१४. समचतुरस्र प्रकृति की उत्कृष्ट स्थितिका बन्धकरनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। तिर्यञ्चगति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छह प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। मनुष्यगति द्विकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। देवगतिको छोड़कर देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति और स्थिर आदि छहका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। चार संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक

१. मूलप्रतौ तेजाक० उक्क० इति पाठः । २. मूलप्रतौ णिमि० णत्थि इति पाठः ।

सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । चदुसंघ० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णि० अणु० संखेज्जदिभागूणं बं० । एवं पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज० ।

१५. णग्गोद० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०-अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागूणं० । तिरिक्ख-मणुसग०-चदुसंघ०-दोआणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागूणं बं० । वज्ज-णारा० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । एवं वज्जणारायण० । णवरि दो गदि-चदुसंठा०-दोआणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । सादि० एवं चेव । णवरि णारायणं सिया० । तं तु० । एवं णारायणं ।

१६. खुज्जसंठाणं उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-

होता है । इसी प्रकार प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१५. न्यग्रोध परिमण्डल संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, चार संहनन, दो आनुपूर्वी, और उद्योत प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । वज्रनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार वज्रनाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि दो गति, चार संस्थान, दो आनुपूर्वी और उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार स्वाति संस्थानके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि वह नाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट बन्धक भी होता है और अनुत्कृष्ट बन्धक भी होता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार नाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१६. कुब्जक संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग

णिमि० णिय० संखे०भागू० । दोसंघ०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । [यदि बं० णिय०] संखेज्ज०भागू० । अद्धणारा० सिया० । तं तु० । एवं अद्धणारा० । एवं वामण० । णवरि असंपत्त० सिया० संखेज्ज०भागू० । खीलिय० सिया बं० । तं तु० । एवं० खीलिय० ।

१७. ओरालि०अंगो० उ०ट्ठि०बं० तिरिक्खग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-असंप०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० बं । तं तु० । उज्जो० सिया० । तं तु० । एवं असंप० ।

१८. वज्जरि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि० अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि० णिय० बं० । णि० अणु० दुभागू० । तिरिक्खगदि-हुंड०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० सिया बं० सिया

न्यून स्थितिका बन्धक होता है। दो संहनन और उद्योत प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। अर्धनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट बन्धक भी होता है और अनुत्कृष्ट बन्धक भी होता है। यदि अनुत्कृष्ट बन्धक होता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार अर्धनाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। तथा इसी प्रकार वामन संस्थानके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि यह असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। कीलक संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार कीलक संहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१७. औदारिक आङ्गोपाङ्गकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। उद्योत प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार असम्प्राप्तासृपाटिकासंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१८. वज्रर्षभनाराचकी उत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति और अस्थिर आदि छह प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और

अबं० । यदि बं० णिय० अणु० दुभागू० । मणुसग०-मणुसाणु० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० तिभागू० । समचदु०-पसत्थ०-थिरादिछ० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० । तं तु० । चदुसंठा० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णियमा अणु० संखेज्जदिभागू० ।

१९. उज्जो० उक्क० ट्ठि० बं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०--अथिरादिपंच०--णिमि० णि० बं० । तं तु० । एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-असंप०-अप्पसत्थ०--तस०--थावर--दुस्सर० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० ।

२०. अप्पसत्थ० उक्क० ट्ठिदि० बं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० बं० । तं तु० । णिरयगदि-तिरिक्ख-

कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्तविहायोगति और स्थिर आदि छह प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बांधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। चार संस्थानोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियम से अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है।

१९. उद्योत प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एकसमय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। एकेन्द्रियजाति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और दुःस्वर प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है।

२०. अप्रशस्त विहातोगतिकी उत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। नरकगति, तिर्यञ्चगति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्त विहायोगति, दो आनुपूर्वी और उद्योत प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता

गदि-दोसरी०-दोअंगो०-अप्पसत्थ०-दोआणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं०। तं तु०। एवं दुस्स०।

२१. सुहुम० उक्क०ट्ठिदि०बं० तिरिक्खग०-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावर०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं०। अणु० संखेज्जदिभागू०। पर०-उस्सास-पज्जत्त-पत्ते० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णि० अणु० संखेज्जदिभागू०। एवं साधारण०।

२२. अपज्ज० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं० वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय०। अणु० संखेज्जदिभागूणं बंधदि। एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-तस-थावर-बादर-पत्ते० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागूणं बंधदि। बीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिं०-सुहुम-साधार० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं०। णि० तं तु०।

२३. थिरणाम उक्क०ट्ठिदिबं० तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-परघाद-

और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार दुस्वर प्रकृतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२१. सूक्ष्म प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। परघात, उच्छ्वास, पर्याप्त और प्रत्येक प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार साधारण प्रकृतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२२. अपर्याप्त प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन बाँधता है। एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, त्रस, स्थावर, बादर और प्रत्येक इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन बाँधता है। द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, सूक्ष्म और साधारण प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है।

२३. स्थिर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, पर्याप्त और निर्माण इन प्रकृ-

उस्सास-पज्ज०-णिमि० णिय० बं० अणु० दुभागूणं बंधदि। तिरिक्खगदि-एइंदि० पंचिंदि०--ओरालि०--वेउव्वि०--हुंडसं०--दोअंगो०--असंप०--तिरिक्खाणु०--आदा--उज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-बादर-पत्ते०-असुभादिपंच० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णि० अणु० दुभागूणं०। मणुसगदि-मणुसाणु० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० तिभागू०। देवगदि-समचदु०-वज्जरि० देवाणुपु०-पसत्थ०-सुभादिपंच० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० तं तु०। बेइंदि० तेइं०-चदुरिं०-चदुसंठा०-चदुसंघ०-सुहुम-साधार० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू०। एवं सुभ०।

२४. जसगि० उक्क०ट्ठि०बं० तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णि० बं०। णि० अणु० दुभागू०। तिरिक्खगदि-एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०-वेउव्वि०-हुंडसं०-दोअंगो०--असंपत्त०--तिरिक्खाणु०--आदाउज्जो०--अप्पसत्थ०-तस-थावर-अथिरादिपंच० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० दुभागू०। मणुसगदिदुगं सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु०

तियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून बाँधता है। तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, हुण्डसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, बादर, प्रत्येक और अशुभादिक पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। देवगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति और शुभादि पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, चार संस्थान, चार संहनन, सूक्ष्म और साधारण इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यूनका बन्धक होता है। इसी प्रकार शुभ प्रकृतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२४. यशःकीर्ति प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, हुण्डसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और अस्थिर आदि पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। मनुष्यगतिद्विकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित्

तिभागू० । देवगदि-समचदु०-वज्जरिसभ०-देवाणु०-पसत्थ०-थिरादिपंच सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । बीइं०-तीइं०-चदुरिं०-चदुसंठा०-चदुसंघ० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० ।

२५. तित्थय० उक्क०ट्ठिदिबंध०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०-४-पसत्थ०--तस०४--अथिर--असुभ--सुभग-आदे०-अजस०-णिमि० णिय० । अणु० संखेज्जदिगुणहीणं बं० ।

२६. उच्चा० उक्क०ट्ठिदिबंध० णीचा० अबंधगो । णीचागो० उक्क०ट्ठिदिबं० उच्चा० अबंधगो ।

२७. दाणंतरा० उक्क०ट्ठिदिबं० चदुण्णं अंतरा० णिय० । तं तु उक्कस्सा वा अणुक्कस्सा वा । उक्कस्सादो अणुक्कस्सा समयूणमादिं कादूण पलिदोवमस्स असंखेज्ज० भागूणं बंधदि । एवं अण्णोण्णस्स । तं तु० ।

२८. आदेसेण णेरइएसु पंचणा०-णवदंसणा०-सादासा०-मोहणीय०-छब्बीस-

अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यूनका बन्धक होता है। देवगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति और स्थिर आदि पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, चार संस्थान और चार संघनन इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है।

२५. तीर्थंकर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है।

२६. उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव नीचगोत्रका अबन्धक होता है। नीचगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव उच्चगोत्रका अबन्धक होता है।

२७. दानान्तरायकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार अन्तराय प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। वह उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार पाँचों अन्तरायोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। वह उत्कृष्ट भी होता है और अनुत्कृष्ट भी होता है यदि अनुत्कृष्ट होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक होता है।

२८. आदेशसे नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, छब्बीस मोहनीय, दो आयु, दो गोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंका भङ्ग

दोआयु०-दोगोद०-पंचंत० ओघं । तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदि-बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णि० बं० । तं तु० । उज्जो० सिया बं० । तं तु० । एवमेदाओ सव्वाओ एक्केक्केण सह । तं तु० । सेसं ओघेण साधेदव्वं । एवं छसु पुढवीसु । सत्तमाए सो चेव भंगो । णवरि मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० तित्थयरभंगो । सेसाओ तिरिक्खगदिसंजुत्तं कादव्वं ।

२६. तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंसणा०-सादासा०-मोहणीय०छव्वीस०-चदुआयु०-दोगोद०-पंचंत० ओघं । णिरयगदि उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०[1]-वेउव्विय-तेजा०-क०-हुंडसं०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-णिरयाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णि० बं० । तं तु० । एवमेदाओ एक्क-

ओघके समान है। तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। उद्योतको कदाचित् बाँधता है और कदाचित् नहीं बाँधता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर एक-एक प्रकृतिके साथ सन्निकर्ष होता है। ऐसी अवस्थामें इन प्रकृतियोंको उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। शेष सन्निकर्ष ओघके समान साध लेना चाहिए। इसी प्रकार छह पृथिवियोंमें जानना चाहिए। सातवीं पृथिवीमें यही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग तीर्थंकर प्रकृतिके समान है। यहाँ शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका सन्निकर्ष कहते समय तिर्यञ्चगतिके साथ कहना चाहिए।

२९. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, छब्बीस मोहनीय, चार आयु, दो गोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। नरकगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्ण चतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार परस्पर इन प्रकृतियोंका सन्निकर्ष होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव

1. मूलप्रतौ पंचिदिपंचिंदि वेउ—इति पाठः ।

मेक्कस्स । तं तु० । तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदिबं० तेजा०-क०-हुंडसं०-वरण०४-अगु०-उप०-अथिरादिपंच०-णिमि० णि० बं० । अणु० संखेज्जभागूणं । चदुजादि-वामणसंठा०-ओरालि०अंगो०-खीलियसंघ०-असंपत्त०--आदाउज्जो०-थावर-सुहुम-अपज्ज०-साधार० णियमा बं० । तं तु० । पंचिंदि०-हुंडसं०-पर०-उस्सा०-अप्पसत्थ०-तस०४-दुस्सर सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागूणं । ओरालि०-तिरिक्खाणु० णियमा० । तं तु० । एवं ओरालि०-तिरिक्खाणु० । सेसं मूलोघं । णवरि किंचि विसेसो, अट्ठारसियाओ णादव्वाओ । एवं पंचिंदियतिरिक्खपज्जत्त-जोणिणीसु ।

३०. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० पंचणा०-णवदंसणा०-सादासादा०-दोआयु०-दोगोद०-पंचंत० ओघं । मिच्छत्त उक्क०ट्ठिदिबं० सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णिय० । तं तु० । एवमेदाओ अण्णमण्णस्स । तं तु० । इत्थि० उक्क०ट्ठिदिबं० मिच्छ०-सोलसक०-भय-दुगुं० णिय० बं० । णिय०

तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून बाँधता है । चार जाति, वामन संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, कीलक संहनन, असम्प्राप्तासृप टिका संहनन, आतप, उद्योत, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इन प्रकृतियोंको नियमसे बाँधता है । जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है । पञ्चेन्द्रिय जाति, हुण्डसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क और दुःस्वर इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून बाँधता है । औदारिकशरीर और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है । इसी प्रकार औदारिक शरीर और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय करके सन्निकर्ष जानना चाहिए । शेष सन्निकर्ष मूलोघके समान है । किन्तु कुछ विशेषता है कि अठारह कोड़ाकोड़ी सागर प्रमाण स्थिति-बन्धवाली प्रकृतियाँ जाननी चाहिए । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च पर्याप्त और पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च योनिनी जीवोंके जानना चाहिए ।

३०. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, दो आयु, दो गोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति शोक, भय और जुगुप्सा इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक बाँधता है । इसी प्रकार इन प्रकृतियोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । जो उत्कृष्ट भी होता है और अनुत्कृष्ट भी होता है । किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यून तक होता है । स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे

अणु॰ संखेज्जदिभागूणं॰। हस्स-रदि-अरदि-सोग सिया बं॰ सिया अबं॰। यदि बं॰ णिय॰ अणु॰ संखेज्जदिभागू॰। एवं पुरिस॰। हस्स॰ उक्क॰ ट्ठिदिबं॰ मिच्छ॰-सोलसक॰-णवुंस॰-भय-दुगुं॰ णिय॰ बं॰। णि॰ अणु॰ संखेज्जदिभागू॰। रदि॰ णिय॰ बं॰। तं तु॰। एवं रदीए।

३१. तिरिक्खगदि॰ उक्क॰ट्ठि॰बं॰ एइंदि॰-ओरालि॰-तेजा॰-क॰-हुंडसं॰-वण्ण॰४-तिरिक्खाणु॰-अगु॰-उप॰-थावरादि॰४-अथिरादिपंच॰-णिमि॰ णि॰ बं॰। णि॰ तं तु॰। एवमेदाओ अण्णमण्णस्स। तं तु॰।

३२. मणुसग॰ उक्क॰ट्ठिदिबं॰ पंचिंदि॰-ओरालि॰-तेजा॰-क॰-हुंडसं॰-ओरालि॰अंगो॰-असंपत्त॰-वण्ण॰४-अगु॰-उप॰-तस-बादर-अपज्ज॰-पत्ते॰-अथिरादिपंच॰-णिमि॰ णिय॰ णिय॰ बं॰। अणु॰ संखेज्जदिभागू॰। मणुसाणु॰ णिय॰। तं तु॰। एवं मणुसाणु॰।

४५९. विभङ्गज्ञानी जीवोंमें तीन आयुओंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव कितने हैं। संख्यात हैं। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं ? शेष प्रकृतियों को उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव कितने हैं। असंख्यात हैं। आभिनिबोधिक ज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें मनुष्यायु और आहारक द्विकके दोनों ही पदवाले जीव संख्यात हैं। देवायु और तीर्थंकर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, वेदक सम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें आहारक द्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिके दोनों ही पदवाले जीव संख्यात हैं। संयतासंयत जीवोंमें देवायुकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव संख्यात हैं। अनुत्कृष्ट

असंखेज्जा। तित्थय० दो वि पदा संखेज्जा। सेसाणं उक्क० अणु०ट्ठि०बं० असंखेज्जा।

४६० तेउ-पम्मासु मणुसायु० देवोघं। देवायु० उ०ट्ठि०बं० संखेज्जा। अणु० असंखेज्जा। सेसाणं उ० अणु०ट्ठि०बं० के० ? असंखेज्जा। सुक्काए खइगे दोआयु०-आहार०२ दो पदा संखेज्जा। सेसाणं उक्क० अणु० असंखेज्जा। सासणे तिरिक्ख-देवायु० उक्क० संखेज्जा। अणु०ट्ठि०बं० असंखेज्जा। मणुसायु० दो वि पदा संखेज्जा। सेसाणं उक्क० अणु० असंखेज्जा। सम्मामिच्छा० सव्वाणं उक्क० अणु० असंखेज्जा। असण्णीसु णिरय-देवायु० उक्क० अणु० असंखेज्जा। तिरिक्खायु० उक्क० असंखेज्जा। अणु० अणंता। सेसाणं ओघं।

एवं उक्कस्सपरिमाणं समत्तं।

४६१ जहण्णए पगदं। दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-चदुदंसणा०-सादा०-चदुसंज०-पुरिस०-जस०-उच्चा०-पंचंत० जह०ट्ठि०बंधगा केत्तिया ? संखेज्जा। अज० केत्ति० ? अणंता०। तिण्णि आयु०-वेउव्वियछ० जह० अज० असंखेज्जा। आहार० २ उक्कस्सभंगो। तित्थय० ज०ट्ठि० संखेज्जा। अज० असंखेज्जा। तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० जह० असंखेज्जा। अज० अणंता। सेसाणं जह० अज०

स्थितिके बंधक जीव असंख्यात हैं। तीर्थङ्कर प्रकृतिके दोनों ही पदवाले जीव संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बंधक जीव असंख्यात है।

४६०. पीत और पद्म लेश्या में मनुष्यायुका भंग सामान्य देवोंके समान है। देवायुकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव संख्यात हैं। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव कितने हैं ? असंख्यात हैं। शुक्ल लेश्या और क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें दो आयु और आहारक द्विकके दोनों ही पदवाले जीव संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थिति के बन्धक जीव असंख्यात हैं। सासादन सम्यक्त्वमें तिर्यञ्चायु और देवायुकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव संख्यात हैं। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। मनुष्यायुके दोनों ही पदवाले जीव संख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। असंज्ञी जीवोंमें नरकायु और देवायुकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। तिर्यञ्चायुकी उत्कृष्ट स्थितिके बंधक जीव असंख्यात हैं। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव अनन्त हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघ के समान है।

इस प्रकार उत्कृष्ट परिमाण समाप्त हुआ।

४६१. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, साता वेदनीय, चार सञ्ज्वलन, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पांच अन्तरायकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव कितने हैं ? संख्यात हैं। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव कितने हैं ? अनन्त हैं। तीन आयु और वैक्रियिक छहकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। आहारक द्विकका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यात हैं। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्रकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव अनन्त है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव

अणंता । एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालि०-णवुंस०-कोधादि०४-अचक्खु०-भवसि०-आहारगे त्ति । णवरि ओरालि० तित्थय० उक्कस्सभंगो ।

४६२ णिरएसु उक्कस्सभंगो । तिरिक्खेसु तिण्णिआयु०-वेउव्वियछ०-तिरिक्खगदि ४ ओघं । सेसाणं जह० अज० अणंता । सव्वपंचिंदियतिरिक्खेसु सव्वपगदीणं जह० अज० असंखेज्जा । एवं पंचिंदिय०तिरिक्खभंगो सव्वअपज्जत्त--विगलिंदि० चदुण्णं कायाणं बादरवणप्फदिपत्ते० ।

४६३ मणुसेसु खविगाणं जह० संखेज्जा । अज० असंखेज्जा । दो आयु-वेउव्वियछ०--आहार०२-तित्थय० दो पदा संखेज्जा । सेसाणं दो वि पदा असंखेज्जा । मणुसपज्जत्त--मणुसिणीसु उक्कस्सभंगो ।

४६४ एइंदि० तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु-उज्जो०-णीचा० ओघं । सेसाणं जह० अज० अणंता । एवं सव्ववणप्फदि-णियोदाणं । णवरि तिरिक्खगदि०४ जह० अज० अणंता ।

४६५ पंचिंदिय-तस०२ खविगाणं तित्थय० जह० संखेज्जा । अज० असंखेज्जा । आहार०२ ओघं । सेसाणं जह० अज० असंखेज्जा ।

४६६ पंचमण-तिण्णिवचि० पंचणा०-णवदंसणा०--सादासाद०--चदुवीसमोह०-

अनन्त हैं । इसीप्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिककाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि औदारिक काययोगमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग उत्कृष्टके समान है ।

४६२. नारकियोंमें उत्कृष्टके समान भङ्ग है । तिर्यञ्चों में तीन आयु, वैक्रियिक छह, तिर्यञ्चगति चारका भंग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव अनन्त हैं । सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चके समान सब अपर्याप्त, विकलेन्द्रिय, चारकायवाले और बादर वनस्पितिकायिक प्रत्येक शरीर जीवोंके जानना चाहिए ।

४६३. मनुष्योंमें क्षपक प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यात हैं । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं । दो आयु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिके दो पदवाले जीव संख्यात हैं । तथा शेष प्रकृतियोंके दोनों ही पदवाले जीव असंख्यात हैं । मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है ।

४६४ एकेंद्रियोंमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्रका भङ्ग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बंधक जीव अनंत हैं । इसी प्रकार सब वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति चतुष्ककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बंधक जीव अनंत हैं ।

४६५ पंचेंद्रिय, पंचेंद्रियपर्याप्त, त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंमें क्षपक प्रकृतियों और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यात हैं । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं । आहारद्विकका भंग ओघके समान है । तथा शेष प्रकृतियों की जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं ।

४६६. पांच मनोयोगी और तीन वचनयोगी जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण,

देवगदि--पंचिंदिय०--वेउव्विय--तेजा०--क०--समचदु०-- वेउव्वि०अंगो०--वण्ण०४--देवाणु०--अगु०४--पसत्थ-०तस०४--थिराथिर-सुभासुभ-सुभग - सुस्सर - आदेज्ज-जस०-अजस०--णिमि०--तित्थय०--उच्चा०--पंचंत० जह० संखेज्जा । अज० असंखेज्जा । आहारदुगं ओघं। सेसाणं दो वि पदा असंखेज्जा। वचिजो०-असच्चमो०-इत्थि०-पुरिस० पंचिंदियभंगो । णवरि इत्थि० तित्थय० जह० अज०संखेज्जा ।

४६७ ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहार० तिरिक्खोघं । णवरि देवगदि०४-तित्थय० उक्कस्सभंगो । वेउव्वि०-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि०-अवगद०-मणपज्जव०-संजद-सामाइ०-छेदोव०-परिहार०-सुहुमसंप० उक्कस्सभंगो । मदि-सुद०-असंज०-तिण्णिले०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि० तिरिक्खोघं । णवरि असंजद० तित्थय० जह० संखेज्जा । अज० असंखेज्जा । किण्ण०-णील० तित्थय० जह० संखेज्जा। काऊए तित्थय० दो वि पदा असंखेज्जा ।

४६८. विभंगे पंचणा०-णवदंसणा०-सादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-देवगदि--पसत्थट्ठावीस-उच्चा०--पंचंत० जह० संखेज्जा। अज० असंखेज्जा । सेसाणं जह०

सातावेदनीय, असातावेदनीय, चौबीस मोहनीय, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आंगोपांग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थंकर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यात है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात है। आहारक द्विकका भंग ओघके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंके दोनों ही पदवाले जीव असंख्यात हैं। वचनयोगी, असत्यमृषावचनयोगी, स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवों मे भंग पञ्चेन्द्रियों के समान है। इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेदियोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यात है।

४६७ औदारिक मिश्रकाययोगी, कार्मण काययोगी और अनाहारक जीवोंका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि देवगति चतुष्क और तीर्थंकर प्रकृति का भंग उत्कृष्टके समान है। वैक्रियिक काययोगी, वैक्रियिक मिश्रकाययोगी, आहारक काययोगी, आहारक मिश्रकाययोगी, अपगतवेदी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत और सूक्ष्मसाम्पराय संयत जीवोंमे अपनी सब प्रकृतियोंका भंग उत्कृष्टके समान है। मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, तीन लेश्यावाले, अभव्य मिथ्यादृष्टि और असंज्ञी जीवों में अपनी सब प्रकृतियोंका भंग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि असंयतोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यात है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात है। कृष्ण और नील लेश्यामें तीर्थंकर प्रकृतिकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बंधक जीव संख्यात हैं। कापोत लेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिके दोनों ही पदवाले जीव असंख्यात हैं।

४६८. विभंगज्ञानी जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पांच नोकषाय, देवगति आदि प्रशस्त अट्ठाईस प्रकृतियाँ, उच्चगोत्र और पाच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यात हैं। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव

अज० असंखेज्जा। आभि-०सुद०-ओधि०-मणुसायु०-आहारदुगं उक्कस्सभंगो। मणुसगदिपंचगं देवायु० ज० अज० असंखेज्जा। सेसाणं ज० संखेज्जा। अज० [असंखेज्जा]। एवं ओधिदंस०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसम०। णवरि खइगे दो आयु० उवसमे यथासंखाए तित्थय० उक्कस्सभंगो। चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो।

४६९. तेऊए इत्थि०-णवुंस०-तिरिक्ख--देवायु--तिरिक्खगदि०४--मणुसगदिपंचग-एइंदि०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-आदाव०-अप्पसत्थ०-थावर-दूभग-दुस्सर-अणादे० ज० अज० असंखेज्जा। सेसाणं ज० संखेज्जा। अज० असंखेज्जा। मणुसायु-आहारदुगं दो वि पदा संखेज्जा। एवं पम्माए वि। णवरि एइंदियतिगं वज्ज। सुक्काए इत्थि०-णवुंस०-मणुसगदिपंचग-पंचसंठा०- पंचसंघ०- अप्पसत्थ०- दूभग - दुस्सर -- अणादे० णीचा० ज० अज० असंखेज्जा। दोआयु-आहारदुगं उक्कस्सभंगो। सेसाणं जह० संखेज्जा। अज० असंखेज्जा।

४७०. सासण०-सम्मामि० पसत्थाणं ज० अज० असंखेज्जा। मणुसायु० उक्कस्सभंगो। सण्णीसु खविगाणं देवगदि०४-तित्थय० जह० संखेज्जा। अज०

असंख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें मनुष्यायु और आहारकद्विकका भंग उत्कृष्टके समान है। मनुष्यगति पञ्चक और देवायुकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यात हैं और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदक सम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें दो आयु और उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें क्रमसे तीर्थंकर प्रकृतिका भंग उत्कृष्टके समान है। चक्षुदर्शनवाले जीवोंका भंग त्रस पर्याप्तकोंके समान है।

४६९. पीतलेश्यावाले जीवोंमें स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चायु, देवायु, तिर्यञ्चगति चतुष्क, मनुष्यगतिपंचक, एकेन्द्रिय जाति, पांच संस्थान, पांच संहनन, आतप, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यात हैं और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। मनुष्यायु और आहारकद्विकके दोनों ही पदवाले जीव संख्यात हैं। इसी पद्मलेश्यावाले जीवोंमें जानना चाहिए। इतनी विशेषता है एकेन्द्रियत्रिकको छोड़कर कहना चाहिए। शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, मनुष्यगतिपञ्चक, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्रकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। दो आयु और आहारकद्विकका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यात हैं और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं।

४७०. सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें प्रशस्त प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। मनुष्यायुका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। संज्ञी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियाँ, देवगति चार और तीर्थङ्कर प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यात हैं। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। शेष

असंखेज्जा । आहारदुगं ओघं। सेसाणं जह० अज० असंखेज्जा । एवं परिमाणं समत्तं ।

खेत्तपरूवणा

४७१. खेत्तं दुवि०—जह० उक्क० । उक्कस्सए पगदं । दुवि०—ओघे० आदे० । ओघेण तिण्णि आयुगाणं वेउव्वियछ०—आहारदुग-तित्थय० उक्क० अणु० ट्ठि० केवडि खेत्ते ? लोगस्स असंखेज्जदिभागे । सेसाणं उक्क० लोगस्स असंखेज्जदिभागे । अणु० सव्वलोगे। एवं ओघभंगो तिरिक्खोघो कायजोगि—ओरालि०—ओरालियमि०—कम्मइ०—णवुंस० — कोधादि०४—मदि०—सुद०—असंज० - अचक्खु०- तिण्णिले०—भवसि०—अब्भवसि०—मिच्छादि०—असण्णि०—आहार०—अणाहारग त्ति । णवरि किण्ण०—णील०—काउ० तित्थय० उक्क० अणुक्क० लोगस्स असंखेज्जदिभागे ।

४७२ एइंदिएसु पंचणा०—णवदंस०—सादासाद०—मोहणीय०२४—तिरिक्खगदि-एइंदि०—ओरालि०—तेजा०—क०—हुंडसं०—वण्ण०४-- तिरिक्खाणु०—अगु०४--थावर-सुहुम—पज्जत्तापज्जत्त-पत्ते०— साधार०—थिराथिर — सुभासुभ—दूभग--अणादे०—अज०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० अणु० सव्वलोगे। इत्थि०—पुरिस०—चदुजादि-पंचसंठा०—ओरालि०अंगो०—छस्संघ०—आदाउज्जो०—दोविहा०—तस—बादर— सुभग-सुस्सर—दुस्सर—आदेज्ज०—जस० उक्क० लोग० संखेज्ज० । अणु० सव्वलोगे । तिरिक्ख-

प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यात हैं। परिमाण समाप्त हुआ।

क्षेत्रप्ररूपणा

४७१. क्षेत्र दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्ट का प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे तीन आयु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थंकरकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका कितना क्षेत्र है ? लोकका असंख्यातवाँ भाग क्षेत्र है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। इस प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिक काययोगी, औदारिक मिश्र काययोगी, कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कृष्ण, नील और कापोत लेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है।

४७२. एकेन्द्रियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, चौबीस मोहनीय, तिर्यञ्च गति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, सुभग, सुस्वर, दुस्वर, आदेय और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक

मणुसायु०--मणुसगदि-मणुसाणु०--उच्चा० ओघं । बादरएइंदियपज्जत्तापज्जत्त० थावरपगदीणं उक्क० अणु० सव्वलो० । मणुसायु०--मणुसगदि--मणुसाणु०--उच्चा० उक्क० अणु० लोग० असंखेज्ज० । तिरिक्खायु० उक्क० लोग० असंखेज्ज० । अणु० लोग० संखेज्जदि० । सेसाणं उक्क० अणु० लोग० संखेज्जा० । सुहुमएइंदिय-पज्जत्ता-पज्जत्त० तिरिक्ख-मणुसायु ओघं । सेसाणं सव्वपगदीणं उक्क० अणु० सव्वलोगे । एवं सव्वसुहुमाणं ।

४७३ पुढवि०--आउ०--तेउ०--वाउ० सव्वाणं ओघं । बादरपुढविका०--आउ०--तेउ०--वाउ०--बादरवणप्फदिपत्ते० थावरपगदीणं उक्क० लो० असंखेज्ज० । अणु० सव्वलो० । तिरिक्खायु०--तसपगदीणं उक्क० अणु० लो० असंखेज्ज० । बादरपुढवि-०आउ०--तेउ-वाउ०--बादरवणप्फदिपत्ते०पज्जत्ता० विगलिंदियभंगो । बादरपुढवि०--आउ०--तेउ०--वाउ०--बादरवणप्फदिपत्ते०अपज्जत्ता० थावरपगदीणं उक्क० अणु० सव्वलो० । मणुसायु० ओघं । तिरिक्खायु० तसपगदीणं च उक्क० अणु० लो० असंखेज्ज० । णवरि बादरवाऊणं आयु० अणु० लो०

जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भंग ओघके समान है । बादर एकेन्द्रिय और इनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । तिर्यञ्चायुकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यात बहुभाग प्रमाण है । सूक्ष्म एकेन्द्रिय और इनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायु का भङ्ग ओघके समान है । तथा शेष सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिसे बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । इसी प्रकार सब सूक्ष्म जीवोंके जानना चाहिए ।

४७३. पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, और वायुकायिक जीवोंमें सब प्रकृतियों का भङ्ग ओघके समान है । बादर पृथ्वीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक, बादर वायुकायिक और बादर वनस्पितिकायिक प्रत्येक शरीर जीवों में स्थावर प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवों का क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवों का क्षेत्र सब लोक है । तिर्यञ्चायु और त्रसप्रकृतियों की उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । बादर पृथ्वीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर पर्याप्त जीवोंका भङ्ग विकलेन्द्रिय जीवोंके समान है । बादर पृथ्वीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त, बादर वायुकायिक अपर्याप्त, और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर अपर्याप्त जीवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है । तिर्यञ्चायु और त्रस प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोक के असंख्यातवें भाग प्रमाण है । इतनी विशेषता है कि बादर वायु-

संखेज्ज० । सेसाणं यम्हि लोगस्स असंखेज्ज० तम्हि लोगस्स संखेज्ज० कादव्वो । वणप्फदि-णियोद० थावरपगदीणं उक्क० अणु० सव्वलो० । मणुसायु० ओघो । तिरिक्खायु०-तसपगदीणं लोग० असंखेज्ज० । अणु० सव्वलोगे । बादरवणप्फदि-णियोद० पज्जत्तापज्जत्तगाणं च बादरपुढवि०अपज्जत्तभंगो । सेसाणं णिरयादि याव सण्णि त्ति संखेज्जासंखेज्जरासीणं उक्क० अणु० लोग० असंखेज्जदिभागे ।

एवं उक्कस्सं समत्तं

४७४ जहण्णए पगदं । दुवि०--ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०--चदुदंसणा०--सादा०--चदुसंज०-पुरिस०-मणुसगदि-मणुसाणु०--जस०--उच्चा०--पंचंत० जह० लो० असंखेज्ज० । अज० सव्वलोगे । तिण्णिआयु०--वेउव्वियछ०--आहारदुग--तित्थय० जह० अज० उक्कस्सभंगो । तिरिक्खायु०--सुहुमणाम० ज० अज० सव्वलो० । सेसाणं ज० लो० संखेज्ज० । अज० सव्वलो० । एवं ओघभंगो कायजोगि--ओरालि०--णवुंस० कोधादि०४--अचक्खु०--भवसि०--आहारग त्ति ।

४७५ तिरिक्खेसु वेउव्वियछ०--तिण्णिआयु०--मणुस०-मणुसाणु०--उच्चा० ओघं । तिरिक्खायु०--सुहुमणामाणं जह० अज० सव्वलो० । सेसाणं ओघं । एवं एइंदि०--

कायिक जीवों में आयुकी अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण है । शेष प्रकृतियोंके बन्धक जीवोंका जहाँ लोकका असंख्यातवां भाग क्षेत्र कहा है वहाँ वह लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण जानना चाहिए । वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । मनुष्यायुका भंग ओघके समान है । तिर्यञ्चायु और त्रस प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवों क्षेत्र सब लोक है । बादर वनस्पतिकायिक और निगोद जीव तथा इनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंका भंग बादर पृथ्वीकायिक अपर्याप्त जीवोंके समान है । शेष नरकगतिसे लेकर संज्ञी मार्गणा तक संख्यात और असंख्यात राशिवाले जीवोंमें उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट क्षेत्र समाप्त हुआ ।

४७४. जघन्यका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार सञ्ज्वलन, पुरुषवेद, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । तीन आयु, वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र उत्कृष्टके समान है । तिर्यञ्चायु और सूक्ष्म इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भागका प्रमाण है और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदरिक काययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

४७५. तिर्यञ्चोंमें वैक्रियिक छह, तीन आयु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग ओघके समान है । तिर्यञ्चायु और सूक्ष्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बंधक जीवोंका क्षेत्र सब

बादरएइंदि०-पज्जत्तापज्जत्त० । थावरपगदीणं च एवं चेव । तिरिक्खायु०-तसपगदीणं च ज० अज० लोग० संखेज्ज० । मणुसायु-मणुसगदिदुग० दो पदा लोग० असंखेज्ज० । सव्वसुहुमाणं मणुसायु० ओघं । सेसाणं सव्वपगदीणं ज० अज० सव्वलो० ।

४७६ पुढवि०--आउ०-तेउ०--वाउ० तिरिक्ख-मणुसायु० ओघं ।सेसाणं ज० लो० असं० । अज० सव्वलो० । बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० थावरपगदीणं ज० लो० असंखे० । अज० सव्वलो० । सेसाणं ज० अज० लोग० असंखे० । बादरपुढवि०--आउ०--तेउ०--वाउ०पज्जत्त० विगलिंदियभंगो । बादरपुढवि०--आउ०--तेउ०--वाउ०-अपज्जत्त० थावरपगदीणं जह० लोग० असंखे० । अज० सव्वलो० । दोआयु०-तसपगदीणं जह० अज० लोग० असंखे० । सुहुमं दो वि सव्वलोगे । णवरि वाऊणं सव्वत्थ जह० लो० असंखे० तम्हि लोगस्स संखेज्जदिभागं कादव्वं । वणप्फदि-णियोदाणं दोआयु०--सुहुमणाम० ओघं । सेसाणं ज० लो० असंखेज्ज० । अज०

लोक है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । इसीप्रकार एकेन्द्रिय, बादर एकेन्द्रिय और इनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए । स्थावर प्रकृतियोंका क्षेत्र इसी प्रकार है । तिर्यञ्चायु और त्रस प्रकृतियों की जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके संख्यातवें भाग प्रमाण है । मनुष्यायु और मनुष्यगतिद्विक इनके दोनों ही पदोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । सब सूक्ष्म जीवोंके मनुष्यायुका भंग ओघके समान है । शेष सब प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है ।

४७६. पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायु का भंग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है और अजघन्य स्थिति के बन्धक जीवों का क्षेत्र सब लोक है । बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक और बादरवायुकायिक जीवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी जघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। बादर पृथ्वीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त और बादर वायुकायिक पर्याप्त जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग विकलेन्द्रियोंके समान है । बादर पृथ्वीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त और बादर वायुकायिक अपर्याप्त जीवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । दो आयु और त्रस प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । सूक्ष्मके दोनों ही पदवाले जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । इतनी विशेषता है कि वायुकायिक जीवोंके सर्वत्र जहाँ लोकका असंख्यातवां भाग क्षेत्र कहा है वहाँ लोकका संख्यातवां भाग क्षेत्र करना चाहिए । वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें दो आयु और सूक्ष्मनामकी अपेक्षा क्षेत्र ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है और अजघन्य स्थितिके बन्धक

सव्वलो० । बादरवणप्फदि-णियोदाणं पज्जत्तापज्जत्ता० थावरपगदीणं ज० लो० असंखेज्ज० । अज० सव्वलो० । सेसाणं पगदीणं ज० अज० लोग० असंखेज्ज० । सुहुम० दो वि पदा सव्वलो० । बादरवणप्फदिपत्ते० बादरपुढविभंगो ।

४७७. ओरालियमि० तिरिक्ख-मणुसायु-मणुसगदि-मणुसाणु-देवगदि०४-तित्थ-य०--उच्चा० ओघं । सेसाणं तिरिक्खोघं । एवं कम्मइ०--अणाहारग त्ति । मदि०-सुद०--असंजतिण्णि०--अब्भवसि०--मिच्छादि०--असण्णि० तिरिक्खोघं । सेसाणं णिरयादि याव सण्णि० संखेज्जासंखेज्जरासीणं जह० अज० लो० असंखेज्ज० । एवं खेत्तं समत्तं

फोसणपरूवणा

४७८. फोसणं दुवि०--जह० उक्क० । उक्कस्सए पयदं । दुवि०--ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा--णवदंसणा-असादावे०-मिच्छ०--सोलसक०--णवुंस०--अरदि--सोग- भय-दुगुं०-तिरिक्खग०-ओरालि०--तेजा०--क०--हुंड०--वण्ण०४--तिरिक्खाणु०--अगु० ४--उज्जो०--बादर--पज्जत्त--पत्ते०--अथिर--असुभ-दूभग--दुस्सर--अणादे०--जस०--अजस०--णिमि०--णीचा०--पंचंत० उक्कस्सट्ठिदिबंधगेहि केवडियं खेत्तं फोसिदं ? लोगस्स असंखेज्ज० अट्ठ--तेरसचोद्दसभागा वा देसूणा । अणु० सव्वलो० । सादा०-हस्स

जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । बादर वनस्पतिकायिक और निगोद तथा इनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र सब लोक है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण है । सूक्ष्मके दोनों ही पदोंका क्षेत्र सब लोक है । बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर जीवोंका भङ्ग बादर पृथिवीकायिक जीवोंके समान है ।

४७७. औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, देवगति चतुष्क, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्र इनका भङ्ग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । इसी प्रकार कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए । मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, तीन लेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और असंज्ञी जीवोंके अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । शेष नरक गतिसे लेकर संज्ञीतक संख्यात और असंख्यात राशिवाली सब मार्गणाओंमें जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका क्षेत्र लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । इस प्रकार क्षेत्र समाप्त हुआ ।

स्पर्शन प्ररूपणा

४७८. स्पर्शन दो प्रकारका है--जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है--ओघ और आदेश । ओघसे पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, उद्योत, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर, अशुभ, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है ? लोकके असंख्यातवें भाग, कुछ कम आठबटे चौदहराजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब

रदि-थिर-सुभ० उक्क० लो० असंखेज्जदिभागो अट्ठ-चोद्दसभागा वा देसूणा। अणु० सव्वलो०। सादा०-हस्स-रदि-थिर-सुभ० उक्क० लो० असंखेज्जदिभागो अट्ठ-चोद्दसभागा वा देसूणा सव्वलोगो वा। अणु० सव्वलो०। इत्थि०-पुरिस०-पंचिंदि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर०-आदे० उक्क० लोगस्स असंखे० अट्ठ-बारह०। अणु० सव्वलो०। णिरय-देवायु०-आहारदुगं खेत्तभंगो। एवं सव्वत्थ। तिरिक्खायु-तिण्णिजादि० उक्क० खेत्त०। अणुक्क० सव्वलो०। मणुसायु० उक्क० खेत्त०। अणु० अट्ठचोद्दस० सव्वलोगो। णिरयग०-णिरयाणु० उक्क० अणु० लोगस्स असंखे० छच्चोद्दस०। मणुसग०-मणुसाणु०-आदाव०-उच्चा० उक्क० लोगस्स असंखे० अट्ठचोद्दस०। अणु० सव्वलो०। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० उक्क० लो० असंखे० छच्चोद्दस०। अणु० बारहचोद्दस०। देवग०-देवाणु० उक्क० लो० असंखे० अथवा दिवड्ढचोद्दस०। अणु० छच्चोद्दस०। एइंदि०-थावर० उक्क० अट्ठ-णवचोद्दस०। अणु० सव्वलो०। सुहुम-अपज्जत्त-

लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, और शुभ प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर और शुभकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग, कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, पञ्चेन्द्रिय जाति, पांच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेय इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग, कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु, देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है। इसी प्रकार इन तीन प्रकृतियोंके आश्रयसे सर्वत्र स्पर्शन जानना चाहिए। तिर्यञ्चायु और तीन जातिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक है। मनुष्यायुकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और कुछ कम आठबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगति और देवगत्यानुपूर्वीकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण अथवा कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजु क्षेत्र का स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। एकेन्द्रिय जाति और स्थावर इनकी उत्कृष्ट स्थिति के बन्धक जीवोंने ने कुछ कम आठबटे चौदह राजु और कुछ कम नौ

साधारण० उक्क० लो० असंखे० सव्वलो० । अणु० सव्वलो० । तित्थय० उक्क० खेत्तभंगो । अणु० अट्ठचोद्दस० ।

४७६. आदेसेण णेरइएसु दोआयु-मणुसग०-मणुसाणु०-तित्थय०-उच्चा० उक्क० अणु० खेत्तं । सेसं उक्क० अणु० छच्चोद्दस० । पढमाए पुढवीए खेत्तभंगो । विदियादि याव सत्तम त्ति दोआयु-मणुसगदिदुग-तित्थय०-उच्चा० उक्क० अणु० खेत्तभंगो । सेसाणं उक्क० बे-तिण्णि-चत्तारि-पंच-छच्चोद्दस० ।

४८० तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंस०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-पंचिंदि-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० छच्चोद्दस० । अणु० सव्वलो० । सादा०-हस्स-रदि-तिरिक्खगदि -- एइंदि०-- ओरालि०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४-थिर-सुभ० उक्क० लो० असं० सव्वलो० । अणु० सव्वलो० । इत्थि०-तिरिक्खायु०-मणुसगदि--तिण्णिजादि-चदुसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-आदाव० खेत्तभंगो ।

बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थिति के बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोक के असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

४७६. आदेशसे नारकियों में दो आयु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्र इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्र के समान है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पहिली में सब प्रकृतियोंके स्पर्शनका भङ्ग क्षेत्रके समान है। दूसरी पृथ्वीसे लेकर सातवीं तक दो आयु, मनुष्यगतिद्विक, तीर्थङ्कर और उच्च गोत्रकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने क्रमसे कुछ कम एक बटे चौदह राजु, कुछ कम दो बटे चौदह राजु, कुछ कम तीन बटे चौदह राजु कुछ कम चार बटे चौदह राजु और कुछ कम पांच बटे चौकह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

४८०. तिर्यञ्चों में पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व सोलह कषाय, नपुंसक वेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय हास्य, रति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार, स्थिर और शुभ इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवेंभाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, तीन जाति, चार संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह

पुरिस०–समचदु०–पसत्थवि०–सुभग–सुस्सर–आदे०–उच्चा० उक्क० दिवड्ढचोद्दस० । अणु० सव्वलो० । वेउव्वियछ० ओघं । उज्जो०-जसगि० उक्क० सत्त-चोद्दस० । अणु० सव्वलो० । मणुसायु० ओघं । णवरि वज्जे णत्थि ।

४८१ पंचिंदियतिरिक्खतिण्णि० पंचणा०–णवदंसणा०–मिच्छ–असादा० सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०–तेजा०–क०–हुंड०–वण्ण०४-अगु०४ पज्जत्त-पत्ते०–अथिरादिपंच–णिमि०–णीचा०–पंचंत० उक्क० लो० असंखे० छच्चोद्दस० । अणु० सव्वलो० । सादावे०–हस्स–रदि–तिरिक्खगदि–एइंदि०–ओरालि०–तिरिक्खाणु०–थावरादि०४--थिर–सुभ० उक्क० अणु० लोग० असंखे० सव्वलो० । इत्थि० उक्क० खेत्तं । अणु० दिवड्ढचोद्दस० । पुरिस०–देवगदि–समचदु०–देवाणु०–पसत्थ–सुभग–सुस्सर–आदे०–उच्चा० उक्क० खेत्तभंगो । किं णिमित्तं भवणवासीए उप्पज्जदि सोधम्मीसाणे ण उपज्जदि त्ति उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो तेण खेत्तं, इदरत्थ दिवड्ढ-चोद्दस० । अणु० छच्चोद्दस० । णिरयग०–णिरयाणु० उक्क० अणु० छच्चोद्दस० । पंचिंदि०–वेउव्वि०–वेउव्वि०अंगो०–तस० उक्क० छच्चोद्दस० । अणु० बारह० ।

संहनन और आतप इनकी मुख्यतासे स्पर्शन क्षेत्रके समान है । पुरुषवेद, समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजु क्षेत्र का स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । वैक्रियिक छहकी मुख्यतासे स्पर्शन ओघके समान है । उद्योत और यशःकीर्तिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

४८१. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिक में पाँच ज्ञानावरण, नौदर्शनावरण, मिथ्यात्व, असाता वेदनीय, सोलहकषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, अस्थिर आदि पांच, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवों ने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सातावेदनीय, हास्य, रति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार, स्थिर और शुभ इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । पुरुषवेद, देवगति, समचतुरस्र-संस्थान, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । क्योंकि यह जीव भवनवासियोंमें उत्पन्न होता है सौधर्म और ऐशान कल्पमें नहीं उत्पन्न होता, इसलिए उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवका स्पर्शन क्षेत्रके समान कहा है । अन्यत्र कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजु स्पर्शन है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । नरकगति और नरगत्यानुपूर्वीकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिक आंगोपांग और त्रस इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनु-

अप्पसत्थ०-दुस्सरं णिरयगदिभंगो। उज्जो०-जस० उक्क० अणु० सत्तचोद्दस०। बादर० उक्क० छच्चोद्दस०। अणु० तेरहचोद्दस०। सेसाणं उक्क० अणु० खेत्तभंगो।

४८२. पंचिंदियतिरिक्खअपज्ज० पंचणा०-णवदंसणा०-सादासाद०-मिच्छ०-सोलसक० -णवुंस०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-थावर-सुहुम-पज्जत्तापज्जत्त-पत्ते० साधार०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अणादे०-अजस०-णिमि०-णीचा-पंचंत० उक्क० अणु० लो० असंखे० सव्वलो०। उज्जो०-बादर-जसगि० उक्क० अणु० सत्तचोद्दस०। सेसाणं उक्क० अणु० लो० असंखे०। एवं मणुसअपज्जत्त-सव्वविगलिंदि०-पंचिंदि०-तसअपज्जत्त। बादर-बादरपुढवि०-आउ० तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेय०पज्जत्ता०।

४८३ मणुस-मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण० ४-अगु० ४

त्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अप्रशस्त-विहायोगति और दुःस्वर इनकी मुख्यतासे स्पर्शन नरकगतिके समान है। उद्योत और यशःकीर्तिकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थिति के बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

४८२. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें पांच ज्ञानवरण, नौ दर्शनावरण, सात वेदनीय, असता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, स्थावर, सूक्ष्म, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अशयःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवेंभाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थिति के बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवेंभाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार मनुष्य अपर्याप्त, सब विकलेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त, त्रस अपर्याप्त, बादर पृथ्वी- कायिक पर्याप्त बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादरवनस्पति कायिक प्रत्येक शरीर पर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए।

४८३. मनुष्य, मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनी जीवों में पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, अस्थिर आदि

पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० खेत्तं। अणु० लो० असंखे० सव्वलो०। सादा०-हस्स-रदि-तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४-थिर-सुभ० उक्क० अणु० लो० असंखेज्जदि० सव्वलो०। उज्जो०-जसगि० उक्क० अणु० लोग० असंखे० सत्तचो०। बादर० उक्क० खेत्तं। अणु० सत्तचो०। सेसाणं खेत्तं।

४८४ देवेसु इत्थि०-पुरिस०-दोआयु०-मणुसग०-पंचिंदि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघड०-मणुसाणु०-अदाव-दोविहा०-तस-सुभग-दुस्सर-आदेज्ज०-तित्थय०-उच्चा० उक्क० अणु० अट्ठचोद्दस०। सेसाणं उक्क० अणु० अट्ठ-णवचोद्दस०। एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो फोसणं कादव्वं।

४८५. एइंदिएसु थावरपगदीणं उक्क० अणु० सव्वलो०। दोआयु० तिरिक्खोघं। उज्जो० बादर०-जस० उक्क० सत्तचोद्दस०। अणु० सव्वलो०। सेसाणं पगदीणं उक्क० खेत्तं। अणु० सव्वलो०। बादरएइंदि०पज्जत्तापज्जत्त० थावरपगदीणं उक्क०

पांच, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट स्थिति के बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्र के समान है और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। साता वेदनीय, हास्य, रति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार, स्थिर और शुभ इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थिति के बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें-भाग प्रमाण और कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंकी मुख्यतासे स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

४८४. देवोंमें स्त्रीवेद, पुरुषवेद, दो आयु, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, पांच संस्थान, औदारिक आंगोपांग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दुःस्वर, आदेय, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्र इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछकम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब देवोंके अपना-अपना स्पर्शन करना चाहिए।

४८५. एकेन्द्रियोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयुओंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। उद्योत, बादर और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर एकेन्द्रिय और इनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातबटे

अणु० सत्तचो० । मणुसायु०-मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० अणु० लोग० असंखेज्ज० ।

४८६ पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० थावरपगदीणं उक्क० लोग० असंखेज्ज० सव्वलो० । अणु० सव्वलो० । तिरिक्ख-मणुसायु० तिरिक्खोघं । उज्जो०-बादर०-जस० उक्क० सत्तचो० । अणु० सव्वलो० । तसपगदीणं आदाव उक्क लोग० असंखेज्ज० । अणु० सव्वलो० ।

४८७. बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-थावरपगदीणं उक्क० लोग० असंखेज्ज० सव्वलो० । अणु० सव्वलो० । दोआयु० खेत्तभंगो । उज्जो०-बादर०-जस० उक्क० अणु० लोग० असंखेज्ज० सत्तचोद्दस । सेसाणं उक्क० अणु० लोग० असंखेज्ज० ।

४८८. बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० अपज्जत्ताणं थावरपगदीणं उक्क० अणु० सव्वलो० । उज्जो०-बादर०-जसगि० उक्क० अणु० सत्तचोद्दस० । सेसाणं उक्क० अणु० लोग० असंखे० । णवरि वाऊणं यम्हि लोगस्स असंखेज्ज० तम्हि लोगस्स संखेज्ज० कादव्वो ।

चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवेंभाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

४८६. पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । उद्योत, बादर और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सातवटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । त्रसप्रकृतियाँ और आतप इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

४८७. बादर पृथ्वीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक जीवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । दो आयुका भङ्ग क्षेत्रके समान है । उद्योत, बादर और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवेंभाग प्रमाण और कुछ कम सातवटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

४८८. बादर पृथ्वीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त और बादर वायुकायिक अपर्याप्त जीवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । उद्योत, बादर और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि जहाँ पर लोकका असंख्यातवां भाग प्रमाण स्पर्शन कहा है वहाँ पर वायुकायिक जीवोंके लोकके संख्यातवाँभाग प्रमाण स्पर्शन कहना चाहिए ।

४८९. सव्वसुहुमाणं सव्वपगदीणं उक्क० अणु० खेत्तं। णवरि तिरिक्खायु० उक्क० लोग० असंखे० सव्वलो०। अणु० सव्वलो०। मणुसायु० उक्क० अणु० लोग० असंखेज० सव्वलो०। वणप्फदि-णियोदाणं एइंदियभंगो। णवरि तसपगदीणं लोग० असंखे० कादव्वो। उज्जो०-बादर०-जसगि० उक्क० सत्तचोद्दस०। अणु० सव्वलो०। बादरवणप्फदि-णियोदाणं पज्जत्तापज्जत्त० बादरपुढविअपज्जत्तभंगो। बादरवणप्फदिपत्ते० बादरपुढविभंगो।

४९०. पंचिंदिय-तस०२ पंचणा०-णवदंसणा०-असादावे०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खग०-ओरालि०-तेज०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० अट्ठ-तेरहचो०। अणु० अट्ठचोद्दस० सव्वलो०। सादावे०-हस्स-रदि-थिर-सुभ० उक्क० अणु० अट्ठचो० सव्वलो०। इत्थि०-पुरिस०-पंचिंदि०-ओरालि०-अंगो०-पंचसंठा०-छस्संघ०-दोविहा०-तस-सुभग-सुस्सर-आदे० उक्क० अणु० अट्ठ-

४८९. सब सूक्ष्म जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सबलोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वनस्पति कायिक और निगोद जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि त्रस प्रकृतियोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण करना चाहिए। उद्योत, बादर और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादर वनस्पतिकायिक, बादर निगोद और इनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग बादर पृथ्वीकायिक अपर्याप्त जीवोंके समान है। बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग बादर पृथ्वीकायिक जीवोंके समान है।

४९०. पञ्चेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त, त्रस और त्रस पर्याप्त जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पांच, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, और शुभ प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, पांच संस्थान, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, सुस्वर और आदेय इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम

बारह० । णिरय-देवायु०-तिण्णिजादि०-आहारदुगं उक्क० अणु० खेत्तं । तिरिक्ख-मणुसायु०-तित्थय० उक्क० खेत्तं । अणु० अट्ठ चोद्दस० । णिरयगदि-णिरयाणुपु० उक्क० अणु० छच्चोद्दस० । देवगदि-देवाणु० उक्क० अणु० ओघं । मणुसग०-मणुसाणु०-आदाव०-उच्चा० उक्क० अणु० अट्ठ चोद्दस० । एइंदि०-थावर० उक्क० अट्ठ-णवचो० । अणु० अट्ठ चो० सव्वलो० । वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० उक्क० छच्चोद्दस० । अणु० बारहचो० । उज्जो०-बादर०-जसगि० उक्क० अणु० अट्ठ-तेरह० । सुहुम-अपज्जत्त-साधार० उक्क० अणु० लोग०असंखे० सव्वलो० । एवं पंचमण०-पंचवचि०-चक्खुदंसणि त्ति ।

४९१. कायजोगि० ओघं । ओरालिय० तिरिक्खोघं । णवरि आहारदुग-तित्थय० मणुसभंगो । ओरालियमि० दोआयु०-सुहुमपगदीणं सत्थाणं उक्क० लो० असंखेज्ज० सव्वलो० । अणु० सव्वलो० । णवरि मणुसायु० अणु० लो० असंखेज्ज०

बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । नरकायु, देवायु, तीन जाति और आहारक द्विक इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । तिर्यञ्चायु, मनुष्यायु और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । देवगति और देवगत्यानुपूर्वीकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन ओघके समान है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्र इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । एकेन्द्रिय और स्थावर इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिकआंगोपांग इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । उद्योत, बादर और यशःकीर्तिकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इसी प्रकार पांच मनोयोगी, पांच वचनयोगी और चक्षुदर्शनी जीवोंके जानना चाहिए ।

४९१. काययोगी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भंग ओघके समान है । औदारिक काययोगी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है । इतनी विशेषता है कि आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्योंके समान है । औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें दो आयु और सूक्ष्म प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि मनुष्यायुकी अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके

सव्वलो० । अथवा सरीरपज्जत्तीए पज्जत्ती पज्जत्तगदस्स खेत्तभंगो । उज्जो०-बादर०-जसगि० उक्क० सत्तचो० । अणु० सव्वलो० । अण्णत्थ खेत्तं । देवगदि०४ तित्थय० उक्क० अणु० खेत्तं । सेसाणं उभयथा उक्क० लो० असंखेज्ज० । अणु० सव्वलो० ।

४९२. वेउव्वियका० पंचणा०-णवदंसणा०-सादासाद०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्खगदि-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-उज्जो०-बादर-पज्जत्त-पत्तेय-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अणादे०-जस०-अजस०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० अणु० अट्ठ०-तेरह० । इत्थि०-पुरिस०-पंचिंदि०-पंचसंठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर०-आदे० उक्क० अणु० अट्ठ-बारह० । दोआयु०-मणुसगदि-एइंदि०-मणुसाणु०-आदाव-थावर-तित्थय०-उच्चा० देवोघं । वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि० खेत्तभंगो ।

४९३. कम्मइग० पंचणा०-णवदंसणा०-सादासाद०-मिच्छ०-सोलसक०-णवणोक०-तिरिक्खगदि-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-कम्म०-छस्संठा०-ओरालि०-

असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अथवा शरीर पर्याप्तिसे पर्याप्त हुए जीवोंकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान है। उद्योत, बादर और यशःकीर्तिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अन्यत्र स्पर्शन क्षेत्रके समान है। देवगतिचतुष्क और तीर्थङ्कर इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंकी दोनों प्रकारसे उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

४९२. वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी अगुरुलघु चतुष्क, उद्योत, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेय इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, मनुष्यगति, एकेंद्रिय जाति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, स्थावर, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्र इनका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियों की मुख्यतासे स्पर्शन क्षेत्रके समान है।

४९३. कार्मणकाययोगी जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, वर्णचतुष्क,

अंगो०-छस्संघ०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-उज्जो०-दोविहा०-तस०४-थिरादिछयुग०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० बारहचो०। अणु० सव्वलो०। मणुसगदि-तिण्णिजादि-मणुसाणु० उक्क० अणु० खेत्तं। सुहुम-अपज्जत्त-साधार० उक्क० लो० असंखे०। अणु० सव्वलो०। देवगदि०४-तित्थय० उक्क० अणु० खेत्तं। एइंदि०-आदाव-थावर० उक्क० दिवड्डचोद्दस०। अणु० सव्वलो०।

४९४. इत्थिवे० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगुरु०-पज्जत्त-पत्तेग०-अथिरादिपंच-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० अट्ठ-तेरहचो०। अणु० अट्ठचो० सव्वलो०। सादा०-हस्स-रदि-थिर-सुभ० उक्क० अणु० अट्ठचोद्दस० सव्वलो०। इत्थिवे०-पुरिस०-मणुसग०-पंचसठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-मणुसाणु०-आदाव०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० उक्क० अणु० अट्ठचोद्दस०। णिरय-देवायु०-तिण्णिजादि-आहार०२-तित्थय० उक्क० अणु० खेत्तभंगो। तिरिक्ख-मणुसायु० उक्क० खेत्तं। अणु० अट्ठचोद्दस०।

तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, उद्योत, दो विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह युगल, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगति, तीन जाति और मनुष्यगत्यानुपूर्वी इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। एकेन्द्रिय जाति, आतप और स्थावर इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

४९४ स्त्रीवेदवाले जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पांच, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। साता वेदनीय, हास्य, रति, स्थिर और शुभ इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, मनुष्यगति, पांच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्र इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु, देवायु, तीन जाति, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिक छहकी मुख्यतासे स्पर्शन ओघके समान है। तिर्यञ्चगति,

वेउव्वियछ० ओघं । तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तिरिक्खाणु०-थावर ० उक्क० अट्ठ-णवचो० । अणु० अट्ठचो० सव्वलो० । पंचिंदि०-अप्पसत्थ०-तस-दुस्सर० उक्क० छच्चोद्दस० । अणु० अट्ठ-बारह० । उज्जो०-जस० उक्क० अणु० अट्ठ-णवचोद्दस० । बादर० उक्क० अणु० अट्ठ-तेरहचोद्दस । सुहुम-अपज्जत्त-साधारण० उक्क० अणु० लोग० असंखे० सव्वलो० । पुरिसेसु इत्थिभंगो । णवरि पंचिंदि०-अप्पसत्थ०-तस-दुस्सर० उक्क० अणु० अट्ठ-बारहचोद्दस० । तित्थय० ओघं ।

४९५. णवुंस० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छत्त-सोलसक०-इत्थि०-पुरिस०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-छसंठा०-ओरालि०अंगो०-छसंघ०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-दोविहा०-उज्जो०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-दूभग-सुस्सर-दुस्सर-आदे०-अणादे०-अजस०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० छच्चोद्दस० । अणु० सव्वलो० । सादावे०-हस्स-रदि-एइंदि०-थावरादि४-थिर-सुभ० उक्क० लो० असंखे० सव्वलो० । अणु० सव्वलो० ।

एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और स्थावर इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अनुकृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । पञ्चेन्द्रिय जाति, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस और दुःस्वर इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । उद्योत और यशःकीर्तिकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । बादर प्रकृतिकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । पुरुषवेदी जीवोंमें स्त्रीवेदी जीवोंके समान भंग है । इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय जाति, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस और दुस्वर इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तीर्थङ्कर प्रकृतिका भंग ओघके समान है ।

४९५. नपुंसकवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, स्त्रीवेद, पुरुषवेद, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, दो विहायोगति, उद्योत, त्रस चतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, दुर्भग, सुस्वर, दुःस्वर, आदेय, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । सातावेदनीय, हास्य, रति, एकेन्द्रियजाति, स्थावर आदि चार, स्थिर और शुभ इनकी उत्कृष्ट स्थितिके

दोआयु०-आहारदुग-तित्थय० उक्क० अणु० खेत्तभंगो। तिरिक्खायु-मणुसगदि-तिण्णि-जादि-मणुसाणु०-आदाव-उच्चागो० उक्क० लो० असंखेज्जदि०। अणु० सव्वलो०। मणुसायु० उक्क० खे०। अणु० लो० असंखे० सव्वलो०। वेउव्वियछ० ओघो। उज्जो०-जस० उक्क० तेरहचोद्दस०। अणुक्क० सव्वलो०। अवगदवेदे खे०भंगो कोधादि०४ ओघं।

४९६. मदि०-सुद० ओघं। णवरि देवगदि-देवाणु० उक्क० खे०। अणु० पंच-चोद्द०। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० उक्क० छच्चोद्दस०। अणु० एक्कारसचोद्दस०। विभंगे पंचणा०-णवदंसणा०-असादावे०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०४-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० अट्ठ-तेरह०। अणु० अट्ठ-तेरह० सव्वलो०। सादावे०-हस्स-रदि-थिर-सुभ० उक्क० अणु० अट्ठचो० सव्वलो०। इत्थि०-पुरिस०-पंचिंदि०-पंचसंठा०-ओरालि०-

बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। दो आयु, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तिर्यञ्च आयु, मनुष्यगति, तीन जाति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्र इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिक छहकी अपेक्षा स्पर्शन ओघके समान है। उद्योत और यशःकीर्तिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अपगतवेदी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंकी अपेक्षा स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा क्रोधादि चार कषायवाले जीवोंमें ओघके समान है।

४९६. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि देवगति और देवगत्यानुपूर्वीकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। विभंगज्ञानी जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता-वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पांच नोकषाय, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु, कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर और शुभ इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद,

अंगो०–छस्संघ०–दोविहा०–तस-सुभग-दोसर-आदे० उक्क० अणु० अट्ठ-बारहचोद्दस० । णिरय-देवायु०–तिण्णिजादि० उक्क० अणु० खेत्तभंगो । तिरिक्ख-मणुसायु० उक्क० खेत्तभंगो । अणु० अट्ठ-चोद्द० । वेउव्वियछ० मदिभंगो । तिरिक्खग०–ओरालि०–तिरिक्खाणु० उक्क० अट्ठ-तेरहचो० । अणु० अट्ठ-तेरहचो० सव्वलो० । मणुसग०–मणुसाणु०–आदाव०–उच्चा० उक्क० अणु० अट्ठचो० । एइंदि०–थावर० उक्क० अट्ठ-णवचो० । अणु० अट्ठ० सव्वलो० । उज्जो०–बादर०–जसगि० उक्क० अणु० अट्ठ-तेरह० । सुहुम-अपज्जत्त-साधार० उक्क० अणु० लो० असंखे० सव्वलो० ।

४६७. आभिणि०–सुद०–ओधिणा० देवायु०–आहारदुगं उक्क० अणु० ओघं । देवगदि०४ उक्क० ओघं० । अणु० छचोद्दस० । तित्थय० ओघं । सेसाणं उक्क० अणु०

पञ्चेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, दोविहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर और आदेय इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकायु, देवायु और तीन जाति इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियक छहकी मुख्यतासे स्पर्शन मत्यज्ञानियोंके समान है। तिर्यञ्चगति औदारिकशरीर और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु, कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप और उच्चगोत्र इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। एकेन्द्रियजाति और स्थावर इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारण इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

४६७. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें देवायु और आहारक द्विककी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन ओघके समान है। देवगति चतुष्ककी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि,

अट्ठचोद्दस० । एवं ओधिदंस०--सम्मादिट्ठि-खइग०--वेदग०--उवसमस० । णवरि खइगे देवगदि०४ खेत्तं । तित्थय० उक्क० अणु० अट्ठचो० ।

४९८. मणपज्ज०--संजद-सामाइ०--छेदो०--परिहार०--सुहुमसं० खेत्तं । संजदासंजदे सादावे०--हस्स-रदि-थिर-सुभ-जस० उक्क० अणु० छच्चोद्दस० । देवायु--तित्थय० उक्क० अणु० खेत्तं । सेसाणं उक्क० खेत्तं । अणु० छच्चोद्दस० । असंजद०--अचक्खुदं ओघं ।

४९९. किण्णले० णवुंसगभंगो । णवरि णिरयगदि-वेउव्वि०--वेउव्वि०अंगो०-णिरयाणु० उक्क० अणु० छच्चोद्दस० । देवगदि-देवाणु०--तित्थय० उक्क० अणु० खेत्तभंगो । णील-काऊए पढमदंडओ णवुंसगभंगो । णवरि चत्तारि-बेचोद्दस० । सादा-हस्स-रदि-थिर-सुभ-जस० एदाओ पढमदंडओ भाणिदव्वाओ । णिरयग०-वेउव्वि०--वेउव्वि०अंगो०-णिरयाणु० उक्क० अणु० चत्तारि-बे चोद्दस० । देवगदि०-देवाणु० किण्णभंगो । सेसाणं णवुंसगभंगो ।

वेदकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें देवगति चतुष्कका भङ्ग क्षेत्रके समान है। तथा तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

४९८. मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धि संयत और सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है। संयतासंयत जीवोंमें सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और तीर्थङ्कर इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। असंयत और अचक्षुदर्शनी जीवोंका भंग ओघके समान है।

४९९. कृष्णलेश्यावाले जीवोंका भङ्ग नपुंसकवेदी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि नरकगति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकआंगोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वी इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगति, देवगत्यानुपूर्वी और तीर्थङ्कर इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। नील और कापोत लेश्यावाले जीवोंमें प्रथम दण्डकका भंग नपुंसकवेदी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने क्रमसे कुछ कम चार बटे चौदह राजु और कुछ कम दो बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इनकी मुख्यतासे स्पर्शन प्रथम दण्डकके समान कहना चाहिए। नरकगति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकआङ्गोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वी इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने क्रमसे कुछ कम चार बटे चौदह राजु और कुछ कम दो बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगति और देवगत्यानुपूर्वीकी मुख्यतासे स्पर्शन कृष्ण लेश्यावाले जीवोंके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंकी मुख्यतासे स्पर्शन नपुंसकवेदी जीवोंके समान है।

५०० तेऊए देवायु-आहारदुगं० खे०। देवगदि०४ उक्क० खेत्तं। अणु० दिवड्ढ-चोद्द०। इत्थि०-पुरिस०-मणुसग०-पंचिंदि० पंचसंठा०-ओरालि० अंगो०-छस्संघ०-आदाव-दोविहा०-तस-सुभग-दोसर-आदेय०-तित्थय०-उच्चा०-तिरिक्ख०-मणुसायु० उक्क० अणु० अट्ठ चो०। सेसाणं उक्क० अणु० अट्ठ-णव०। पम्माए देवायु-आहारदुगं खेत्तं। देवगदि०४ उक्क० खेत्तं। अणु० पंचचो०। सेसाणं उक्क० अणु० अट्ठ-णवचो०। सुक्काए देवायु-आहारदुगं ओघं। देवगदि०४ उक्क० खेत्तं। अणु० छच्चोद्दस०। सेसाणं उक्क० अणु० छच्चोद्द०।

५०१ भवसिद्धिया० ओघं। अब्भवसि० मदि०भंगो। सासणे देवायु० ओघं। तिरिक्ख-मणुसायु० उक्क० खेत्तं। अणु० अट्ठचो०। मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० अणु० अट्ठ चो०। देवगदि०४ उक्क० खेत्तं। अणु० पंचचोद्दस०। सेसाणं उक्क० अणु० अट्ठ-बारह०। सम्मामि० देवगदि०४ उक्क० अणु० खेत्तं। सेसाणं उक्क० अणु० अट्ठ चो०।

५००. पीत लेश्यावाले जीवोंमें देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है। देवगति चतुष्ककी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, मनुष्य-गति, पञ्चेन्द्रिय जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आंगोपांग, छह संहनन, आतप, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र, तिर्यञ्चायु और मनुष्यायु इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पद्मलेश्यावाले जीवोंमें देवायु और आहा-रकद्विकका भंग क्षेत्रके समान है। देवगति चतुष्ककी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम पांच बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शुक्ल लेश्यावाले जीवोंमें देवायु और आहारकद्विकका भंग ओघके समान है। देवगति चतुष्ककी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

५०१. भव्य जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। अभव्य जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान है। सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें देवायुका भङ्ग ओघके समान है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्य-गति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवगतिचतुष्ककी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम पाँच बटे चौदह राजु प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदहराजु प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें देवगतिचतुष्ककी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

५०२. असण्णीसु पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-सत्तणोक०-तिरिक्खायु-मणुसगदि-चदुजादि-[ओरालि०]-तेजा०-क०-छस्संठा०-ओरालि०-अंगो०-छस्संघ०-वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०-४-आदाव-दोविहा०-तस०४-अथिरादिछ०-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-णीचुच्चा०-पंचंत०-उक्क० खेत्तं। अणु०सव्वलो०। सादावे०-हस्स रदि-तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४-थिर-सुभ० उक्क० लो०असंखेज्ज० सव्वलो०। अणु० सव्वलो०। णिरय-देवायु-वेउव्वियछ०-खेत्तभंगो। मणुसायु० एइंदियभंगो। उज्जो०-जसगि० उक्क० सत्तचोद्दस०। अणु० सव्वलो०। आहार० ओघं। अणाहार० कम्मइगभंगो। एवं उक्कस्सफोसणं समत्तं।

५०३. जहण्णए पगदं। दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० खविगाणं मणुसग०-मणुसाणु० जहण्णट्ठिदिबंधगेहिं केवडियं खेत्तं फोसिदं? लोगस्स असंखेज्जदिभागो। अज० सव्वलो०। पंचदंस०-असादा०-मिच्छ०-बारसक०-अट्ठणोक०-तिरिक्खगदि-चदुजादि-ओरालि०-तेजा०-क०-छस्संठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-आदाउज्जो०-दोविहा०-तस-बादर-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्तेय०-साधार०-थिरादिपंचयुगल-अजस०-णिमि०-णीचा० जहण्ण० अजहण्ण० खेत्तं। णिरय-

५०२. असंज्ञी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, सात नोकषाय, तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति, चार जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर कार्मणशरीर, छह संस्थान, औदारिक आंगोपांग, छह संहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, दो विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, नीचगोत्र, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक है। सातावेदनीय, हास्य, रति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार, स्थिर और शुभकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक है। नरकायु, देवायु और वैक्रियिक छहका भङ्ग क्षेत्रके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। उद्योत और यशःकीर्तिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन कुछ कम सात बटे चौदह राजु है और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन सब लोक है। आहारक जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। अनाहारक जीवोंका भङ्ग कार्मणकाययोगी जीवोंके समान है। इस प्रकार उत्कृष्ट स्पर्शन समाप्त हुआ।

५०३ जघन्यका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे क्षपक प्रकृतियाँ, मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कितने क्षेत्रका स्पर्शन किया है? लोकके असंख्यातवें भाग क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पांच दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, बारह कषाय, आठ नोकषाय, तिर्यञ्चगति, चार जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येकशरीर, साधारण, स्थिर आदि पांच युगल, अयशःकीर्ति, निर्माण और नीचगोत्र इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। नरकायु, देवायु और आहारकद्विकका

देवायु०-आहारदुगं उक्कस्सभंगो। एवं सव्वत्थ। तिरिक्खायु-सुहुम० जह० अज० सव्वलो०। मणुसायु० जह० [अज०] लोग० असंखेज्ज० सव्वलोगो वा। णिरय-देवगदि-णिरय-देवाणु० जह० खेत्तं। अज० छच्चोद्द०। एइंदि०-थावर० जह० सत्त-चोद्द०। अज० सव्वलो०। वेउव्वि०-वेउव्विअंगो० जह० खेत्तं। अजह० बारहचो०। तित्थय० जह० खेत्तं। अज० अट्ठचो०।

५०४. णिरएसु दोआयु-मणुसग०-मणुसाणु०-तित्थय०-उच्चा० उक्कस्सभंगो। सेसाणं जह० खेत्तभंगो। अज० छच्चोद्दस०। पढमाए खेत्तं। विदियादि याव छट्ठि त्ति तिरिक्खायु-मणुसगदि०४-तित्थय० खेत्तं। सेसाणं जह० खेत्तं। अज० एक्क-दो-तिण्णि-चत्तारि-पंचचोद्दस०। णवरि तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-उज्जो० जह० अज० एक्क-बे-तिण्णि-चत्तारि-पंचचोद्दस०। सत्तमाए इत्थि-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० जह० अज० छच्चोद्दस०। तिरि-

---

भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इसी प्रकार इन चार प्रकृतियोंकी मुख्यतासे स्पर्शन सर्वत्र जानना चाहिए। तिर्यञ्चायु और सूक्ष्म इनके जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। नरकगति, देवगति, नरकगत्यानुपूर्वी, और देवगत्यानुपूर्वी इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। एकेन्द्रिय जाति और स्थावर इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

५०४ नारकियोंमें दो आयु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, तीर्थङ्कर और उच्चगोत्रका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। पहिली पृथ्वीमें स्पर्शन क्षेत्रके समान है। दूसरीसे लेकर छटवीं तक पांच पृथिवियोंमें तिर्यञ्चायु, मनुष्यगति चार और तीर्थकर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंने क्रमसे कुछ कम एक बटे चौदह राजु, कुछ कम दो बटे चौदह राजु, कुछ कम तीन बटे चौदह राजु, कुछ कम चार बटे चौदह राजु और कुछ कम पांच बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतकी जघन्य और अजघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवों ने क्रमसे कुछ कम एक बटे चौदह राजु, कुछ कम दो बटे चौदह राजु, कुछ कम तीन बटे चौदह राजु, कुछ कम चार बटे चौदह राजु और कुछ कम पांच बटे चौदह राजु क्षेत्र का स्पर्शन किया है। सातवीं पृथिवीमें स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेय इनकी जघन्य और अजघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यगति त्रिकका भङ्ग क्षेत्र के समान है। शेष

क्खायु-मणुसगदितिगं खेत्तं । सेसाणं जह० खेत्तं । अज० छच्चोद्दस० ।

५०५. तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंसणा०-दोवेदणीय-मिच्छ०-सोलस०-णवणोक०-दोगदि-चदुजादि-ओरालि०-तेजा०-क०-छस्संठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४-आदाउज्जो०-दोविहा०-तस-बादर-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्ते०-साधार०-थिरादिछयुग०-णिमि०-णीचुच्चा०-पंचंत० जह० खेत्तं । अज० सव्वलो० । तिरिक्खायु-सुहुमणा० जह० अज० सव्वलो० । मणुसायु० जह० अज० लोग० असंखेज्ज० सव्वलो० । एइंदि०-थावर-वेउव्वियछ० ओघं । एवं तिरिक्खोघं मदि०-सुद०-असंज०-अब्भवसि०-मिच्छादिट्ठि त्ति । णवरि एदेसिं देवगदि-देवाणु० अज० पंचचोद्दस० । णवरि असंजद० वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० अज० एक्कारहचोद्दस० । असंज० तित्थय० अज० अट्ठचोद्दस० ।

५०६. पंचिंदियतिरिक्ख०३ पंचणा०-णवदंसणा०-सादासाद०-मोहणीय० २४-तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगुरु०४-थावर-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्तेय०-साधार०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अ-

प्रकृतियों की जघन्य स्थिति के बन्धक जीवों का स्पर्शन क्षेत्र के समान है। अजघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

५०५. तिर्यञ्चोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, दो वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नौ नोकषाय, दो गति, चार जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, बादर, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येकशरीर, साधारणशरीर, स्थिर आदि छह युगल, निर्माण, नीचगोत्र, उच्चगोत्र और पांच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तिर्यञ्चायु और सूक्ष्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। मनुष्यायुकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। एकेन्द्रिय जाति, स्थावर और वैक्रियिक छहका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंके समान मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि इन जीवोंके देवगति और देवगत्यानुपूर्वीकी अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम पांच बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि असंयत जीवोंमें वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक आङ्गोपाङ्गकी अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम ग्यारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा इन्हीं असंयत जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

५०६. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, मोहनीय चौबीस, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, स्थावर, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण

णादे०-अजस०-णिमि०-णीचा०-पंचंतराइगं० जह० लो० असंखेज्ज० । अज० लो० असखेज्ज० सव्वलो० । णवरि एइंदि०-थावर० जह० सत्तचोद्दस० । उज्जो०-जसगि० जह० खेत्तं । अज० सत्तचोद्दस० । बादर० जह० खेत्तं । अज० तेरहचोद्दस० । सुहुम० दो वि पदा लोग० असंखेज्ज० सव्वलो० । सेसाणं जह० खेत्तं । अज० अप्पप्पणो [फोसणं कादव्वं ।]

५०७. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्ता० पंचणा०-णवदंसणा०-दोवेदणी०-मोह-णीय०२४-तिरिक्खगदि-एइंदिय०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरि-क्खाणु०-अगु०४-थावरणा०-पज्जत्त-अपज्जत्त-पत्ते०-साधार०-थिराथिर-सुभा-सुभ-दूभग-अणादे०-अजस०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० जह० खेत्तं। अज०ट्ठि० लोग० असंखेज्ज० सव्वलो० । णवरि एइंदि०-थावर० जह० सत्तचोद्द० । उज्जो०-बादर०-जसगि० जह० खेत्तं । अज्ज० सत्तचोद्दस० । सेसाणं जह० अज० खेत्तभंगो । णवरि सुहुम० जह० अज० लोग० असंखेज्ज० सव्वलो० । एवं पंचिंदिय-तस-अपज्ज-त्ताणं सव्वविगलिंदिय-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेय०पज्ज-त्ताणं च ।

क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय जाति और स्थावरकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत और यशःकीर्तिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। बादरकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम तेरह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। सूक्ष्मके दोनों ही पदवाले जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग-प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अपना अपना स्पर्शन करना चाहिए।

५०७. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्त जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, दो वेदनीय, चौवीस मोहनीय, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुललघु चतुष्क, स्थावर, पर्याप्त, अपर्याप्त, प्रत्येक, साधारण, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पांच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेपता है कि एकेन्द्रिय जाति और स्थावर इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियों की जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। इतनी विशेषता है कि सूक्ष्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त और त्रस अपर्याप्त जीवोंके तथा सब विकलेन्द्रिय, बादर पृथ्वी-

५०८. मणुसगदीएसु३ सव्वपगदीणं जह० खेत्तं। अज० अप्पप्पणो फोसणं कादव्वं। एवं मणुसअपज्जत्ता०।

५०९. देवेसु थावरपगदीणं जह० खेत्तं। अज्ज० अट्ठ-णवचो०। तसपगदीणं जह० खेत्तभंगो। अज० अट्ठचो०। णवरि दोआयु०-तित्थय० जह० अज० अट्ठ-चोद्द०। एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो फोसणं णादूण णेदव्वं।

५१०. एइंदिए तिरिक्खोघं। बादरएइंदिय-पज्जत्त-अपज्जत्ता० सव्वपगदीणं जह० लोग० संखेज्ज०। अज० सव्वलो०। णवरि मणुसायु०-मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० जह० अज० लोग० असंखेज्ज०। एइंदि०-थावर० जह० सत्तचो०। अज० सव्वलो०। उज्जो०-बादर०-जसगि० जह० खेत्तं। अज० सत्तचोद्द०। तिरिक्खायु०-आदाव०-सुहुम०-तसपगदीणं च खेत्तं।

५११. पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० तिरिक्खायु०-सुहुम० जह० अज० सव्वलो०। सेसाणं जह० लोग० असंखेज्ज०। अज० सव्वलो०। णवरि एइंदिय-थावर०

कायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर पर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए।

५०८. मनुष्यत्रिकमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अपना अपना स्पर्शन करना चाहिए। इसी प्रकार मनुष्य अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए।

५०९. देवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। त्रस प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि दो आयु और तीर्थंकर प्रकृतिकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार सब देवोंके अपना अपना स्पर्शन जानकर ले आना चाहिए।

५१०. एकेन्द्रियोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। बादर एकेन्द्रिय और उनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके संख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यायु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है। एकेन्द्रिय जाति और स्थावरकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। उद्योत, बादर और यशःकीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्र का स्पर्शन किया है। तिर्यञ्चायु, आतप, सूक्ष्म और त्रस प्रकृतियोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

५११. पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंमें तिर्यञ्चायु और सूक्ष्म इनकी जघन्य और अजघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्र का स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण क्षेत्र का स्पर्शन

जह सत्तचो० । अज० सव्वलो० । उज्जो०–बादर–जसगि० जह० अज० खेत्तं । बादर-पुढवि०–आउ०–तेउ०–वाउ० थावरपगदीणं जह० लोग० असंखेज्ज० । अज० सव्व-लो० । एइंदिय०–थावर० पुढविभंगो । उज्जो०–बादर–जसगि० तिरिक्ख०अप-ज्जत्तभंगो । सेसाणं जह० अज० खेत्तभंगो । बादरपुढवि०-आउ०–तेउ०–वाउ०अपज्जत्त० थावरपगदीणं जह० अज० खेत्तं । एइंदि०–उज्जो०–थावर०–बादर०–जसगि० बादर-पुढविभंगो । सुहुम० जह० अज० खेत्तं । सेसाणं पि खेत्तभंगो ।

५१२. वणप्फदि-णियोदेसु तिरिक्खायु-सुहुम० जह० अज० सव्वलो० । एइंदि०-उज्जो०–थावर-बादर-जसगि० पुढविभंगो । सेसाणं खेत्तभंगो । णवरि मणुसायु० तिरि-क्खोघं । बादरवणप्फदि–णियोद–पज्जत्त–अपज्जत्ता० बादरपुढविअपज्जत्तभंगो । बादरवणप्फदिपत्ते० बादरपुढविभंगो । सव्वसुहुमाणं खेत्तं । णवरि मणुसायु० एइंदिय–भंगो । णवरि वाऊणं जम्हि लोग० असंखे० तम्हि लोगस्स संखेज्जदिभागं कादव्वं ।

५१३. पंचिंदिय–तस०२ एइंदिय–थावरणा० जह० सत्तचो० । अज० अट्ठचोद०

किया है । तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेपता है कि एकेन्द्रिय जाति और स्थावर इनकी जघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवों ने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । उद्योत, बादर और यशःकीर्ति इनकी जघन्य और अज-घन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । बादर पृथ्वीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक जीवोंमें स्थावर प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भागप्रमाण क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्र का स्पर्शन किया है । एकेन्द्रिय जाति और स्थावर इनका भङ्ग पृथ्वीकायिक जीवोंके समान है । उद्योत, बादर और यशःकीर्ति इनका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकों के समान है । शेष प्रकृतियों की जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । बादर पृथ्वीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त और बादर वायुकायिक अपर्याप्त जीवोंमें स्थावर प्रकृतियों की जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । एकेन्द्रिय जाति, उद्योत, स्थावर, बादर, और यशःकीर्ति इनका भङ्ग बादर पृथ्वीकायिक जीवोंके समान है । सूक्ष्म प्रकृतिकी जघन्य और अजघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंका स्पशन क्षेत्र के समान है । शेप प्रकृतियोंका भी स्पर्शन क्षेत्रके समान है ।

५१२. वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंमें तिर्यञ्चायु और सूक्ष्म इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । एकेन्द्रियजाति, उद्योत, स्थावर, बादर और यशःकीर्तिका भङ्ग पृथ्वीकायिक जीवोंके समान है । शेप प्रकृतियोंका भङ्ग क्षेत्र के समान है । इतनी विशेषता है कि मनुष्यायुका भङ्ग समान्य तिर्यञ्चों के समान है । बादर वनस्पतिकायिक और निगोद तथा इनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें बादर पृथ्वीकायिक अप-र्याप्त जीवोंके समान भङ्ग है । बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर जीवोंमें बादर पृथ्वीकायिक जीवोंके समान भङ्ग है । सब सूक्ष्मोंका भङ्ग क्षेत्र के समान है । इतनी विशेपता है कि मनुष्यायु का भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है । इतनी विशेपता है कि वायुकायिक जीवोंका जहाँपर लोकका असंख्या-तवां भाग प्रमाण स्पर्शन कहा है वहां पर लोकका संख्यातवां भाग प्रमाण स्पर्शन करना चाहिए ।

५१३. पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें एकेन्द्रिय और स्थावर इनकी जघन्य स्थिति

सव्वलो०। सेसाणं जह० खेत्तं। अज० अणुक्कस्सभंगो।

५१४. पंचमण०-तिण्णिवचि० इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्प-सत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० जह० अट्ठ-बारह०। अज० अणुक्कस्सभंगो। एइंदि०-थावर० जह० अट्ठ-णवचो०। अज० अणुक्कस्सभंगो। मणुसगदि०४ जह० अज० अट्ठचोद्दस०। एवं आदावं पि। सेसाणं पि जह० खेत्तं। अज० अणुक्कस्सफोसण-भंगो। णवरि सुहुम० जह० लो० असंखेज्ज० सव्वलो०। वचिजोगि०-असच्चमोस० तसपज्जत्तभंगो।

५१५. कायजोगि०-ओरालिय० ओघं। णवरि ओरालियका० मणुसायु-तित्थयराणं चरज्जु णत्थि। ओरालियमि० देवगदि०४-तित्थय० उक्कस्सभंगो। सेसाणं तिरिक्खोघं। णवरि एइंदि०-थावर०-सुहुम० जह० अज० खेत्तं। वेउव्वियका० थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ जह० अट्ठचो०। अज० अणुक्कस्सभंगो। तिरिक्खगदि०४ जह० खेत्तं। अज० अणुक्कस्सभंगो। इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्प-

के बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियोंको जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है।

५१४. पांच मनोयोगी और तीन वचनयोगी जीवोंमें स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका भङ्ग अनुत्कृष्टके समान है। एकेन्द्रिय जाति और स्थावरकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अजघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। मनुष्यगति चार की जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। इसी प्रकार आतपकी अपेक्षा भी स्पर्शन जानना चाहिए। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अनुकृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि सूक्ष्मकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है। वचनयोगी और असत्यमृषावचनयोगी जीवोंका भङ्ग त्रसपर्याप्त जीवोंके समान है।

५१५. काययोगी और औदारिककाययोगी जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि औदारिककाययोगी जीवोंमें मनुष्यायु और तीर्थकर प्रकृतियोंका राजुप्रमाण स्पर्शन नहीं है। औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग उत्कृष्टके समान है तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय जाति, स्थावर और सूक्ष्म इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। वैक्रियककाययोगी जीवोंमें स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी जघन्य स्थितिके बधन्क जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका भङ्ग अनुत्कृष्टके समान है। तिर्यञ्चगति चारकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका

सत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० जह० अट्ठ-बारह० । अज० अणुक्कस्सभंगो । दोआयु-मणुसग०-मणुसाणु०-आदाव-तित्थय०-उच्चागो० जह० अज० अट्ठचो० । एइंदि०-थावर० जह० अज० अट्ठ-णवचोद्द० । सेसाणं जह० अट्ठचो० । अज० अणुक्कस्स-भंगो । वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि० खेत्तभंगो । कम्मइग० खेत्तभंगो । एवं अणाहार० ।

५१६. इत्थि-पुरिसेसु एइंदिय-थावर० जह० सत्तचो० । अज० अणुक्कस्सभंगो । सुहुम० जह० अज० लोग० असंखेज० सव्वलो० । इत्थीए तित्थय० जह० अज० खेत्तं । सेसाणं जह० खेत्तं । अज० अणुक्कस्सभंगो । णवुंसगे कोधादि०४-अचक्खुदं०-भवसि०-आहारग त्ति ओघं । णवुंस०-मणुसायु०-तित्थय० ओरालियकायजोगिभंगो । णवरि णवुंसगे तित्थय० खेत्तं । अवगदवेदे खेत्तं ।

५१७. विभंगे असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० अट्ठ-बाहरचोद्दस० । अज० अणुक्कस्सभंगो । इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्प-

स्पशन अनुत्कष्टके समान है । स्त्रीवेद, नपुसंकवेद, पांच सस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग दुःस्वर और अनादेय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है, तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका भङ्ग अनुत्कृष्टके समान है । दोआयु, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, आतप, तीर्थङ्कर और उच्च गोत्र इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । एकेन्दिय जाति और स्थावर इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके वन्धक जीवों ने कुछ कम आठ बटे चौदहराजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदद राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है । वैक्रियिक मिश्रकाययोगी, आहारक काययोगी और आहारक मिश्रकाययोगी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है । कार्मणकाययोगी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है । इसी प्रकार अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

५१६. स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवोंमें एकेन्द्रिय जाति और स्थावर इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम सात बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका भङ्ग अनुत्कृष्टके समान है । सूक्ष्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है । स्त्रीवेदी जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवों का स्पशन अनुत्कृष्ट के समान है । नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षु दर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंका भङ्ग ओघके समान है । किन्तु नपुंसकवेद, मनुष्यायु और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग औदारिक काययोगी जीवों के समान है । इतनी विशेषता है कि नपुंसक-वेदमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है । अवगतवेदमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है ।

५१७. विभङ्ग ज्ञानी जीवोंमें असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशः कीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और

सत्थ०–दूभग–दुस्सर–अणादे० जह० अट्ठ–बारहचो० । अज० अणुक्कस्सभंगो । मणुसगदिपंचग० जह० अज० अट्ठचोद्द० । सेसाणं जह० खेत्तं । अज० अणुक्कस्सभंगो । णवरि एइंदि०–थावर जह० अट्ठ–णवचोद्द० । अज० अणुक्कस्सभंगो । सुहुम० जह० अज० लो० असंखे० सव्वलो० ।

५१८. आभिणि०–सुद०–ओधि० मणुसायु०–मणुसगदिपंचग० जह० अज० अट्ठचोद्दस० । देवायु०–आहारदुगं खेत्तं । देवगदि०४ उक्कस्सभंगो । सेसाणं जह० खेत्तं । अज० अणुक्कस्सभंगो । मणपज्ज०–संजद–सामाइ०–छेदो०–परिहार०–सुहुमसं० खेत्तं ।

५१९. संजदासंजद० असादा०–अरदि–सोग–अथिर–असुभ–अजस० जह० अज० छच्चोद्द० । देवायु०–तित्थय० जह० अज० खेत्तं । सेसाणं जह० खेत्तं । अज० छच्चोद्द० । ओधिदं०–सम्मादि०–खइग०–वेदग०–उवसम०–आभिणि०भंगो । णवरि

कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्र का स्पर्शन किया है। अजघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय इनकी जघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम बारह बटे चौदह राजु क्षेत्र का स्पर्शन किया है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। मनुष्यगतिपञ्चककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। शेष प्रकृतियों की जघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्ट के समान है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय जाति और स्थावर इनकी जघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंने कुछकम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम नौ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। सूक्ष्मकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने लोकके असंख्यातवें भाग प्रमाण और सब लोक क्षेत्रका स्पर्शन किया है।

५१८. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें मनुष्यायु और मनुष्यगति पञ्चककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और आहारकद्विकका भङ्ग क्षेत्रके समान है। देवगतिचतुष्कका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है। मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत, छेदोपस्थापना संयत, परिहारविशुद्धि संयत और सूक्ष्मसाम्पराय संयत जीवोंका भङ्ग क्षेत्रके समान है।

५१९. संयतासंयत जीवोंमें असाता, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। देवायु और तीर्थंकर इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थिति के बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है। तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है। अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि

खइगे देवगदि०४ खेत्तं । उवसमे तित्थय० खेत्तं । चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो ।

५२०. किण्ण०-णील०-काउ० असंजदभंगो । णवरि देवगदि०३-तित्थय० खेत्तं । मणुसायु०तिरिक्खभंगो । तेऊए० पंचणा०-णवदंसणा०-सादासाद०-मोह०२४-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० जह० खेत्तं । अज० अणुक्कस्सभंगो । देवगदि०४ जह० खेत्तं । अज० दिवड्ढचो० । सेसाणं सोधम्मभंगो । एवं पम्माए सहस्सारभंगो कादव्वो । देवगदि०४ जह० खेत्तं । अज० पंचचो० । सुक्काए मणुसगदिपंचग० जह० अज० छच्चोद्दस० । सेसाणं जह० खेत्तं । अज० छचो० । णवरि इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० जह० अज० छच्चोद्द० ।

५२१. सासणे इत्थि०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-तस०४ जह० अज० अट्ठ-एक्कारस० । मणुसगदिपंचग० जह० अज० अट्ठचो० । देवगदि०४ जह० अज०

जीवों का भङ्ग आभिनिबोधिकज्ञानी जीवोंके समान है । इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें देवगतिचतुष्कका भङ्ग क्षेत्रके समान है । तथा उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है । चक्षुदर्शनवाले जीवोंका भङ्ग त्रसपर्याप्त जीवोंके समान है ।

५२०. कृष्ण, नील और कापोत लेश्यावाले जीवोंका भङ्ग असंयत जीवोंके समान है । इतनी विशेषता है कि देवगति त्रिक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग क्षेत्रके समान है । तथा मनुष्यायुका भङ्ग तिर्यञ्चों के समान है । पीतलेश्यावाले जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, साता वेदनीय, असाता वेदनीय, चौबीस मोहनीय, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पांच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है । देवगति चतुष्ककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । तथा अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम डेढ़ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सौधर्म कल्पके समान है । इसी प्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि सहस्रार कल्पके समान भङ्ग करना चाहिए । तथा देवगति चतुष्ककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम पांच बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शुक्ल लेश्यावाले जीवोंमें मनुष्यगतिपञ्चककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । तथा शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेय इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम छह बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है ।

५२१. सासादन सम्यग्दृष्टि जीवोंमें स्त्रीवेद, पांच संस्थान, पांच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति और त्रस चतुष्ककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु और कुछ कम ग्यारह बटे चोदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । मनुष्यगतिपञ्चककी

पंचचो० । सेसाणं जह० अट्ठचो० । अज० अणुक्कस्सभंगो । सम्मामिच्छे सव्वपग-दीणं जह अज० अट्ठचो० । णवरि देवगदि०४ जह० खेत्तं । सण्णि० पंचिंदियभंगो । असण्णि० तिरिक्खोघं । णवरि आयु०-वेउव्वियछ० जह० अज० खेत्तभंगो । एवं जहण्णयं समत्तं । एवं फोसणं समत्तं ।

कालपरूवणा

५२२. कालो दुवि०-जह० उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० णिरयायु० उक्क०ट्ठिदिबंधया केवचिरं कालादो होदि ? जहण्णेण एगसमयं, उक्कस्सेण आवलियाए असंखेज्जदिभागो । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदोवमस्स असंखेज्जदि० । तिरिक्खायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसमया । अणु० सव्वद्धा । मणुस-देवायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभा० । आहार०-आहार०अंगो०-तित्थय० उक्क० जहण्णु० अंतो०, अणु० सव्वद्धा । सेसाणं उक्क० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे० ।

जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । देवगतिचतुष्ककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम पांच बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन अनुत्कृष्टके समान है । सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंने कुछ कम आठ बटे चौदह राजु क्षेत्रका स्पर्शन किया है । इतनी विशेषता है कि देव-गति चतुष्ककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । संज्ञी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियों समान है । असंज्ञी जीवोंमें समान्य तिर्यञ्चोंके समान है । इतनी विशेषता है कि आयु और वैक्रियिक छह इनकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका स्पर्शन क्षेत्रके समान है । इस प्रकार जघन्य स्पर्शन समाप्त हुआ । इस प्रकार स्पर्शन समाप्त हुआ ।

कालप्ररूपणा

५२०. काल दो प्रकारका है-जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है-ओघ और आदेश । ओघसे नरकायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका कितना काल है ? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । तिर्यञ्चायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है । मनुष्यायु और देवायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्यकाल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्टकाल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीथङ्कर इनकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है । इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिक काययोगी, नपुंसकवेदी,

अणु० सव्वद्धा । एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं कायजोगि-ओरालि०-णवुंस०-कोधादि०-४-मदि-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-तिण्णिले०-भवसिद्धि-अब्भवसिद्धि०-मिच्छादि०-असण्णि-आहारग त्ति ।

५२३. णिरयेसु तिरिक्खायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखे० । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । मणुसायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम० । अणु० जहण्णु० अंतो० । सेसाणं उक्क० जह० एग,० उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । अणु० सव्वद्धा । एवं सव्वणिरयाणं सव्वदेवाणं च । णवरि सत्तमाए मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे० । अणु० सव्वद्धा ।

५२४. पंचिंदियतिरिक्खतिण्णि तिरिक्खायु० उक्क० ओघं । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । सेसाणं ओघं । पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तगेसु तिरिक्खायु० णिरयभंगो । सेसं ओघं । एवं सव्वअपज्जत्ताणं तसाणं सव्वविगलिंदियाणं बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेयपज्जत्ताणं च । णवरि मणुसअपज्जत्तगे आयुगवज्जाणं सव्वपगदीणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० ।

क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षु दर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

५२३. नारकी जीवोंमें तिर्यञ्चायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । मनुष्यायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तमुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्य के असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है । इसी प्रकार सब नारकी और सब देवों के जानना चाहिए। इतनी विशेषता है की सातवीं पृथ्वीमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है ।

५२४. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चत्रिकमें तिर्यञ्चायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल ओघके समान है । अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण हैं । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें तिर्यञ्चायुका भङ्ग नारकियोंके समान है । तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार सब अपर्याप्त, त्रस, सब विकलेन्द्रिय, बादर पृथ्वीकायिक, पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर पर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि मनुष्य अपर्याप्तकों में आयुओंको छोड़कर सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है ।

५२५. मणुसेसु णिरय-देवायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम० । अणु० जह० उक्क० अंतो० । तिरिक्ख-मणुसायु० उक्क० ओघं । अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । सेसाणं उक्क० जह० एग०, [उक्क०] अंतो० । अणु० सव्वद्धा । आहारदुगं तित्थय० ओघं । मणुसपज्जत्त-मणुसिणीसु चदुआयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम० । अणु० जहण्णु० अंतो० । सेसाणं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणु० सव्वद्धा । आहारदुगं तित्थय० ओघं ।

५२६. सव्वट्ठे सव्वपगदीणं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणु० सव्वद्धा । आयु० णिरयभंगो ।

५२७. सव्वएइंदिएसु तिरिक्ख-मणुसायु० पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तभंगो । णवरि तिरिक्खायु० अणु० सव्वद्धा । सेसाणं उक्क० अणु० सव्वद्धा । एस भंगो सव्वसुहुमाणं बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०अपज्जत्त०-वणप्फदि-णियोद० बादरपज्जत्त-अपज्जत्ता० बादरवणप्फदिपत्तेय०अपज्जत्तगाणं च ।

५२८. पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादर-

५२५. मनुष्योंमें नरकायु और देवायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है। आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यपर्याप्त और मनुष्यिनी जीवोंमें चार आयुओंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है। आहारकद्विक और तीर्थङ्करका भङ्ग ओघके समान है।

५२६. सर्वार्थसिद्धिके देवोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका सब काल है। आयुका भङ्ग नारकियोंके समान है।

५२७. सब एकेन्द्रियोंमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चायुकी अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है। यह भङ्ग सब सूक्ष्म, बादर पृथ्वीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त, बादर वायुकायिक अपर्याप्त, वनस्पतिकायिक, निगोद और इन दोनोंके बादर और पर्याप्त अपर्याप्त तथा बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए।

५२८. पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, बादर पृथ्वीकायिक,

वणप्फदिपत्तेय० दोआयु० एइंदियभंगो। पज्जत्तगे दोआयु० पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो। सेसाणं पगदीणं उक्क० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे०। अणु० सव्वद्धा।

५२६. पंचिंदिय--तस०२ तिण्णिआयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्ज-सम०। अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे०। सेसाणं ओघं। एवं पंच-मण०-पंचवचि०-वेउव्वियका०-इत्थि०--पुरिस०--विभंग०-चक्खुदं०--तेउले०-पम्मले०-सुक्कले०--सण्णि त्ति। णवरि पंचमण०--पंचवचि०--वेउव्वि० आयु० अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज०। तेउ-पम्माए तिरिक्ख-मणुसायु० देवोघं। सुक्काए दो वि आयु० मणुसि०भंगो।

५३०. ओरालियमिस्से दोआयु० एइंदियभंगो। देवगदि०४-तित्थय० सत्थाणे उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अथवा सरीर-पज्जत्तीए दिज्जदि त्ति तदो उक्क० जहण्णु० अंतो०। अणु० जह० उक्क० अंतो०। सेसाणं उक्क० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज०। अणु० सव्वद्धा अधा-

बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक, बादर वायुकयिक और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। इनके पर्याप्तकोंमें दो आयुओंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थिति-का बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्या-तवें भाग प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल सर्वदा है।

५२६. पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें तीन आयुओंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, वैक्रियिक काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, विभङ्गज्ञानी, चक्षुदर्शनी, पीतलेश्यावाले, पद्मलेश्यावाले, शुक्ललेश्यावाले और संज्ञी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी और वैक्रियिककाय-योगी जीवोंमें आयुके अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यावें भाग प्रमाण है। पीत और पद्मलेश्यावाले जीवोंमें तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें दोनों ही आयुओंका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है।

५३०. औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर इनकी स्वस्थानमें उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अथवा शरीर पर्याप्तिमें अगर यह काल प्राप्त किया जाता है तो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यावें भाग प्रमाण है। अनुत्कृष्ट

पवत्तस्स। अथवा सरीरपज्जत्तीए दिज्जदि त्ति तदो धुविगाणं उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज०। एवं वेउव्वियमि०-आहारमि०। णवरि वेउव्वियमि० अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज०। आहारमिस्से चत्तारि अंतो०।

५३१. आहारकायजोगि० सव्वपगदीणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। णवरि देवायु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम०। अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। एवं आहारमिस्से देवायु०।

५३२. कम्मइगे देवगदि०४-तित्थय० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम०। सेसाणं उक्क० जह० एग०, उक्क० आवलियाए असंखेज्ज०। अणु० सव्वद्धा।

५३३. अवगदवेदे सव्वाणं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०। एवं सुहुमसंप०।

५३४. आभि०-सुद०-ओधि० सादावे०–हस्स-रदि-आहारदुग-थिर-सुभ-जसगि०-तित्थय० ओघं। मणुसायु० देवोघं। देवायु० ओघं। सेसाणं सव्वाणं उक्क० जह०

स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका काल अधःप्रवृत्तके सर्वदा है। अथवा शरीरपर्याप्तिमें यह काल दिया जाता है तो ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। इसी प्रकार वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। तथा आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें चारों ही काल अन्तर्मुहूर्त हैं।

५३१. आहारककाययोगी जीवोंमें सब प्रकृतियोंका उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इनकी विशेषता है कि देवायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाले जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें देवायुकी मुख्यतासे काल जानना चाहिए।

५३२. कार्मणकाययोगी जीवोंमें देवगतिचतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है।

५३३. अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सूक्ष्मसांपरायिक संयत जीवोंके जानना चाहिए।

५३४. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें साता वेदनीय, हास्य, रति, आहारकद्विक, स्थिर, शुभ, यशःकीर्ति और तीर्थङ्कर इनका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है। देवायुका भङ्ग ओघके समान है। शेष सब

अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे० । अणु० सव्वद्धा । एवं संजदासंजदे ओधिदं०-सम्मादि०-वेदग० ।

५३५. मणपज्जव० सादावे०--हस्स-रदि--आहारदुग--थिर-सुभ-जसगि० उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अणु० सव्वद्धा । सेसाणं उक्क० जह० उक्क० अंतो० । अणु० सव्वद्धा । एवं संजद-सामाइ०-छेदो०- परिहार० ।

५३६. उवसम० पंचणा०-छदंसणा०--बारसक०-पुरिस०-भय-दुगुं-मणुसगदि-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-समचदु०--ओरालि०अंगो०--वज्जरि०--वण्ण०४-मणुसाणु०-अगु०४-पसत्थवि०--तस०४--सुभग-सुस्सर-आदेज्ज०--णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० अणु० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । सादावे०--हस्स-रदि-थिर-सुभ--जसगि० उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेज्जदिभा० । असादा०-अरदि-सोग-अथिर--असुभ-अजस०-देवगदि०४ उक्क० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे० । अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे० । आहारदुगं उक्क० अणु० जह० एग०, उक्क अंतो० । तित्थय० उक्क० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका सब काल है । इसी प्रकार संयतासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए ।

५३५. मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें सातावेदनीय, हास्य, रति, आहारकद्विक, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । इसी प्रकार संयत, सामायिकसंयत छेदोपस्थापनासंयत और परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके जानना चाहिए ।

५३६. उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कर्मणशरीर' समचतुरस्रसंस्थान, औदारिकआङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । सातावेदनीय, हास्य,रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इनकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यतवें भाग प्रमाण है । असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ, अयशःकीर्ति और देवगतिचार, इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्टकाल पल्यके असंख्यातवेंभाग प्रमाण है। आहारकद्विकको उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्त-

अणु० जह० उक्क० अंतो० । एवं सम्मामि० । णवरि देवगदि०४ धुविगाण भंगो । सासणे दोण्णि आयु० उक्क० जह० एग०, उक्क० संखेज्ज० । अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । अणाहार० कम्मइगभंगो ।

एवं उक्कस्सकालं समत्तं

५३७. जहण्णए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० खवगपगदीणं आहारदुगं तित्थय० जह० ट्ठिदिबंध० केवचिरं० ? जह० उक्क० अंतो० । अज० सव्वद्धा । तिरिक्खग०--तिरिक्खाणु०--उज्जो०--णीचा० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । अज० सव्वद्धा । तिण्णिआयु० जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखेज्ज० । अज० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । वेउव्वियछ० उक्कस्सभंगो । सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा । एवं ओघभंगो कायजोगि--ओरालियका०-णवुंस०-कोधादि०४-अचक्खुदं०-भवसि०-आहारगे त्ति । णवरि खवगपगदीणं कायजोगि--ओरालियका० जह० जह० एग० । णवरि जोग-कसाएसु आयुगस्स अज० जह० एगस० ।

मुहूर्त है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । इसी प्रकार सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि देवगति चतुष्कका भङ्ग ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके समान है । सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें दो आयुओंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है । अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अनाहारक जीवोंका भङ्ग कार्मणकाययोगी जीवोंके समान है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट काल समाप्त हुआ ।

५३७. जघन्यका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे क्षपक प्रकृतियाँ, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका कितना काल है ? जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका सब काल है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । तीन आयुओंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । वैक्रियिक छहका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिक काययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि क्षपक प्रकृतियोंकी काययोगी और औदारिक काययोगी जीवोंमें जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है । इतनी विशेषता है कि योग और कषायवाले जीवोंमें आयुकी अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है ।

५३८. णिरएसु दोआयु० उक्कस्सभंगो। सेसाणं जह० [जह०] एग, उक्क० आवलि० असंखेज्ज०। अज० सव्वद्धा। तित्थय० उक्कस्सभंगो। एवं पढमपुढवीए। विदियादि याव सत्तमा त्ति उक्कस्सभंगो। णवरि थीणगिद्धि३-मिच्छत्त--अणंताणुबंधि०४ जह० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे०। सत्तमाए तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-णीचा० थीणगिद्धि०भंगो।

५३९. तिरिक्खेसु णिरय--मणुस--देवायु०-वेउव्वियछ०--तिरिक्खगदि०४ ओघं। सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा। एवं तिरिक्खोघं मदि०-सुद०--असंज०--तिण्णिले०-अब्भवसि०--मिच्छादि०--असण्णि त्ति। सव्वपंचिंदियतिरिक्खाणं उक्कस्सभंगो। णवरि चदुआयु० णिरयायुभंगो। पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्त० दोआयु० तिरिक्खायुभंगो। एवं सव्वअपज्जत्ताणं तसाणं सव्वविगलिंदियाणं बादरपुढविकाइय-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेयपज्जत्ताणं च।

५४०. मणुसेसु खवगपगदीणं देवगदि०४ जह० जह० उक्क० अंतो०। अज० ओघं। दोआयु० पंचिंदियतिरिक्खभंगो। दोआयु० जह० जह० एग०, उक्क० संखेज्जसम०। अज० जहण्णु० अंतो०। णिरयगदि-णिरयाणु० जह० जह० एग०,

५३८. नारकियोंमें दो आयुओंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इसी प्रकार पहली पृथ्वीमें जानना चाहिए। दूसरी पृथ्वीसे लेकर सातवीं तक भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चार इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। सातवीं पृथ्वीमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका भङ्ग स्त्यानगृद्धि तीनके समान है।

५३९. तिर्यञ्चोंमें नरकायु, मनुष्यायु, देवायु, वैक्रियिक छह और तिर्यञ्चगति चतुष्कका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंके समान मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, तीन लेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और असंज्ञी जीवोंके जानना चाहिए। सब पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इतनी विशेषता है कि चार आयुओंका भङ्ग नरकायुके समान है। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें दो आयुओंका भङ्ग तिर्यञ्चायुके समान है। इसी प्रकार सब अपर्याप्त त्रस, सब विकलेन्द्रिय, बादर पृथ्वीकायिक पर्याप्त, बादर जलकायिक पर्याप्त, बादर अग्निकायिक पर्याप्त, बादर वायुकायिक पर्याप्त और बादर-वनस्पति कायिक प्रत्येक शरीर पर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए।

५४०. मनुष्योंमें क्षपक प्रकृतियाँ और देवगतिचतुष्ककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल ओघके समान है। दो आयुओंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है। दो आयुओंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल संख्यात समय है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। नरकगति और नरकगत्यानुपूर्वीकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक

उक्क० अंतो० । अज० सव्वद्धा । सेसाणं जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखे० । अज० सव्वद्धा ।

५४१. मणुसपज्जत्त--मणुसिणीसु सो चेव भंगो । णवरि यम्हि आवलिया० असंखे० तम्हि संखेज्जसम० । मणुसअपज्जत्त० सव्वपगदीणं जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखे० । अज० जह० खुद्दाभव० बिसमयूणं, उक्क० पलिदो० असंखे० । णवरि सव्वह परियत्तीणं आयुगाणं च अज० पगदिकालो कादव्वो । देवाणं णिरयभंगो । णवरि एइंदि०-आदाव-थावर० सत्थाणभंगो ।

५४२. एइंदिएसु मणुसायु०--तिरिक्खगदि---तिरिक्खाणु०---उज्जो०--णीचा० ओघं । सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा । पुढवि०--आउ०--तेउ०-वाउ०-बादरपुढवि०--आउ०-तेउ०-वाउ०-बादर-वणप्फदिपत्तेय० दोआयु० ओघं । सेसाणं जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । अज० सव्वद्धा । बादरपुढवि०-वाउ०-तेउ०-वाउ०-अपज्जत्ता० मणुसायु० ओघं । सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा । एवं वणप्फदि-णियोद-बादरवणप्फदि-णियोद-पज्जत्त-अपज्जत्त० बादरवणप्फदिपत्तेय०अपज्जत्ताणं

समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है।

५४१. मनुष्य पर्याप्त और मनुष्यिनियोंमें वही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि जहाँ पर आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण काल कहा है वहाँ पर संख्यात समय काल कहना चाहिए। मनुष्य अपर्याप्तकोंमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल दो समय कम क्षुल्लक भव ग्रहण प्रमाण है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। इतनी विशेषता है कि सर्वत्र परिवर्तमान प्रकृतियोंकी और आयुओंकी अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल प्रकृतिबन्धके कालके समान कहना चाहिए। देवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय, आतप और स्थावर इनका भङ्ग स्वस्थानके समान है।

५४२. एकेन्द्रियोंमें मनुष्यायु, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्रका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, बादर पृथ्वीकायिक, बादर जलकायिक,बादर अग्निकायिक, बादर वायुकायिक और बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। बादर पृथ्वीकायिक अपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त और बादर वायुकायिक अपर्याप्त जीवोंमें मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका

सव्वसुहुमाणं च ।

५४३. पंचिंदिय-तस०२ खवगपगदीणं ओघं । सेसाणं पंचिंदियतिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो । एवं इत्थि०-पुरिस० । णवरि इत्थिवे० तित्थय० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

५४४. पंचमण०-तिण्णिवचि० पंचणा०-णवदंसणा--सादासाद०--मोह०२४--देवगदि०४-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-थिराथिर--सुभासुभ--सुभग--सुस्सर--आदे०--जस०--अजस०--णिमि०--तित्थय०--उच्चागो० पंचंत० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० सव्वद्धा । इत्थिवे०--णवुंस०-तिण्णिगदि-चदुजादि-ओरालि०पंचसंठा०--ओरालि०अंगो०-छस्संघ०--तिण्णिआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावरादि०४--दूभग--दुस्सर--अणादे०-णीचा० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो असंखे० । अज० सव्वद्धा । चदुआयु० पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवरि अज० जह० एग० । दोवचि० खवगपगदीणं जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० सव्वद्धा । चदुआयु० मणजोगिभंगो । सेसाणं तसभंगो ।

काल सर्वदा है । इसी प्रकार वनस्पतिकायिक, निगोद, बादर वनस्पतिकायिक, बादर निगोद और इनके पर्याप्त अपर्याप्त, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर अपर्याप्त और सब सूक्ष्म जीवोंके जानना चाहिए ।

५४३. पञ्चेन्द्रियद्विक और त्रसद्विक जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है । इसी प्रकार स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि स्त्रीवेदी जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है ।

५४४. पाँच मनोयोगी और तीन वचनयोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, चौबीस मोहनीय, देवगतिचार, पञ्चेन्द्रियजाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त-विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, सुभग, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, तीर्थङ्कर, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तीन गति, चारजाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्र इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । चार आयुओंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान है । इतनी विशेषता है कि अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है । दो वचनयोगवाले जीवोंमें क्षपकप्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । चार आयुओंका भङ्ग मनोयोगी जीवोंके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग त्रस जीवोंके समान है ।

५४५. ओरालियमि० तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा०-देवगदि०४-तित्थयरं० उक्कस्सभंगो। मणुसायु० ओघं। सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा। वेउव्वि०-वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि० उक्कस्सभंगो। कम्मइगे तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखे०, । अज० सव्वद्धा। देवगदि०४-तित्थय० उक्कस्सभंगो। सेसाणं जह० अज० सव्वद्धा।

५४६. अवगदे सव्वाणं जह० जह० उक्क० अंतो०। अज० जह० एग०, उक्क० अंतो०। एवं सुहुमसंप०।

५४७. विभंगे पंचणा०-णवदंसणा०-सादावे०-मिच्छ०-सोलसक०-पंचणोक०-देवगदि--पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४--पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णिमि०-उच्चा०-पंचंत० जह० जह० उक्क० अंतो०। अज० सव्वद्धा। असादा०-इत्थि०-णवुंस०-अरदि-सोग--णिरयगदि-चदुजादि-पंचसंठा०-पंचसंघ०-णिरयाणु०-अप्पसत्थ०--आदाव-थावरादि०४-दूभग-दुस्सर-अणादे० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे०। अज० सव्वद्धा। चदुआयु०

५४५. औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्च गत्यानुपूर्वी, उद्योत, नीचगोत्र, देवगतिचतुष्क और तीर्थङ्कर इनका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। वैक्रियिककाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी, और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। कार्मणकाययोगी जीवोंमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीच-गोत्रकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है।

५४६. अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायिक जीवोंके जानना चाहिए।

५४७. विभंगज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, पाँच नोकषाय, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी जन्घय स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। असाता वेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, अरति, शोक, नरकगति, चार जाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति, आतप, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुःस्वर और अनादेय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। चार आयुका भङ्ग

पंचिंदियभंगो । तिरिक्ख-मणुसग०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरि०-दोआणु०-उज्जो०-णीचा० जह० जह० अंतो० । अज० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । अज० सव्वद्धा ।

५४८. आभि०-सुद०-ओधि० असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० सव्वद्धा । सेसाणं जह० जह० उक्क० अंतो० । अज० सव्वद्धा । णवरि मणुसगदिपंचग० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । एवं ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-वेदग० । णवरि दोआयु देव-भंगो । खइगे दोआयु० मणुसि०भंगो ।

५४९. मणपज्ज०-संजद-सामाइय-छेदो० खवगपदीणं ओघं । असादावे०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । सेसाणं जह० जहण्णु० अंतो० । सव्वपगदीणं अज० सव्वद्धा । आयु० मणुसि०भंगो । एवं परिहार० ।

५५०. संजदासंजदे असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे० । अज० सव्वद्धा ! सेसाणं जह० जह० उक्क०

पञ्चेन्द्रियोंके समान है । तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है ।

५४८. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर अशुभ और अयशःकीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । शेष प्रकृतियोंका जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति पञ्चककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि दो आयुओंका भङ्ग देवोंके समान है । क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है ।

५४९. मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत और छेदोपस्थापना संयत जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । सब प्रकृतियोंकी अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । आयुका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है । इसी प्रकार परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके जानना चाहिए ।

५५०. संयतासंयत जीवोंमें असातावेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट

अंतो०। अज० सव्वद्धा। देवायु० ओघं। चक्खुदं० तसभंगो।

५५१. तेऊए इत्थि०-णवुंस०-दोगदि-एइंदि०-ओरालि०-पंचसंठा०-छस्संघ०-दोआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ० थावर-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० जह० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज०। अज० सव्वद्धा। असादा०-अरदि-सोग-अथिर-असुभ-अजस० जह० जह० एगसमयं, उक्क० अंतो०। सेसाणं जह० जह० उक्क० अंतो०। अज० सव्वद्धा। एवं पम्माए। तेऊए एसिं अप्पमत्तो करेंति तेसिं दुविधो कालो। यदि अधापवत्तसंजदो जहण्णट्ठिदिबंधकालो जह० जह० एग०, उक्क अंतो०। अथवा दंसणमोहक्खवगस्स कीरदि तदो जहण्णु० अंतो०। एवं परिहारे। पम्माए देवगदिआदि अधापवतस्स दिज्जदि। एवं सुक्काए वि।

५५२. उवसम० पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस०-भय-दुगुं०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-समचदु०-वण्ण०४-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि० उच्चा०-पंचंत० जह० जह एग०, उक्क० अंतो०। अज० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज०। सादासाद०-हस्स-रदि-अरदि-सोग-थिराथिर-सुभासुभ-जस०-अजस०-देवगदि०४ जह० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अज० जह० एग०, उक्क० पलिदो०

काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। देवायुका भङ्ग ओघके समान है। चक्षुदर्शनवाले जीवोंका भङ्ग त्रस जीवोंके समान है।

५५१. पीतलेश्यावाले जीवोंमें स्त्रीवेद, नपुंसकवेद दो गति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, पाँच संस्थान, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, दुर्भग, दुःस्वर, अनादेय और नीचगोत्र इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। असाता वेदनीय, अरति, शोक, अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। इसी प्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिए। पीतलेश्यामें जिनको अप्रमत्त करते हैं उनका दो प्रकारका काल है। यदि अधःप्रवृत्तसंयत करता है तो उसके जघन्य स्थितिके बन्धकका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अथवा दर्शनमोहनीयका क्षपक करता है तो जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार परिहारविशुद्धि संयत जीवोंके जानना चाहिए। पद्मलेश्यावाले जीवोंमें देवगति आदि अधःप्रवृत्तके देनी चाहिए। इसी प्रकार शुक्ललेश्यावाले जीवोंके भी जानना चाहिए।

५५२. उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्र संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग सुस्वर, आदेय, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तराय इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, हास्य, रति, अरति, शोक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति और देवगति चतुष्ककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट

असंखेज्ज० । अट्ठक० जह० जह० उक्क० अंतो० । अज० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । मणुसगदिपंचग० जह० अज० जह० एग० अंतो० । उक्क० पलिदो० असंखेज्ज० । आहारदुगं जह० अज० जह० एग०, उक्क० अंतो० । तित्थय० जह० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अज० जह० एगसमयं, उक्क० अंतो० ।

५५३. सासणे सम्मामि० उक्कस्सभंगो । णवरि सासणे तिरिक्ख-देवायु० जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखेज्ज० । अज० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० असंखे० । मणुसायु० देवभंगो ।

५५४. सण्णीसु खवगपगदीणं देवगदि०४--आहारदुग-तित्थय० मणुसभंगो । चदुआयु० पंचिंदियभंगो । सेसाणं जह० जह० एग०, उक्क० आवलि० असंखेज्ज० । अज० सव्वद्धा । एवं जहण्णयं समत्तं ।

एवं कालं समत्तं

अंतरपरूवणा

५५५. अंतरं दुविधं । जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । दुवि०-ओघे०

काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक सयय है और और उत्कृष्ट काल पल्यके संख्यातवें भाग प्रमाण है। आठ कषायोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। मनुष्यगति पञ्चककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल क्रमसे एक समय और अन्तर्मुहूर्त है तथा उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। आहारक द्विककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है।

५५३. सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें उत्कृष्टके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि सासादनमें तिर्यञ्चायु और देवायुकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट काल पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। मनुष्यायुका भङ्ग देवोंके समान है।

५५४. संज्ञी जीवोंमें क्षपक प्रकृतियाँ, देवगति चतुष्क, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्योंके समान है। चार आयुओंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल आवलिके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका काल सर्वदा है। इस प्रकार जघन्य काल समाप्त हुआ।

इस प्रकार काल समाप्त हुआ।

अन्तरप्ररूपणा

५५५. अन्तर दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा

आदे० । ओघेण णिरय-मणुस-देवायूणं उक्कस्सट्टिदिबंधगंतरं केवचिरं० ? जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असंखे० असं० ओसप्पिणि-उस्सप्पिणीओ। अणु० जह० एग०, उक्क० चदुवीसं मुहुत्तं। सेसाणं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असं० असंखे० ओसप्पिणि०। अणु० णत्थि अंतरं। एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं कायजोगि-ओरालि०-ओरालियमि०-कम्मइ०-णवुंस०-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-[चक्खुदं] अचक्खुदं०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि०-आहार०-अणाहारग त्ति। णवरि ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहारगे देवगदि०४-तित्थय० उक्क० ओघं। अणु० जह० एग०, उक्क० मासपुधत्तं। तित्थय० वासपुधत्तं०।

५५६. सव्वएइंदियाणं दोआयु० ओघं। सेसाणं उक्क० अणु० णत्थि अंतरं। एवं वणप्फदि-णियोदाणं।

५५७. पुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरपुढवि०-आउ०-तेउ०-वाउ० तेसिं चेव पज्जत्ता० ओघं। णवरि पज्जत्तेसु तिरिक्खायु० अणु० जह० एग०, उक्क० अंतो०।

निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे, नरकायु, मनुष्यायु और देवायु इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल कितना है ? जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। जो कि असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके बराबर है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल चौबीस मुहूर्त है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल अङ्गुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है जो कि असंख्यातासंख्यात उत्सर्पिणी और अवसर्पिणी कालके बराबर है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है। इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिककाययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें देवगतिचतुष्क और तीर्थङ्कर इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तरकाल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर मासपृथक्त्व है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है।

५५६. सब एकेन्द्रिय जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है। इसी प्रकार वनस्पतिकायिक और निगोद जीवोंके जानना चाहिए।

५५७. पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, बादर पृथ्वीकायिक, बादर जलकयिक, बादर अग्निकायिक और बादर वायुकायिक तथा इन्हींके पर्याप्त जीवोंका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि पर्याप्तकोंमें तिर्यञ्चायुकी अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। तथा तैजस-

तेजा०-क० चदुवीसं मुहुत्तं० । बादर [पुढवि०-] आउ०-तेउ०-वाउ०अपज्जत्ता० एइंदियभंगो । सव्वसुहुमाणं एइंदियभंगो । बादरवणप्फदिपत्तेय० बादरपुढविभंगो ।

५५८. अवगदवेदे सव्वपगदीणं उक्क० जह० एग०, उक्क० वासपुधत्तं । अणु० जह० एग०, उक्क० छम्मासं० । एवं सुहुमसं० । वेउव्वियमि०-आहार०-आहारमि० तित्थय० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० वासपुधत्तं० । सेसाणं उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० अप्पप्पणो पगदिअंतरं ।

५५९. मणुसअपज्ज०-सासण०-सम्मामि० उक्क० ओघं । अणु० जह० एग०, उक्क० पलिदो० असंखे० । सेसाणं णिरयादि याव सण्णि त्ति उक्क० जह० एग०, उक्क० अंगुल० असंखे० । अणु० पगदिअंतरं । आयुगाणि एसिं अत्थि तेसिं उक्क० जह० एग०, उक्क० अंगुल० असंखे० । अणु० अप्पप्पणो पगदिअंतरं कादव्वं ।

एवं उक्कस्संतरं समत्तं

शरीर और कार्मणशरीरका चौबीस मुहूर्त है। बादर पृथ्वीकायिकअपर्याप्त, बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त और बादर वायुकायिक अपर्याप्त जीवोंका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। सब सूक्ष्मोंका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है। बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर जीवोंका भङ्ग बादर पृथ्वीकायिक जीवोंके समान है।

५५८. अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महिना है। इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्पराय संयत जीवोंके जानना चाहिए। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल ओघके समान है। अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर वर्षपृथक्त्व है। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका उत्कृष्ट अन्तर ओघके समान है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अपने अपने प्रकृति बन्धके समान है।

५५९. मनुष्यअपर्याप्त, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल ओघके समान है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पल्यके असंख्यातवें भाग प्रमाण है। नरकगतिसे लेकर संज्ञी तक शेष सब मार्गणाओंमें अपनी अपनी प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अङ्गुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है जो असंख्यातासंख्यात अवसर्पिणी और उत्सर्पिणियोंके बराबर है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल प्रकृतिबन्धके अन्तर कालके समान है। आयु जिनके हैं उनके उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है जो कि असंख्यातासंख्यात अवसर्पिणी और उत्सर्पिणियोंके बराबर है। तथा अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल अपने अपने प्रकृतिबन्धके अन्तर कालके समान करना चाहिए।

इस प्रकार उत्कृष्ट अन्तर काल समाप्त हुआ।

५६०. जहण्णए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० खवगपगदीणं जह० जह० एग०, उक० छम्मासं० । अज० णत्थि अंतरं । तिण्णिआयु०-वेउव्वियछ०-तिरिक्खग०-आहारदुग-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-तित्थय०-णीचा० उक्कस्सभंगो । सेसाणं जह० अज० णत्थि अंतरं । एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालियका०-णवुंस०-कोधादि०४-अचक्खु०-भवसि०-आहारगे त्ति ।

५६१. तिरिक्खेसु तिण्णिआयु०-वेउव्वियछ०-तिरिक्खगदि०४ जह० अज० उक्कस्सभंगो । सेसाणं जह० अज० णत्थि अंतरं । एवं तिरिक्खोघं ओरालियमि० [कम्मइ०-] मदि०-सुद०-असंज०-तिण्णिले०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-असण्णि-अणाहारे त्ति । णवरि ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहारगेसु देवगदि०४-तित्थय० जह० अज० उक्कस्सभंगो ।

५६२. मणुस०३ खवगपगदीणं ओघो । सेसाणं उक्कस्सभंगो । णवरि मणुसि० खवगपगदीणं वासपुधत्तं० ।

५६३. एइंदिय-बादरेइंदिय-पज्जत्ता अपज्जत्ता मणुसायु० तिरिक्खगदि०४ उक्कस्सभंगो । सेसाणं जह० अज० णत्थि अंतरं । सव्वसुहुमाणं मणुसायु० ओघं ।

---

५६०. जघन्यका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे क्षपक प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महिना है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । तीन आयु, वैक्रियिक छह, तिर्यञ्चगति, आहारकद्विक, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, तीर्थङ्कर और नीचगोत्र इनका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिककाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

५६१. तिर्यञ्चोंमें तीन आयु, वैक्रियिक छह और तिर्यञ्चगति चतुष्ककी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । इसी प्रकार सामान्य तिर्यञ्चोंके समान औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, तीन लेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल उत्कृष्टके समान है ।

५६२. मनुष्यत्रिकमें क्षपक प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । इतनी विशेषता है कि मनुष्यिनियोंमें क्षपक प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका उत्कृष्ट अन्तर काल वर्षपृथक्त्व है ।

५६३. एकेन्द्रिय, बादर एकेन्द्रिय और इनके पर्याप्त अपर्याप्त जीवोंमें मनुष्यायु और तिर्यञ्चगतिचतुष्कका भङ्ग उत्कृष्टके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । सब सूक्ष्म जीवोंमें मनुष्यायुका भङ्ग ओघके

सेसाणं जह० अज० णत्थि अंतरं । पुढवि०--आउ०-तेउ०-वाउ० तिरिक्खायु० जह० अज० णत्थि अंतरं । सेसाणं जह० जह० एग०, उक्क० अंगुलस्स असंखे० । अज० णत्थि अंतरं । मणुसायु० ओघं । बादरपुढवि०अपज्जत्ता मणुसायु० ओघं । सेसाणं जह० अज० णत्थि अंतरं । एवं बादरआउ०-तेउ०-वाउ०अपज्जत्ता । वणप्फदि-णियोद---सव्वबादरवणप्फदि--णियोद--बादरवणप्फदिपत्तेय० तस्सेव अपज्जता० मणुसायु० ओघं । सेसाणं जह० अज० णत्थि अंतरं ।

५६४. पंचिंदि०-तस०--पंचमण०--पंचवचि०--इत्थि०--पुरिस०--आभि०-सुद०-ओधि०--मणपज्जव०--संजद--सामाइ०--छेदो०--परिहार०--संजदासजद---चक्खुदं०--ओधिदं०-सुक्कले०-सम्मादि०-खइग०-सण्णि त्ति एदेसिं मणुसभंगो । णवरि खवग-पगदीणं सेढिविसेसो णादव्वो । अवगदवे० सव्वपगदीणं जह० अज० जह० एग०, उक्क० छम्मासं० । एवं सुहुमसंप० । सेसाणं णिरयादि याव सम्मामिच्छादिट्ठि त्ति सव्वपगदीणं अप्पप्पणो उक्कस्सभंगो ।

एवं अंतरं समत्तं

समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । पृथ्वीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक और वायुकायिक जीवोंमें तिर्यञ्चायुकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अंगुलके असंख्यातवें भाग प्रमाण है । जो असंख्यातासंख्यात अवसर्पिणियों और उत्सर्पिणियोंके बराबर है । अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है । बादर पृथ्वीकायिक अपर्याप्त जीवोंमें मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है । इसी प्रकार बादर जलकायिक अपर्याप्त, बादर अग्निकायिक अपर्याप्त और बादर वायुकायिक अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए । वनस्पतिकायिक, निगोद जीव, सब बादर वनस्पतिकायिक, सब बादर निगोद जीव, बादर वनस्पतिकायिक प्रत्येक शरीर और उनके अपर्याप्त जीवोंमें मनुष्यायुका भङ्ग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका अन्तर काल नहीं है ।

५६४. पञ्चेन्द्रिय, त्रसकायिक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत, चक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्ल लेश्यावाले, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और संज्ञी इनका भङ्ग मनुष्योंके समान है । इतनी विशेषता है कि क्षपक प्रकृतियोंकी श्रेणीविशेष जाननी चाहिए । अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर छह महिना है । इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंके जानना चाहिए । शेष नरकगतिसे लेकर सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवों तक शेष सब मार्गणाओंमें सब प्रकृतियोंका भङ्ग अपने अपने उत्कृष्टके समान जानना चाहिए ।

इस प्रकार अन्तर काल समाप्त हुआ ।

भावपरूवणा

५६५. भावं दुविधं–जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सए पगदं। दुवि०–ओघे० आदे०। ओघे० सव्वपगदीणं उक्क० अणु० बंधगा त्ति को भावो? ओदइगो भावो। एवं अणाहारग त्ति णेदव्वं।

५६६. जहण्णए पगदं। दुवि०–ओघे० आदे०। [ओघे०] सव्वपगदीणं जह० अज० को भावो? ओदइगो भावो। एवं याव अणाहारग त्ति णेदव्वं।

एवं भावं समत्तं

अप्पाबहुगपरूवणा

५६७. अप्पाबहुगं दुविधं–जीवअप्पाबहुगं चेव ट्ठिदिअप्पाबहुगं चेव। जीवअप्पाबहुगं तिविधं–जहण्णयं उक्कस्सयं अजहण्णअणुक्कस्सयं चेव। उक्कस्सए पगदं। दुवि०–ओघे० आदे०। ओघे० तिण्णिआयुगाणं वेउव्वियछ०-तित्थय० सव्वत्थोवा उक्कस्सट्ठिदिबंधगा जीवा। अणुक्कस्सट्ठिदिबंधगा जीवा असंखेज्जगुणा। आहारदुगं सव्वत्थोवा उक्क० जीवा। अणु० जीवा संखेज्जगुणा। सेसाणं सव्वत्थोवा उक्क० जीवा। अणु० जीवा अणंतगु०। एवं ओघभंगो तिरिक्खोघं कायजोगि-ओरालियका०-ओरालियमि०–कम्मइ०–णवुंस०–कोधादि०४–मदि०–सुद०–असंज०–अचक्खुदं०-

---

भावप्ररूपणा

५६५. भाव दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट और अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीवोंका कौन भाव है। औदयिक भाव है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिए।

५६६. जघन्यका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंकी जघन्य और अजघन्य स्थितिके बन्धक जीवोंका कौन भाव है? औदयिक भाव है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिए।

इस प्रकार भाव समाप्त हुआ।

अल्पबहुत्वप्ररूपणा

५६७. अल्पबहुत्व दो प्रकारका है—जीव अल्पबहुत्व और स्थिति अल्पबहुत्व। जीव अल्पबहुत्व तीन प्रकारका है—जघन्य, उत्कृष्ट और जघन्य उत्कृष्ट। उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे तीन आयु, वैक्रियिक छह और तीर्थङ्कर इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव सबसे अल्प है। इनसे अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। आहारकद्विककी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव सबसे अल्प हैं। इनसे अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव सबसे अल्प हैं। इनसे अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। इसी प्रकार ओघके समान सामान्य तिर्यञ्च, काययोगी, औदारिककाययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि,

तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०--मिच्छादि०--असण्णि०--आहार०-अणाहारगे त्ति। णवरि ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहार० देवगदि०४-तित्थय० सव्व० उक्क० जीवा। अणु० जीवा संखेज्जगु०। णवरि ओरालियका० तित्थय० अणु० ट्ठिदि० संखेज्जगु०। सेसाणं णिरयादि याव सण्णि त्ति एसु असंखेज्जाणंतरासीणं तेसिं सव्वत्थोवा उक्क० जीवा। अणु० जीवा असंखेज्ज०। एसु संखेज्जरासिं तेसिं सव्वत्थोवा उक्क० जीवा। अणु० जीवा संखेज्जगु०। णवरि एइंदि०-वणप्फदि-णियोदेसु तिरिक्खायु० ओघं।

एवं उक्कस्सं समत्तं

५६८. जहण्णए पगदं। दुवि०--ओघे० आदे०। ओघे० खवगपगदीणं तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०--उज्जो०-णीचा० सव्वत्थोवा जह०। अज० अणंतगु०। सेसाणं जह० सव्वत्थोवा जीवा। अज० असंखेज्ज०। णवरि आहारदुगं तित्थयरं च उक्कस्सभंगो। एवं ओघभंगो कायजोगि--ओरालियका०--णवुंस०--कोधादि०४--अचक्खु०-भवसि०-आहारगे त्ति।

५६९. तिरिक्खेसु तिरिक्खगदि--तिरिक्खाणु०--उज्जो०--णीचा० सव्वत्थोवा जह०। अज० अणंतगु०। सेसाणं सव्वपगदीणं सव्वत्थोवा जह० जीवा। अज०

असंज्ञी, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर इनकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इतनी विशेषता है कि औदारिककाययोगी जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिकी अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। नरकगतिसे लेकर संज्ञी तक शेष सब मार्गणाओंमें जो असंख्यात और अनन्त राशिवाली मार्गणायें हैं उनमें उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तथा इनमें जो संख्यात राशिवाली मार्गणायें हैं उनमें उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय, वनस्पति और निगोद जीवोंमें तिर्यञ्चायुका भङ्ग ओघके समान है।

इस प्रकार उत्कृष्ट अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

५६८. जघन्यका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे क्षपक प्रकृतियाँ, तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इतनी विशेषता है कि आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिककाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

५६९. तिर्यञ्चोंमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्र इनकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। शेष सब प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक है। इनसे

जीवा असंखे० । [एवं] ओरालियमि०-कम्मइ०-मदि०-सुद०--असंज०-तिण्णिले०-अब्भवसि०-मिच्छादि०--असण्णि-अणाहारगे त्ति । णवरि ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहार० देवगदि०४--तित्थयरं उक्कस्सभंगो। सेसाणं णिरयादि याव सण्णि त्ति असंखेज्ज--संखज्ज--अणंतरासीणं उक्कस्सभंगो । णवरि एइंदिय--वणप्फदि--णियोदेसु तिरिक्खायु० ओघं ।

५७०. अजहण्णमणुक्कस्सए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० खवगपगदीणं सव्वत्थोवा जह० जीवा । उक्क० असंखेज्ज० । अजहण्णमणुक्क० अणंतगु० । आहार-दुगं सव्वत्थोवा जह० ट्ठिदि० । उक्क० ट्ठिदि० संखेज्जगु० । अज०अणु० संखेज्ज० । तिण्णिआयु०--वेउव्वियछ० सव्वत्थोवा उक्क० । जह० असंखेज्ज० । अज०अणु० असंखेज्ज० । तिरिक्खगदि--तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० सव्वत्थोवा उक्क० । जह० असंखे० । अज०अणु० अणंतगु० । तित्थय० सव्वत्थोवा उक्क० । जह० संखेज्ज० । अज०अणु० असंखेज्ज० । सेसाणं पंचदंसणावरणादीणं सव्वत्थोवा उक्क० । जह० अणंतगु० । अज०अणु० असंखेज्जगु० ।

अजघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, तीन लेश्यावाले, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, असंज्ञी और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि औदारिकमिश्र-काययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें देवगति चतुष्क और तीर्थङ्करका भङ्ग उत्कृष्टके समान है। नरकगतिसे लेकर संज्ञी तक शेष जितनी मार्गणायें हैं उनमें असंख्यात, संख्यात और अनन्त राशिवाली मार्गणाओंमें उत्कृष्टके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रिय, वनस्पति और निगोद जीवोंमें तिर्यञ्चायुका भङ्ग ओघके समान है।

५७०. जघन्य उत्कृष्ट अल्पबहुत्वका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे क्षपक प्रकृतियोंकी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अजघन्यअनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। आहारकद्विककी जघन्य स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अजघन्य अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। तीन आयु और वैक्रियिक छहकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक है। इनसे जघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अजघन्य अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक है। इनसे जघन्य स्थितिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अजघन्य अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे जघन्य स्थितिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अजघन्य अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। शेष पाँच दर्शनावरण आदि प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं इनसे जघन्य स्थितिके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। इनसे अजघन्य अनुत्कृष्ट स्थितिके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं।

५७१. आदेसेण णेरइएसु दोण्णं आयु० सव्वत्थोवा उक्क० । जह० असंखेज्ज० । अज०मणुक्क० असंखेज्जगु० । णवरि मणुसायु० संखेज्जगुणं कादव्वं । सेसाणं सव्वपगदीणं सव्वत्थोवा जह० । उक्क० असंखे० । अज० मणुक्कस्स० असंखेज्ज० । एवं सव्वणिरयाणं । णवरि विदियादि याव छट्ठि त्ति इत्थि०-णवुंस०-तिरिक्खगदि-तिग-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचागो० सव्वत्थोवा जह० । उक्क० संखेज्जगु० । अज०अणु० ट्ठिदि० असंखेज्ज० । णवरि सत्तमाए तिरिक्खगदि०४ णिरयोघं । मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० तिरिक्खायुभंगो । एवं सव्वदेवाणं । णवरि आणद-पाणद० इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचा० सव्वत्थोवा जह० । उक्क० संखेज्जगु० । अज०अणु० असंखेज्ज० । सेसाणं सव्वत्थोवा उक्क० । जह० संखेज्ज० । अज०अणु० असंखेज्ज० । एवं उवरिमगेवज्जा त्ति । अणुदिस-अणुत्तर-सव्वट्ठे मणुसायु० देवोघं । सेसाणं सव्वत्थोवा जह० । उक्क० संखेज्ज० । अज०अणु० असंखेज्ज० । णवरि सव्वट्ठे संखेज्जगु० ।

८२८. शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रिय जाति, चार शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, निर्माण, तीर्थंकर और पाँच अन्तरायके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पद्म लेश्याके समान है। दो आयुओंका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है।

८२९. भवसि० ओघं । अब्भवसि० मदि०भंगो । णवरि मिच्छ० अवत्तव्वं णत्थि ।

८३०. सम्माइ०-खइयस० ओधिभंगो । णवरि खइगे देवायु०मणुसि०भंगो । वेदगे धुविगाणं सव्वत्थो० भुज०-अप्पद० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । सेसं ओधिभंगो । उवसम० ओधिभंगो । णवरि तित्थय० मणुसि०भंगो । सासणे धुविगाणं देवभंगो । सेसाणं साद-भंगो । णवरि ओरालि०-ओरालि०अंगो० सव्वत्थो० अवत्त० । भुज०-अप्पद० असंखेज्ज० । अवट्ठि० असंखेज्ज० । सम्मामि० सासण०भंगो । किंचि विसेसो । मिच्छादिट्ठि० मदि०भंगो ।

८३१. सण्णि० मणजोगिभंगो । असण्णीसु ओरालि०-ओरालि०अंगो० ओघं । सेसं मदि०भंगो । आहार० ओघं । अणहार० कम्मइगभंगो ।

एवं अप्पाबहुगं समत्तं ।

एवं भुजगारबंधो समत्तो ।

८२९. भव्य जीवोंके ओघके समान भङ्ग है । अभव्य जीवोंमें मत्यज्ञानियोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वका अवक्तव्य पद नहीं है ।

८३०. सम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें देवायुका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है । वेदक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है । उपशम सम्यग्दृष्टि जीवोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है । सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग देवोंके समान है । शेष प्रकृतियोंका भंग साता वेदनीयके समान है । इतनी विशेषता है कि औदारिक शरीर और औदारिक आङ्गोपाङ्गके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं । इनसे भुजगार और अल्पतर पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं । सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंके समान भङ्ग है । किन्तु यहाँ कुछ विशेषता है । मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है ।

८३१. संज्ञी जीवोंमें मनोयोगी जीवोंके समान भङ्ग है । असंज्ञी जीवोंमें औदारिक शरीर और औदारिक आङ्गोपाङ्ग का भङ्ग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है । आहारक जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है । अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है ।

इस प्रकार अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

इस प्रकार भुजगारबन्ध समाप्त हुआ ।

पदणिक्खेवो

८३२. पदणिक्खेवे तिण्णि अणियोगद्दाराणि । तत्थ इमाणि समुक्कित्तणा सामित्तं अप्पाबहुगे त्ति ।

समुक्कित्तणा

८३३. समुक्कित्तणाए दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सए पगदं। दुवि०—ओघे० आदे० । ओघे० सव्वाणं पगदीणं अत्थि उक्कस्सिया वड्ढी उक्कस्सिया हाणी उक्कस्सयमवट्ठाणं । एवं अणाहारग त्ति ।

८३४. जहण्णए पगदं। दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० सव्वाणं पगदीणं अत्थि जहण्णिया वड्ढी जहण्णिया हाणी जहण्णयमवट्ठाणं । एवं याव अणाहारग त्ति ।

एवं समुक्कित्तणा समत्ता।

सामित्तं

८३५. सामित्तं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सए पगदं। दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खगदि-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-आदाउज्जो०-थावर बादर पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि०-णीचा०-पंचंत०उक०वड्ढी कस्स होदि? यो चदुट्ठाणिययवमज्झस्स उवरि अंतोकोडाकोडी ट्ठिदिबंधमाणो तप्पाओग्ग-उक्कस्ससंकिलेसेण उक्कस्सयं दाहं गदो तत्तो उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधो तस्स उक्कस्सिया वड्ढी ।

पदनिक्षेप

८३२. पदनिक्षेपमें तीन अनुयोग द्वार हैं। जो ये हैं—समुत्कीर्तना, स्वामित्व और अल्पबहुत्व ।

समुत्कीर्तना

८३३. समुत्कीर्तना दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि, उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिये ।

८३४. जघन्यका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे सब प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान है। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए ।

इस प्रकार समुत्कीर्तना समाप्त हुई ।

स्वामित्व

८३५. स्वामित्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असातावेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, आतप, उद्योत, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है? जो चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपर अन्तःकोडाकोडी स्थितिका बन्ध करनेवाला तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशसे उत्कृष्ट दाहको प्राप्त

उक्कस्सिया हाणी कस्स० ? यो उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधमाणो मदो एइंदिए जादो तप्पाओग्ग-जहण्णए पडिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी। उक्कस्सयमवट्ठाणं कस्स० ? यो उक्कस्सयं ट्ठिदि-बंधमाणो सागारक्खयेण पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णाए पडिदो तस्स उक्कस्सयमवट्ठाणं। सादावे०-हस्स-रदि-थिर सुभ-जसगि एदाणं णाणावरणभंगो। णवरि तप्पाओग्गसंकिलिट्ठा त्ति भाणिदव्वं। इत्थि०-पुरिस०-मणुस० देवगदि-तिण्णिजादि ओरालियसरीरअंगोवंग-पंचसंठा०-पंचसंघ०-दोआणु०-पसत्थ०-सुहुम-[अ-] पज्जत्त-साधार०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० उक्कस्सिया वड्ढी कस्स० ? यो यवमज्झस्स उवरि अंतोकोडाकोडी ट्ठिदिबंधमाणो तप्पाओग्गसंकिलेसेण तप्पाओग्गउक्कस्सदाहं गदो तप्पाओग्गउक्कस्सट्ठिदिबंधो तस्स उक्क-स्सिया वड्ढी। उक्कस्सिया हाणी कस्स० ? यो उक्कस्सट्ठिदिबंधमाणो सागारक्खएण पडि-भग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पडिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी। तस्सेव से काले उक्कस्सयमव-ट्ठाणं। णिरयगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-वेउव्विअंगो०-असंपत्त०-णिरयाणु०-अप्पसत्थ०-तस-दुस्सर० उक्कस्सिया वड्ढी कस्स० ? यो चदुट्ठाणिययवमज्झस्स उवरि अंतोकोडाकोडी ट्ठिदिबंधमाणो उक्कस्सयं दाहं गदो तदो उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधो तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी० कस्स होदि ? यो उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधमाणो सागारक्खयेण पडिभग्गो तप्पाओग्ग-जहण्णए पडिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी। तस्सेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं। आहार०

होकर उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला मरकर एकेन्द्रियोंमें उत्पन्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करने लगता है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी कौन है ? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। सातावेदनीय, हास्य, रति, स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इनका ज्ञानावरणके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि यहाँ तत्प्रा-योग्य संक्लिष्ट जीव स्वामी होता है ऐसा कहना चाहिए। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, मनुष्यगति, देवगति, तीन जाति, औदारिक शरीर आङ्गोपाङ्ग, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, प्रशस्त विहायो-गति, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो यवमध्यके ऊपर अन्तःकोडाकोडी स्थितिका बन्ध करनेवाला तत्प्रायोग्य संक्लेशके कारण तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट दाहको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। नरकगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस और दुःस्वरकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है। जो चतुःस्थानिक यवमध्यके ऊपर अन्तःकोडाकोडी स्थितिका बन्ध करनेवाला उत्कृष्ट दाहको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। आहारक

आहार०अंगो०-तित्थय० उक्क० वड्ढी कस्स० ? यो तप्पाओग्गजहण्णयं ट्ठिदिबंधमाणो तप्पाओग्गजहण्णियादो संकिलेसादो तप्पाओग्गउक्कस्सयं संकिलेसं गदो तप्पाओग्गउक्क० ट्ठिदि० तस्स उक्कस्सिया वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स० ? यो तप्पओग्गउक्कस्सयं ट्ठिदिबंधमाणो सागारक्खयेण पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पडिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी। तस्सेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं। एवं ओघभंगो कायजोगि-कोधादि०४-मदि०-सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-आहारग त्ति।

८३६. णिरएसु पंचणाणावरणादीणं उक्कस्सयं संकिलिट्ठाणं ओघं णिरयगदिणामभंगो। सादादीणं तप्पाओग्गसंकिलिट्ठाणं ओघं इत्थिवेदभंगो। तित्थय० ओघभंगो। एवं सव्वणिरयाणं। णवरि सत्तमाए मणुसग०—मणुसाणु०—उच्चा० तित्थयरभंगो।

८३७. तिरिक्खेसु णिरयोघभंगो। मणुस०३-पंचिंदि०२-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-ओरालि०-इत्थि०-पुरिस०-णवुंस०-विभंग०-चक्खुदं०-पम्मले०-सण्णि त्ति एदाणं उक्कस्ससंकिलिट्ठाणं ओघं णिरयगदिभंगो। तप्पाओग्गसंकिलिट्ठाणं ओघं इत्थि०भंगो।

८३८. सव्वअपज्जत्त० पंचणा०-णवदंसणा०-असादा०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-तिरिक्खग०-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४ - तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावरादि०४-अथिरादिपंच-णिमि०-णीचा०-पंचंत० उक्क० वड्ढी०

शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतिकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाला तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसे तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। तथा वही तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है। इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

८३६. नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण आदि उत्कृष्ट संक्लेशसे बँधनेवाली प्रकृतियोंका भङ्ग ओघमें कही गयी नरकगति नामकर्मकी प्रकृतिके समान है। तत्प्रायोग्य संक्लेशसे बँधनेवाली साताआदि प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके अनुसार कहे गये स्त्रीवेदके समान है। तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार सब नारकियोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग तीर्थङ्कर प्रकृतिके समान है।

८३७. तिर्यञ्चोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है। मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पांच मनोयोगी, पांच वचनयोगी, औदारिक काययोगी, स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी, नपुंसकवेदी, विभङ्गज्ञानी, चक्षुदर्शनी, पद्मलेश्यावाले और संज्ञी इनमें उत्कृष्ट संक्लेशसे बँधनेवाली प्रकृतियोंका भङ्ग ओघमें कही गई नरकगतिके समान है। तत्प्रयोग्य संक्लेशसे बँधनेवाली प्रकृतियोंका भङ्ग ओघमें कहे गये स्त्रीवेदके समान है।

८३८. सब अपर्याप्त जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, असाता वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात,

कस्स० ? यो जहण्णगादो संकिलेसादो उक्कस्सयं संकिलेसं गदो उक्कस्सयं ट्ठिदिं पि बंधो तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स होदि ? यो उक्कस्सयं ट्ठिदिबं० सागारक्खएण० पडिभग्गो तप्पाओग्गजहण्णए पदिदो तस्स उक्कस्सिया हाणी। तस्सेव से काले उक्कस्सयमवट्ठाणं । सेसाणं सादादीणं तं चेव । णवरि तप्पाओग्ग त्ति भाणिदव्वं । एवं आणदादि याव सव्वट्ठा त्ति सव्वएइंदि०-विगलिंदि०[1] पंचकायाणं च । देवा याव सहस्सार त्ति णिरयभंगो । ओरालिय०-वेउव्वियमि०-आहारमि० अपज्जत्तभंगो। वेउव्विय०-आहारका० देवभंगो । कम्मइगा० ओरालियमिस्सभंगो । णवरि अवट्ठाणं बादरएइंदियस्स कादव्वं ।

८३६. अवगदवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-सादा०-चदुसंज०-जसगि०-उच्चा०-पंचंत० उक्क० वड्ढी कस्स० ? अण्णद० उवसामगस्स अणियट्टीबादरसांपराइगस्स दुचरिमादो ट्ठिदिबंधादो चरिमे ट्ठिदिबंधे वट्टमाणगस्स तस्स उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी कस्स० ? अण्णदरस्स खवगस्स अणियट्टि० पढमादो ट्ठिदिबंधादो बिदिए ट्ठिदिबंधे वट्टमाण० तस्स० उक्क० हाणी । तस्सेव से काले उक्क० अवट्ठाणं ।

८४०. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-छदंसणा०-असादा० बारसक०-पुरिस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं०-दोगदि-पंचिंदि०-चदुसरी०-समचदु०-[दो] अंगो०-वज्जरिस०

स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि पाँच, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है । उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य बन्ध कर रहा है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है । तथा वह तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है । शेष सातादि प्रकृतियोंका यही भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि तत्प्रायोग्यके कहना चाहिए । इसी प्रकार आनत कल्पसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंके तथा सब एकेन्द्रिय, विकलेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंके कहना चाहिए । सामान्य देव और सहस्रार कल्पतकके देवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है । औदारिक मिश्रकाययोगी, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है । वैक्रियिक काययोगी और आहारक काययोगी जीवोंमें देवोंके समान भङ्ग है । कार्मणकाययोगी जीवोंमें औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि अवस्थान बादर एकेन्द्रियके करना चाहिए ।

८३६. अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार संज्वलन, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर उपशामक अनिवृत्तिबादरसाम्परायिक जीव द्विचरम स्थितिबन्धसे अन्तिम स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है । उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर क्षपक अनिवृत्तिकरण जीव प्रथम स्थितिबन्धसे द्वितीय स्थितिबन्धमें विद्यमान है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है । तथा वही तदनन्तर समयमें उत्कृष्ट अवस्थानका स्वामी है ।

८४०. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, असाता वेदनीय, बारह कषाय, पुरुषवेद, अरति, शोक, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चे-

१ मूलप्रतौ-लिदि० पंचिंदि-तसपज्जत्त पंच-इति पाठः ।

वण्ण०४–दोआणु०–अगु०४–पसत्थवि०-तस०४-अथिर–असुभ–सुभग–सुस्सर–आदे०–अज०–णिमि०–उच्चा०–पंचंत० उक्क० वड्ढी कस्स० ? यो जहण्णयं ट्ठिदिबंधमाणो तप्पाओग्गजहण्णगादो संकिलेसादो उक्कस्सयं संकिलेसं गदो उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधो तस्स मिच्छत्ताभिमुहस्स चरिमे उक्कस्सए ट्ठिदिबंधे वट्टमाण० तस्स उक्क० वड्ढी। उक्क० हाणी कस्स० ? उक्कस्सयं ट्ठिदिबंधमाणो सागारक्खयेण पडिभग्गो तप्पाओग्ग० जह० ट्ठिदी० तस्स उक्क० हाणी। वड्ढीए चेव उक्कस्सयं अवट्ठायं। सादावे०-हस्स-रदि-आहारदुग-थिर-सुभ०-जसगि० आहार०भंगो। एवं मणपज्जव-संजद-सामाइयच्छेदो०-परिहार०-संजदासंज०–ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसम०-सम्मामिच्छा०। णवरि खइगे उक्कस्सयं संकिलेसं कादव्वं। सुहुमसंप० अवगद०भंगो। [किण्ण० णील काउ० णिरयभंगो। तेउए सोधम्मभंगो। सुक्काए] णवगेवज्जभंगो। सासणे णेरइगभंगो। असण्णि० तिरिक्खोघं। अणाहार० कम्मइगभंगो।

एवं उक्कस्ससामित्तं समत्तं

८४१. जहण्णए पगदं। दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०–मिच्छ०–सोलसक०-भय-दुगुं०-तिरिक्खदुग-पंचिंदि०–ओरालि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-दो-अंगो०–वण्ण०४-अगु०४-उज्जोव–तस०४-णिमि०–णीचा०–पंचंत० जह० कस्स० ?

न्द्रिय जाति, चार शरीर, समचतुरस्र संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराच संहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ; सुभग, सुस्वर, आदेय, अयशःकीर्ति, निर्माण, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो जघन्य स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तत्प्रायोग्य जघन्य संक्लेशसे उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है और जो मिथ्यात्वके अभिमुख होकर अन्तिम उत्कृष्ट स्थितिबन्धमें विद्यमान है वह उत्कृष्ट वृद्धिका स्वामी है। उत्कृष्ट हानिका स्वामी कौन है ? जो उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव साकार उपयोगका क्षय होनेसे प्रतिभग्न होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिका बन्ध करता है वह उत्कृष्ट हानिका स्वामी है। और वृद्धिके होनेपर ही उत्कृष्ट अवस्थान होता है। सातावेदनीय, हास्य, रति, आहारकद्विक, स्थिर, शुभ और यशःकीर्तिका भङ्ग आहारककाययोगी जीवोंके समान है। इसी प्रकार मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत, छेदोपस्थापना संयत, परिहारविशुद्धि संयत, संयतासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिक सम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशम सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि क्षायिक सम्यक्त्वमें उत्कृष्ट संक्लेश करना चाहिये। सूक्ष्मसाम्परायिकसंयत जीवोंमें अपगतवेदी जीवोंके समान भङ्ग है। *कृष्ण, नील और कापोतलेश्यावाले जीवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग* है। पीतलेश्यावाले जीवोंमें सौधर्म कल्पके समान भङ्ग है। शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें नौग्रैवेयकके समान भङ्ग है। सासादन सम्यग्दृष्टि जीवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। असंज्ञी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है।

इस प्रकार उत्कृष्ट स्वामित्व समाप्त हुआ।

८४१. जघन्यका प्रकरण है। निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चद्विक, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरु-

अण्ण० जो समयूणं उक्कस्सट्ठिदिं बंधमाणो पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए उक्कस्सए संकिलेसं गदो तदो उक्कस्सयं ट्ठिदिं पबद्धो तस्स जह० वड्ढी। जहण्णिया हाणी कस्स०? यो समजुत्तरं सव्वजह० ट्ठिदि० पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए उक्कस्सयं विसोधिं गदो तदो दाह० ट्ठिदि० तस्स जहण्णिया हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। सादावे० पुरिस०-हस्स-रदि-दोगदि-समचदु०-वज्जरिस०-दोआणु०-पसत्थ०-थिरादिछ०-उच्चा० जह० वड्ढी कस्स? यो समयूणं तप्पाओग्गउक्कस्सयं ट्ठिदिं बंध० तप्पाओग्गउक्क० संकिले० तदो उक्क० ट्ठिदिबंध० तस्स जहण्णिया वड्ढी। जह० हाणी कस्स०? यो समजुत्तरं तप्पाओग्गजह० माणो उक्कस्सं विसोधिं गदो तदो सव्व जह० तस्स जह० हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। असादा०-णवुंस०-अरदि-सोग-णिरयगदि-एइंदि०-हुंड०-असंपत्त०-णिरयाणु०-अप्पसत्थवि०-आदाव-थावर-अथिरादिछ० जह० वड्ढी कस्स०? यो समयूणं उक्कस्सयं ट्ठिदि बंध० पुण्णाए ट्ठिदि बंध० उक्कस्सियं संकिलेसं गदो तदो उक्क० ट्ठिदि० तस्स जह० वड्ढी। जह० हाणी० कस्स०? या तप्पाओग्गजह० समजुत्तरं ट्ठिदि० तप्पाओग्ग विसोधिं गदो तदो जह० ट्ठिदि० तस्स जह० हाणी। एगदरत्थमवट्ठाणं। इत्थिवे०-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-चदुसंघ०-सुहुम-अपज्ज०-साधार० जह० वड्ढी कस्स? यो समयूणं तप्पाओग्गउक्क० ट्ठिदि०माणो पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए तप्पाओग्गउक्क०

लघुचतुष्क, उद्योत, त्रस चतुष्क, निर्माण, नीचगोत्र, और पाँच अन्तरायकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? अन्यतर जो एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव उत्कृष्ट स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है? जो एक समय अधिक सबसे जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला स्थितिबन्धके कालके पूर्ण होनेपर उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर जघन्य स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, दो गति, समचतुरस्र संस्थान, वज्रर्षभनाराच संहनन, दो आनुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, स्थिर आदि छह और उच्चगोत्रकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? जो एक समय कम तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है? जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर सबसे जघन्य स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। असातावेदनीय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, नरकगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, नरकगत्यानुपूर्वी, अप्रशस्तविहायोगति, आतप, स्थावर और अस्थिर आदि छहकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? जो एक समय कम उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है। जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव तत्प्रायोग्य विशुद्धिको प्राप्त होकर जघन्य स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। स्त्रीवेद, तीन जाति, चार संस्थान, चार संहनन, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है? जो एक समय कम तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध

ट्ठिदि० तस्स जह० वड्ढी। जह० हाणी कस्स० ? समजुत्तरं तप्पाओग्गज० ट्ठिदि० पुण्णाए ट्ठिदिबं० तप्पाओग्गउक्क० विसोधिं गदो तप्पाओग्गजह० ट्ठिदि० तस्स जह० हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। आहार०–आहार०अंगो०–तित्थय० जह० वड्ढी कस्स० ? यो समजुत्तरं तप्पाओग्गउक्क० ट्ठिदो० पुण्णाए ट्ठिदिबं० तप्पाओ० उक्कस्ससंकिले० गदो तप्पाओ० उक्क० ट्ठिदि० तस्स जह० वड्ढी। जह० हाणी कस्स० ? यो समजुत्तरं सव्व जह० ट्ठिदि० पुण्णाए ट्ठिदिबंधगद्धाए उक्कस्सिया विसोधिं गदो तदो सव्व जह० बंधो तस्स जह० हाणी। एक्कदरत्थमवट्ठाणं। एवं ओघभंगो पंचिंदिय-तस०२–पंचमण०-पंचवचि०–कायजोगि–कोधादि०४–मदि०-सुद०-असंज०-चक्खुदं०-अचक्खुदं०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०–सण्णि–आहारग त्ति।

८४२. णेरइएसु पंचणा०–णवदंसणा०–मिच्छ०–सोलसक०–भय-दुगुं०–पंचिंदि०–ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४–अगु०४-तस०४–णिमि०-पंचंत० जह० वड्ढी-हाणी-अवट्ठाणं ओघं णाणावरणीयभंगो। साद०-पुरिस०-हस्स-रदि मणुसग०-समचदु०-वज्जरिस०–मणुसाणु०–पसत्थ०–थिरादिछ०-उच्चा० जह० वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणं ओघं। असादा०-णवुंस०-अरदि-सोग-तिरिक्खग०–हुंड०-असंपत्त०–तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्प-

कालके पूर्ण हो जानेपर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य जघन्य स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। आहारक शरीर, आहारक आङ्गोपाङ्ग और तीर्थंकर प्रकृतिकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो एक समय अधिक तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट संक्लेशको प्राप्त होकर तत्प्रायोग्य उत्कृष्ट स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है। जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो एक समय अधिक सबसे अधिक जघन्य स्थितिबन्ध करनेवाला जीव स्थितिबन्ध कालके पूर्ण हो जानेपर उत्कृष्ट विशुद्धिको प्राप्त होकर जघन्य स्थितिबन्ध करता है वह जघन्य हानिका स्वामी है। तथा इनमेंसे किसी एकके जघन्य अवस्थान होता है। इसी प्रकार ओघके समान पञ्चेन्द्रिय, त्रसद्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिये।

८४२. नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, त्रस चतुष्क, निर्माण और पाँच अन्तरायकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानका स्वामी ओघमें कहे गये ज्ञानावरणीयके समान है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, समचतुरस्र संस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, स्थिर आदि छह और उच्चगोत्रकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थानका स्वामी ओघके समान है। असाता वेदनीय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, अस्थिर आदि छह और

सत्थ०-अथिरादिछ०-णीचा० ओघं असादभंगो। इत्थिवे०-चदुसंठा०-चदुसंघ० ओघं इत्थिभंगो। तित्थय० ओघं। एवं सव्वणिरयाणं। णवरि सत्तमाए मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० तित्थय०भंगो।

८४३. तिरिक्खेसु ओघेण साधेदव्वं। पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्त० पंचणा०-णवदंसणा०-सोलसक०-मिच्छ०-भय-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० जहण्णि० तिण्णि वि ओघभंगो। साद०-पुरिस०-हस्स-रदि-मणुसगदि-पंचिंदि०-समचदु०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस०-मणुसाणु०-पर०-उस्सा०-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-उच्चा० ओघं आहारसरीरभंगो। असादा०-णवुंस०-अरदि-सोग-तिरिक्खगदि-एइंदि०-हुंडसं०-तिरिक्खाणु०-थावरादि०४-अथिरादिछ०-णीचा० ओघं असादभंगो। इत्थिवे०-तिण्णिजादि-चदुसंठा०-चदुसंघ०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-दुस्सर० ओघं इत्थिभंगो। एवं सव्वअपज्जत्तगाणं आणद याव उवरिमाणं देवाणं। हेट्ठाणं णिरयभंगो।

८४४. मणुस०३ तिरिक्खभंगो। एइंदिय-पंचकायाणं विगलिंदियाणं च अपज्जत्तभंगो। ओरालियका०-ओरालियमि० तिरिक्खोघं। वेउव्विय० वेउव्वियमि० देवोघं। णवरि मिस्से आणदभंगो। आहार०-आहारमिस्स० णिरयभंगो। कम्मइग० अवट्ठाणं

नीचगोत्रका भङ्ग ओघमें कहे गये असातावेदनीयके समान है। स्त्रीवेद, चार संस्थान और चार संहननका भङ्ग ओघके अनुसार कहे गये स्त्रीवेदके समान है। तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार सब नारकियोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भंग तीर्थङ्कर प्रकृतिके समान है।

८४३. तिर्यञ्चोंमें ओघके अनुसार साध लेना चाहिए। पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सोलह कषाय, मिथ्यात्व, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायके जघन्य तीनों ही ओघके समान हैं। सातावेदनीय, पुरुषवेद, हास्य, रति, मनुष्यगति, पञ्चेन्द्रियजाति, समचतुरस्र संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और उच्चगोत्रका भङ्ग ओघमें कहे गये आहारक शरीरके समान है। असातावेदनीय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार, अस्थिर आदि छह और नीचगोत्रका भङ्ग ओघमें कहे गये असातावेदनीयके समान है। स्त्रीवेद, तीन जाति, चार संस्थान, चार संहनन, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति और दुःस्वरका भङ्ग ओघमें कहे गये स्त्रीवेदके समान है। इसी प्रकार सब अपर्याप्तकोंके तथा आनत कल्पसे लेकर उपरिम ग्रैवेयक तकके देवोंके जानना चाहिए। नीचेके देवोंके नारकियोंके समान भङ्ग है।

८४४. मनुष्यत्रिकमें तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। एकेन्द्रिय, पाँच स्थावरकायिक और विकलेन्द्रियोंमें अपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। औदारिक काययोगी और औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें समान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है। वैक्रियक काययोगी और वैक्रियिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें सामान्य देवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि वैक्रियिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें आनत कल्पके समान भङ्ग है। आहारक काययोगी और आहारक मिश्रकाययोगी जीवोंमें नारकियोंके

एइंदियभंगो । सेसाणि णत्थि ।

८४५. इत्थि०-पुरिस० पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवुंसगे तिरिक्खोघं । अवगदवे० सव्वकम्माणं जह० वड्ढी कस्स० ? अण्णदरस्स उवसमग० परिवद० पढमट्ठिदिबंधादो विदिए ट्ठिदिबंधे वट्टमा० तस्स जहण्णिया वड्ढी । जह० हाणी कस्स० ? अण्णद० खवग० सुहुमसंप० दुचरिमादो ट्ठिदिबंधादो चरिमे ट्ठिदिबंधे वट्टमा० तस्स जह० हाणी । तस्सेव से काले जह० अवट्ठाणं । चदुसंज० अवट्ठिदस्स कादव्वं । एवं सुहुमसंप० । [विभंगे णिरयभंगो]

८४६. आभि०-सुद०-ओधि० मणपज्ज०-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार-संजदासंजद-ओधिदंस०-सम्मादि०-खइग०-वेदगस०-उवसम०-सासण०-सम्मामि० णाणावरणादि-सादासाद-आहारदुग-तित्थय० एदे अप्पप्पणो ट्ठिदिबंधेण ओघेण साधेदव्वं । किण्ण-णील-काउ० णिरयोघं । तेउ० सोधम्मभंगो । पम्माए सहस्सारभंगो । सुक्काए णवगेवज्जभंगो । असण्णि० तिरिक्खोघं । अणाहार० कम्मइगभंगो ।

एवं जहण्णसामित्तं समत्तं ।

८४७. एत्तो जहण्णुक्कस्ससामित्तसाधणट्ठं जहण्णुक्कस्समद्धच्छेदादो उक्कस्ससंकिलिट्ठं तप्पाओग्गसंकिलिट्ठं उक्कस्सविसोधि-तप्पाओग्गविसोधीहि जहण्णुक्कस्स-

समान भङ्ग है । कार्मण काययोगी जीवोंमें अवस्थानका भङ्ग एकेन्द्रियोंके समान है । शेष पद नहीं हैं ।

८४५. स्त्रीवेदी और पुरुषवेदी जीवोंमें पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है । नपुंसकवेदी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भंग है । अपगतवेदी जीवोंमें सब कर्मोंकी जघन्य वृद्धिका स्वामी कौन है ? जो गिरनेवाला अन्यतर उपशामक प्रथम स्थितिबन्धसे आकर द्वितीय स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह जघन्य वृद्धिका स्वामी है । जघन्य हानिका स्वामी कौन है ? जो अन्यतर क्षपक सूक्ष्म-साम्परायिक जीव द्विचरम स्थितिबन्धमे अन्तिम स्थितिबन्धमें अवस्थित है वह जघन्य हानिका स्वामी है । तथा वही तदनन्तर समयमें जघन्य अवस्थानका स्वामी है । चार संज्वलनका भंग अवस्थितके करना चाहिए । इसी प्रकार सूक्ष्म साम्परायिक संयत जीवोंके जानना चाहिए । विभंगज्ञानी जीवोंमें नारकियोंके समान भंग है ।

८४६. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिकसंयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धिसंयत, संयतासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें ज्ञानावरणादि, सातावेदनीय, असातावेदनीय, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर इन प्रकृतियोंकी जघन्य वृद्धिबन्ध आदिका स्वामित्व अपने अपने स्थितिबन्धको ध्यानमें रखकर ओघके अनुसार साध लेना चाहिए । कृष्ण, नील और कापोतलेश्यावाले जीवोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है । पीतलेश्यावाले जीवोंमें सौधर्म कल्पके समान भङ्ग है । पद्मलेश्यावाले जीवोंमें सहस्रार कल्पके समान भङ्ग है । शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें नौग्रैवेयकके देवोंके समान भङ्ग है । असंज्ञी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है । अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है ।

इस प्रकार जघन्य स्वामित्व समाप्त हुआ ।

८४७. इसके आगे जघन्योत्कृष्ट स्वामित्वकी सिद्धि करनेके लिए जघन्य उत्कृष्ट अद्धाच्छेदके अनुसार उत्कृष्ट संक्लिष्ट, तत्प्रायोग्य संक्लिष्ट, उत्कृष्ट विशुद्धि और तत्प्रायोग्य विशुद्धिको जहाँ जो

सामित्तं साधेदव्वं ।

एवं सामित्तं समत्तं ।

अप्पाबहुगं

८४८. अप्पाबहुगं दुविधं–जहण्णयं उक्कस्सयं च । उक्कस्सए पगदं । दुविधं–ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०-दोवेदणी०-मिच्छ०-सोलसक०-णवुंस०-चदुणोक०-भय-दु०–तिरिक्खग०–एइंदि०–ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०–वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-आदाउज्जो० -थावर-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०–थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-अणादे०-जस०-अजस०-णिमि०-णीचा०-पंचंत० सव्वत्थोवा उक्क० वड्ढी । उक्क० अवट्ठाणं विसे० । उक्क० हाणी विसे० । आहारदुगं सव्वत्थोवा उक्क० हाणी अवट्ठाणं च । वड्ढी संखेज्जगु० । तित्थय० सव्वत्थोवा उक्क० हाणी अवट्ठाणं च । उ० वड्ढी संखेज्जगु० । सेसाणं सव्वत्थोवा उक्क० वड्ढी । हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्लाणि विसे० । एवं ओघभंगो कायजोगि-कोधादि०४-मदि०–सुद०-असंज०-अचक्खुदं०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छादि०-आहारग त्ति ।

८४९. अवगदवे०-सुहुमसंप० सव्वाणं सव्वत्थोवा उक्क० हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला । उक्क० वड्ढी संखेज्जगु० । आभि०-सुद०-ओधि०-मणपज्जव-संजद-सामाइ०-छेदो०-परिहार०-संजदासंजद०-ओधिदं०–सम्मादि०-खइग०–वेदग०-उवसम०-सम्मामि०

सम्भव हो ध्यानमें रखकर जघन्योत्कृष्ट स्वामित्व साध लेना चाहिए ।

इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ ।

अल्पबहुत्व

८४८. अल्पबहुत्व दो प्रकारका है—जघन्य और उत्कृष्ट । उत्कृष्टका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, दो वेदनीय, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, नपुंसकवेद, चार नोकषाय, भय, जुगुप्सा, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, आतप, उद्योत, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, अनादेय, यशःकीर्ति, अयशःकीर्ति, निर्माण, नीचगोत्र और पाँच अन्तरायकी उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट अवस्थान विशेष अधिक है । इससे उत्कृष्ट हानि विशेष अधिक है । आहारकद्विककी उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है । तीर्थङ्कर प्रकृतिकी उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है । शेष प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर विशेष अधिक है । इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

८४९. अपगतवेदी और सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं । इनसे उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है । आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, संयत, सामायिक संयत, छेदोपस्थापनासंयत, परिहारविशुद्धि संयत, संयतासंयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि,

सव्वत्थोवा उक्कस्सिया हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला । उ० वड्ढी संखेज्जगु० । सादादीणं एसिं सत्थाणं उक्कस्सियं तेसिं सव्वत्थोवा उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला विसे० । सेसाणं णिरयादि याव असण्णि त्ति सव्वत्थोवा उक्क० वड्ढी । उक्क० हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला विसे० । णवरि कम्मइग-अणाहारगेसु सव्वत्थोवा उक्क० अवट्ठाणं । वड्ढी संखेज्जगु० । उ० हाणी विसेसाहिया ।

एवं उक्कस्सयं समत्तं

८५०. जहण्णए पगदं । दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० सव्वकम्माणं जह० वड्ढि-हाणि-अवट्ठाणं च तिण्णि वि तुल्ला । एवं णेरइगादि याव अणाहारग त्ति णेदव्वं । णवरि अवगदवे० सव्वत्थोवा जह० हाणी अवट्ठाणं च दो वि तुल्ला । जह० वड्ढी संखेज्जगु० । एवं सुहुमसंप० ।

एवं अप्पाबहुगं समत्तं ।
पदणिक्खेवे त्ति समत्तं ।

वड्ढिबंधो

८५१. वड्ढिबंधे त्ति तत्थ इमाणि तेरसेव अणियोगद्दाराणि । तं यथा—समुक्कित्तणा याव अप्पाबहुगे त्ति ।

वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं । इनमें उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है । सातादिमेंसे जिनका स्वस्थान उत्कृष्ट होता है उनकी उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर विशेष अधिक है । शेष नारकियोंसे लेकर असंज्ञी तककी मार्गणाओंमें उत्कृष्ट वृद्धि सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट हानि और उत्कृष्ट अवस्थान दोनों ही तुल्य होकर विशेष अधिक है । इतनी विशेषता है कि कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें उत्कृष्ट अवस्थान सबसे स्तोक है । इससे उत्कृष्ट वृद्धि संख्यातगुणी है । इससे उत्कृष्ट हानि विशेष अधिक है ।

इस प्रकार उत्कृष्ट अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।

८५०. जघन्यका प्रकरण है । उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकार है—ओघ और आदेश । ओघसे सब कर्मोंकी जघन्य वृद्धि, जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान तीनों ही तुल्य हैं । इसी प्रकार नारकियोंसे लेकर अनाहारक मार्गणा तक जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि अपगतवेदी जीवोंमें जघन्य हानि और जघन्य अवस्थान दोनों ही तुल्य हो कर सबसे स्तोक हैं । इनसे जघन्य वृद्धि संख्यातगुणी है । इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायिक जीवोंके जानना चाहिए ।

इस प्रकार अल्पबहुत्व समाप्त हुआ ।
इस प्रकार पदनिक्षेप समाप्त हुआ ।

वृद्धिबन्ध

८५१. अब वृद्धिबन्धका प्रकरण है । वहाँ ये तेरह अनुयोगद्वार हैं । यथा—समुत्कीर्तनासे लेकर अल्पबहुत्व तक ।

समुक्कित्तणा

८५२. समुक्कित्तणाए दुवि० ओघे० आदे०। ओघे० खवगपगदीणं अत्थि चत्तारि वड्ढी चत्तारिहाणी अवट्ठिद-अवत्तव्वबंधगा य। चदुण्णं आयुगाणं मूलपगदिभंगो। सेसाणं पगदीणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अवत्तव्वबंधगा य। एवं ओघभंगो मणुस०३-पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-ओरालि०-चक्खुदं०-अचक्खुदं०-भवसि०-सण्णि-आहारग त्ति।

८५३. णेरइएसु धुवियाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिद-बंधगा य। सेसाणं तित्थयरेण सह अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिद-अवत्तव्व-बंधगा य। दो आयु० अत्थि असंखेज्जभागहाणि-अवत्तव्वबंधगा य। एवं सव्वणिरय सव्वतिरिक्ख-मणुसअपज्ज०-सव्वदेव० पंचिंदिय-तसअपज्जत्तगाणं च।

८५४. एइंदिय-पंचकाएसु धुविगाणं अत्थि एक्कवड्ढि-हाणि-अवट्ठिद-बंधगा य। सेसाणं अत्थि एक्क-वड्ढि-हाणि-अवट्ठिदअवत्तव्वबंधगा य। विगलिंदिय-पज्जत्त-अपज्जत्तसु धुविगाणं अत्थि बे वड्ढि-हाणि-अवट्ठिदबंधगा य। सेसाणं अत्थि बे-वड्ढि-हाणि-अवट्ठिद-अवत्तव्वबंधगा य।

८५५. ओरालियमि० पंचणा०-णवदंसणा०-सोलसक०-भय-दुगुं०-देवगदि-ओरालि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०-उप०-णिमि०-

समुत्कीर्तना

८५२. समुत्कीर्तनाकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे क्षपक प्रकृतियोंकी चार वृद्धि, चार हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। चार आयुओंका भङ्ग मूल प्रकृतिबन्धके समान है। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। इसी प्रकार ओघके समान मनुष्यत्रिक, पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, काययोगी, औदारिककाययोगी, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, भव्य, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए।

८५३. नारकी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। तीर्थङ्कर प्रकृतिके साथ शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। दो आयुओंकी असंख्यात भागहानि और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। इसीप्रकार सब नारकी, सब तिर्यञ्च, मनुष्य अपर्याप्त, सब देव, पञ्चेन्द्रिय अपर्याप्त और त्रस अपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिए।

८५४. एकेन्द्रिय और पाँच स्थावरकायिक जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। विकलेन्द्रिय और इनके पर्याप्त और अपर्याप्त जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं।

८५५. औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, देवगति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वैक्रियिकआ-

तित्थय०-पंचंत० अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिद०। सादादीणं मिच्छत्तस्स च सव्व पगदीणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्तव्वबं०।

८५६. वेउव्वि० देवोघं। वेउव्वियमि० पंचणा०-णवदंसणा०-सोलसक० भय-दु०-ओरालि०-तेजा० क०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-णिमि०-तित्थय०-पंचंत० अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०। सेसाणं० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिद-अवत्तव्व-बंधगा य।

८५७. आहार०-आहारमि० धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिदबं०। सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिद अवत्तव्वबं०। कम्मइ० धुविगाणं देवगदि०४-तित्थय० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०बं०। सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिद-अवत्त०।

८५८. इत्थि-पुरिस-णवुंसगेसु अट्ठारसण्णं अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिदबं०। सादावे०-पुरिस०-जस०-उच्चा० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। सेसाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। अवगदवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-पंचंत० अत्थि संखेज्जभागवड्ढि-हाणि-संखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। सादावे०-जसगि०-उच्चा० अत्थि संखेज्जभागवड्ढि-हा०-संखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०।

ङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। साता आदि और मिथ्यात्वसे लेकर सब प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं॥

८५६. वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें सामान्य देवोंके समान भङ्ग है। वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण, तीर्थङ्कर और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं।

८५७. आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन-हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। कार्मणकाययोगी जीवोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियाँ, देवगति चतुष्क और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितपदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं।

८५८. स्त्रीवेदी, पुरुषवेदी और नपुंसकवेदी जीवोंमें अठारह प्रकृतियोंकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, और उच्चगोत्रकी चार वृद्धि, चार हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, संख्यात-गुणवृद्धि, संख्यातगुणहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, संख्यातगुणवृद्धि, संख्यातगुण-हानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं।

चदुसंज० अत्थि संखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० ।

८५९. कोधे पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० । सादावे०-पुरिस०-जस०-उच्चा० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० । सेसाणं ओघं । माणे पंचणा०-चदुदंस०-तिण्णिसंज०-पंचंत० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० । कोधसंजलण० सादभंगो । सेसं ओघं । मायाए पंचणा०-चदुदंस०-दोसंज०-पंचंत० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि अवट्ठि० । सेसाणं ओघं । लोभे ओघं । णवरि चोद्दस० अवत्तव्वं णत्थि ।

८६०. मदि०-सुद० धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० । चदुआयु० ओघं । मिच्छ० सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अवत्त० । एवं विभंग०-अब्भवसि०-मिच्छादि० । णवरि अब्भवसि०-मिच्छादि० मिच्छत्तस्स अवत्त० णत्थि ।

८६१. आभिणि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-चदुदंसणा०-सादा०-चदुसंज०-पुरिस०-जसगि०-उच्चा०-पंचंत० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि अवट्ठि०-अवत्त० । सेसाणं अत्थि तिण्णि-वड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० । एवं मणपज्ज०-संजद-ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-उवसम० ।

चार संज्वलनकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं ।

८५९. क्रोध कषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं । सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, और उच्चगोत्रकी चार वृद्धि, चार हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । मान कषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण चार दर्शनावरण, तीन संज्वलन और पाँच अन्तरायकी चार वृद्धि चार हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं । क्रोध संज्वलनका भङ्ग सातावेदनीयके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । माया कषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, दो संज्वलन और पाँच अन्तरायकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । लोभ कषायवाले जीवोंमें ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि चौदह प्रकृतियोंका अवक्तव्य पद नहीं है ।

८६०. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं । चार आयुओंका भङ्ग ओघके समान है । मिथ्यात्व और शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं । इसी प्रकार विभङ्गज्ञानी, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मिथ्यात्वका अवक्तव्य पद नहीं है ।

८६१. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, चार संज्वलन, पुरुषवेद, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी चार वृद्धि, चार हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं । शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं । इसी प्रकार मनःपर्ययज्ञानी, संयत, अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिये ।

८६२. सामाइ०-छेदो० पंचणा०-चदुदंस०-लोभसंज०-उच्चा०-पंचंत० अत्थि चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०। सेसाणं ओघं। परिहार०-संजदासंजदा० आहारकायजोगिभंगो। सुहुमसंप० पंचणा०-चदुदंस०-सादावे०-जस०-उच्चा०-पंचंत० अत्थि संखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०। असंजदे पंचणा०-छदंसणा०-बारसक०-भय०-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०। सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। एवं किण्ण-णील-काऊणं। णवरि किण्ण-णीलाणं तित्थय० अवत्त० णत्थि।

८६३. तेऊए पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-भय-दु०-तेजासरीरादि-पंचंतरा० अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०। सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। पम्माए पंचणा०-छदंसणा०-चदुसंज०-भय०-दु०-पंचिंदियादिपण्णरस-पंचंत० अत्थि-तिण्णिवड्ढि-हाणी०-अवट्ठि०। सेसाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। सुक्काए ओघं।

८६४. वेदगस० धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०। सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। सासणे धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०। सेसाणं० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त०। सम्मामिच्छा० पंचणा०-छदंसणा०-

८६२. सामायिक और छेदोपस्थापना संयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, लोभ संज्वलन, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी चार वृद्धि, चार हानि, और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। परिहारविशुद्धि संयत और संयतासंयत जीवोंमें आहारककाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है। सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि और अवस्थितपदके बन्धक जीव हैं। असंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। इसी प्रकार कृष्ण, नील और कापोतलेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कृष्ण और नीललेश्यावाले जीवोंके तीर्थङ्कर प्रकृतिका अवक्तव्य पद नहीं है।

८६३. पीतलेश्यावाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर आदि और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। पद्मलेश्यावाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति आदि पन्द्रह और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यपदके बन्धक जीव हैं। शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है।

८६४. वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं। सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अव-

बारसक०-पुरिस०-भय०-दु०-दोगदि पंचिंदि०-चदुसरीर-समचदु०-दोअंगो०-वज्जरिस०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-पंचंत० अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० । सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० ।

८६५. असण्णीसु धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० । सेसाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० । अणाहार० कम्मइगभंगो । एवं समुक्कित्तणा समत्ता ।

सामित्तं

८६६. सामित्ताणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० असंखेज्जभाग-वड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्णद० एइंदियस्स वा बीइंदियस्स वा तीइंदि० चदुरिंदि० पंचिंदि० सण्णि० असण्णि० बादर० सुहुम० पज्जत्ता अपज्जत्त० । संखेज्जभागवड्ढि-हाणिबंधो कस्स० ? अण्ण० बेइंदि० तीइंदि० चदुरिंदि० पंचिंदि० सण्णि० असण्णि० पज्जत्त० अपज्ज० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० कस्स० ? अण्ण० पंचिंदि० सण्णि० असण्णि० पज्जत्त० अपज्जत्त० । असंखेज्जगुणवड्ढिबंधो कस्स० ? अण्ण० अणियट्टिबादर० उवसमणादो परिवदमाणस्स मणुसस्स वा मणुसिएणी वा पढमसमय देवस्स वा । असंखेज्जगुणहाणिबंधो कस्स० ? अण्ण० उवसामगस्स वा खवगस्स वा

स्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं । सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, बारह कषाय, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रिय जाति, चार शरीर, समचतुरस्र संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रर्षभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं । शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं ।

८६५. असंज्ञी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव हैं । शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव हैं । अनाहारक जीवोंमें कार्मणकाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है ।

इस प्रकार समुत्कीर्तना समाप्त हुई ।

स्वामित्व

८६६. स्वामित्वानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित पदका स्वामी कौन है ? अन्यतर एकेन्द्रिय, द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय, संज्ञी, असंज्ञी, बादर, सूक्ष्म, पर्याप्त या अपर्याप्त जीव स्वामी है । संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिका स्वामी कौन है ? अन्यतर द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय, पञ्चेन्द्रिय, संज्ञी, असंज्ञी, पर्याप्त या अपर्याप्त जीव स्वामी है । संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका स्वामी कौन है ? अन्यतर पञ्चेन्द्रिय संज्ञी असंज्ञी पर्याप्त या अपर्याप्त जीव स्वामी है । असंख्यातगुणवृद्धिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर उपशमश्रेणिसे गिरनेवाला अनिवृत्तिबादरसाम्परायिक मनुष्य या मनुष्यनी अथवा प्रथम समयवर्ती देव स्वामी है । असंख्यातगुणहानिबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर उपशामक या क्षपक अनिवृत्तिबादरसाम्परायिक जीव स्वामी है । अवक्तव्य

अणियट्टिबादरसांपराइगस्स। अवत्त० कस्स होदि ? उवसमणादो परिवदमाणस्स मणुसस्स वा मणुसिणीए वा पढमसमयदेवस्स वा। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० कस्स० ? अण्ण० संजमादो वा संजमासंजमादो वा सम्मत्तादो वा सम्मामिच्छादो वा परिवदमाणगस्स पढमसमय-मिच्छादिट्ठिस्स वा सासणसम्मादिट्ठिस्स वा। णवरि मिच्छत्तस्स सासणादो वा पढम समयमिच्छादिट्ठिस्स वा। साद०-पुरिस०-जस०-उच्चा० चत्तारिवड्डि हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगा। अवत्त० कस्स०? अण्ण० परियत्त०। णिद्दा-पचला-भय०-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-णिमि० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० णाणावरणभंगो। असाद०-इत्थि०-णवुंस०-चदुणोक०-तिरिक्ख-मणुसग०-पंचजादि-छस्संठा०-छस्संघ०-दोआणु०-दोविहा०-तस-थावरादिणवयुगल-अजस०-णीचा० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरण-भंगो। अवत्त० सादभंगो। अपच्चक्खाणा०४-तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० संजमादो वा संजमासंजमादो वा परिवदमा० पढमस० मिच्छादि० सासण० सम्मामिच्छादिट्ठिस्स वा असंजद० वा। पच्चक्खाणा०४-तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणा-वरणभंगो। अवत्त० संजमादो परिवदमा० पढम० मिच्छा० सासण० सम्मामि० असंज० संजदासंजदस्स वा। चदुआयु० अवत्त० कस्स० ? अण्ण० पढमसमय-आयुग० बंधमा-

बन्धका स्वामी कौन है ? उपशमश्रेणिसे गिरनेवाला मनुष्य या मनुष्यिनी अथवा प्रथम समयवर्ती देव स्वामी है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, और अनन्तानुबन्धी चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर संयमसे संयमासंयमसे, सम्यक्त्वसे या सम्यग्मिथ्यात्वसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि और सासादनसम्यग्दृष्टि जीव स्वामी है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्व प्रकृतिकी अपेक्षा अवक्तव्य बन्धका स्वामी संयमादि चार स्थानोंसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि जीव तो है ही। साथ ही सासादनसम्यक्त्वसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि भी है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर परिवर्तमान जीव स्वामी है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात और निर्माणकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। असातावेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, चार नोकपाय, तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, पाँच जाति, छह संस्थान, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, त्रस और स्थावर आदि नौ युगल, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अप्रत्याख्यानावरण चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी संयम या संयमासंयमसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि या असंयतसम्यग्दृष्टि जीव है। प्रत्याख्यानावरण चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी संयमसे गिरनेवाला प्रथम समयवर्ती मिथ्यादृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि, सम्यग्मिथ्यादृष्टि, असंयतसम्यग्दृष्टि या संयतासंयत जीव है। चार आयुओंके अवक्तव्यबन्धका

णस्स । तेण परं असंखेज्जभागहाणी । वेउव्वियछ० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० सण्णि० असण्णि० । णवरि संखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० सण्णिपज्जत्त० । अवत्तव्व० सादभंगो । आहारदुग-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-तित्थय० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । अवत्त० कस्स० ? अण्णद० पढमसमयबंधमा० । ओरालि०-ओरालि०-अंगो० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो । अवत्त० कस्स० ? अण्ण० पढमसमयबंध० । एवं ओघभंगो कायजोगि-अचक्खु०-भवसि०-आहारग त्ति ।

८६७. णेरइएसु धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । सेसं ओघादो साधेदव्वं । णवरि सत्तमाए तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचा० थीणगिद्धिभंगो । मणुस०-मणुसाणु०-उच्चा० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो । अवत्त० कस्स० ? अण्ण० मिच्छत्तादो परिवद० पढम० असंज० सम्मामि० ।

८६८. तिरिक्खेसु धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । सेसाणं ओघं । एवं पंचिंदियतिरिक्ख०३ । पंचिंदि०तिरिक्खअपज्जत्त० धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । सेसं ओघं । एवं सव्वअपज्ज० अणुदिसदेवाणं च । मणुसेसु

स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रथम समयमें आयुकर्मका बन्ध करनेवाला जीव स्वामी है । उसके बाद असंख्यातभागहानि होती है । वैक्रियिक छहकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर संज्ञी और असंज्ञी जीव स्वामी है । इतनी विशेषता है कि संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका स्वामी संज्ञी पर्याप्त जीव है । अवक्तव्यबन्धका स्वामी सातावेदनीयके समान है । आहारकद्विक, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत और तीर्थंकरकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रथम समयमें बन्ध करनेवाला जीव स्वामी है । औदारिकशरीर और औदारिकआङ्गोपाङ्गकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर प्रथम समयमें बन्ध करनेवाला जीव स्वामी है । इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, अचक्षुदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

८६७. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । शेष ओघके अनुसार साध लेना चाहिए । इतनी विशेषता है कि सातवीं पृथिवीमें तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है । मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर मिथ्यात्वसे असंयत सम्यग्दृष्टि या सम्यग्मिथ्यात्वको प्राप्त होनेवाला प्रथम समयवर्ती नारकी जीव स्वामी है ।

८६८. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकके जानना चाहिए । पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है । इसी प्रकार सब अपर्याप्त और अनुदिश देवोंके जानना चाहिए । मनुष्योंमें ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि इनमें अवक्तव्य बन्धका स्वामी प्रथम समय-

ओघं। णवरि अवत्त० देवो त्ति ण भाणिदव्वं। एवं पंचमण०-पंचवचि०। देवेसु णिरयभंगो।

८६६. एइंदिय-पंचकाएसु धुविगाणं एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्णद०। सेसाणं एक्कवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। अवत्त० कस्स० ? अण्ण० परियत्त० पढम०। विगलिंदिएसु धुविगाणं दोवड्डि-हाणि-अवट्ठि० बंधो कस्स० ? अण्ण०। सेसाणं दोण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० कस्स० ? अण्ण० परियत्त० पढम०। पंचिंदि० तस्सेव पज्जत्ता ओघं। णवरि पंचिंदि० सण्णि०-असण्णि०-पज्जत्त०-अपज्जत्त त्ति भाणिदव्वं। तस-तसपज्जत्ता ओघं। णवरि बीइंदि० तीइंदि० चदुरिंदि० पंचिंदि० सण्णि० असण्णि० पज्जत्ता अपज्जत्ता त्ति भाणिदव्वं।

८७०. ओरालिका० ओघं। णवरि देवो त्ति ण भाणिदव्वं। ओरालियमि० तिरिक्खोघं। णवरि मिच्छ० कस्स० ? अण्ण० सासण० परिवद० पढम० मिच्छादिट्ठि०। देवगदि०४-तित्थय० अवत्त० णत्थि। वेउव्विय०-वेउव्वियमि० देवोघं। आहार०-आहारमि० धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्णद०। सेसाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० ओघं सादभंगो। कम्मइग० धुविगाणं देवगदि

वर्ती देव होता है यह नहीं कहना चाहिए। इसी प्रकार पाँच मनोयोगी और पाँच वचनयोगी जीवोंके जानना चाहिए। देवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है।

८६६. एकेन्द्रियोंमें और पाँच स्थावर कायिक जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर परिवर्तमान प्रथम समयवर्ती जीव स्वामी है। विकलेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर परिवर्तमान प्रथम समयवर्ती जीव स्वामी है। पञ्चेन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय पर्याप्त जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि पञ्चेन्द्रिय संज्ञी असंज्ञी पर्याप्त और अपर्याप्त ऐसा कहना चाहिए। त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंमें ओघके समान भंग है। इतनी विशेषता है दि द्वीन्द्रिय, त्रीन्द्रिय, चतुरिन्द्रिय और पञ्चेन्द्रिय संज्ञी असंज्ञी पर्याप्त व अपर्याप्त ऐसा कहना चाहिए।

८७०. औदारिक काययोगी जीवोंमें ओघके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य बन्धका स्वामी प्रथम समयवर्ती देव होता है ऐसा नहीं कहना चाहिए। औदारिक मिश्रकाययोगी जीवोंमें सामान्य तिर्यञ्चोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि मिथ्यात्वके अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर सासादन सम्यक्त्वसे गिरकर प्रथम समयमें मिथ्यादृष्टि हुआ जीव स्वामी है। देवगति चतुष्क और तीर्थंकर प्रकृतिका अवक्तव्य बन्ध नहीं है। वैक्रियिक शरीर और वैक्रियिक आंगोपांगका भंग सामान्य देवोंके समान है। आहारककाययोगी और आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी ओघमें कहे गये सातावेदनीयके समान है।

पंचगस्स च अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । सेसाणं अवट्ठि०-अवत्त० कस्स० ? अण्ण० । एवं अणाहार० ।

८७१. इत्थि० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० । णवरि असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० अणियट्टि० । णिद्दादंडस्स अवत्त० देवो त्ति ण भाणिदव्वं । सेसाणं ओघं । पुरिसेसु ओघं । णवुंसगे धुविगाणं इत्थिभंगो । सेसाणं ओघं । अवगदवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-पंचंत० संखेज्जभागवड्ढि-संखेज्जगुणवड्ढि-अवत्त० कस्स० ? अण्णद० उवसम परिवद० । तेसिं हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० उवसम० खवग० । सादावे०-जस०-उच्चा० संखेज्जभागवड्ढि-संखेज्जगुणवड्ढि-असंखेज्जगु०-अवत्त० कस्स० ? अण्ण० उवसम० परिवद० । तेसिं हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० उवसम० खवग० । चदुसंज० संखेज्जभाग०-अवत्त० कस्स० ? अण्ण० उवसाम० परिवद० । संखेज्जभागहाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण० उवसाम० खवग० ।

८७२. कोधेसु पंचणा०-चदुदंसणा० चदुसंज० पंचंत० तिण्णिवड्ढि-हाणि-असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० ओघं । अवत्त० णत्थि । सेसाणं च ओघं । माणे तिण्णिसंजलणं,

कार्मणकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली और देवगतिपञ्चकके अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । शेष प्रकृतियोंके अवस्थित और अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । इसी प्रकार अनाहारक जीवोंके जानना चाहिए ।

८७१. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है । इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका स्वामी अनिवृत्तिकरण जीव है । निद्रादण्डकके अवक्तव्य बन्धका स्वामी देव है ऐसा नहीं कहना चाहिए । शेष प्रकृतियोंका भंग ओघके समान है । पुरुषवेदी जीवोंमें ओघके समान भंग है । नपुंसकवेदी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भंग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है । शेष प्रकृतियोंका भंग ओघके समान है । अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, और अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर गिरनेवाला उपशामक जीव स्वामी है । उनकी हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर उपशामक और क्षपक जीव स्वामी है । साता-वेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणवृद्धि, और अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर गिरनेवाला उपशामक जीव स्वामी है । उनकी हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर उपशामक और क्षपक जीव स्वामी है । चार संज्वलनोंकी संख्यातभागवृद्धि और अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है । अन्यतर गिरनेवाला उपशामक जीव स्वामी है । संख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर उपशामक और क्षपक जीव स्वामी है ।

८७२. क्रोधकषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवस्थित बन्धका भंग ओघके समान है । यहाँ अवक्तव्य बन्ध नहीं है । शेष प्रकृतियोंका भंग ओघके समान है । मानमें तीन संज्वलन और मायामें दो संज्वलनोंके तीन पद कहने चाहिये । शेष भङ्ग ओघके समान

मायाए दोसंज० तिण्णि भाणिदव्वं। सेसं ओघं। लोभे पंचणा०-चदुदंस०-पंचंत० अवत्तव्वं णत्थि। सेसाणं ओघं।

८७३. मदि०-सुद० धुविगाणं अत्थि तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० तिरिक्खोघं। सेसाणं ओघं। एवं विभंग०-अब्भवसि०-मिच्छा०। णवरि अब्भवसि०-मिच्छादि० मिच्छत्त० अवत्त० णत्थि।

८७४. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पुरिस०-उच्चा०-पंचंत० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स०? अण्ण०। असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवत्त० ओघं। मणुसगदिपंचगस्स तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० कस्स०? अण्ण०। अवत्त० कस्स०? अण्ण० पढमस० देवस्स वा णेरइगस्स वा। सादावे०-जस० असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० ओघं। सेसाणं णाणावरणभंगो। णिद्दा पचलादीणं अवत्त० ओघं। सेसाणं णाणावरणभंगो। णवरि अवत्त० कस्स०? अण्ण० परियत्तमा०। णवरि देवगदि०४-तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० कस्स०? अण्ण०। एवं ओधिदंस-सम्मादि०-खइग०-वेदग०-उवसम०। णवरि वेदगे किंचि विसेसो। उवसमे वि असंखेज्जगुणवड्ढि० कस्स०? अण्ण० उवसामगस्स परिवदमा० पढमस० देवस्स वा। असंखेज्जगुणहाणि० कस्स०? अण्ण० उवसाम०

हैं। लोभ कषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायका अवक्तव्य बन्ध नहीं है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है।

८७३. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी तिर्यञ्चोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार विभङ्गज्ञानी, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मिथ्यात्वका अवक्तव्यबन्ध नहीं है।

८७४. आभिनिबोधिकज्ञानी श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव स्वामी है। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यबन्धका स्वामी ओघके समान है। मनुष्यगतिपञ्चककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर प्रथम समयवर्ती देव और नारकी जीव स्वामी है। सातावेदनीय और यशःकीतिकी असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका स्वामी ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। निद्रा और प्रचला आदिकके अवक्तव्यबन्धका स्वामी ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इतनी विशेषता है कि इनके अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर परिवर्तमान जीव स्वामी है। इतनी विशेषता है कि देवगति चतुष्ककी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है। अन्यतर जीव स्वामी है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, और उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि वेदकसम्यक्त्वमें कुछ विशेषता है। उपशमसम्यक्त्व में भी असंख्यातगुणवृद्धिका स्वामी कौन है? अन्यतर उपशमश्रेणीसे गिरकर प्रथम समयमें देव हुआ जीव स्वामी है। असंख्यातगुणहानिका स्वामी कौन है? अन्यतर उपशामक अनिवृत्तिकरण

अणियट्टि०। मणपज्जव-संजदे ओधिभंगो। णवरि खइगाणं पगदीणं असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० मणुसिभंगो।

८७५. सामाइ०-छेदोव० पंचणा०-चदुदंस०-लोभसंज०-उच्चा०-पंचंत० अवत्त० णत्थि। सेसाणं मणपज्जवभंगो। परिहार० आहारकायजोगिभंगो। सुहुमसंप० पंचणा०-चदुदंस०-सादावे०-जस०-उच्चा०-पंचंत० संखेज्जभागवड्डि० कस्स०? अण्णदरस्स उवसाम० परिवद०। संखेज्जभागहा०-अवट्ठि० कस्स०? अण्णद० उवसाम० वा खवगस्स वा। संजदासंजदेसु धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स०? अण्ण०। सेसाणं परिहार-भंगो। असंजदे धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं कस्स०? अण्ण०। सेसाणं तिरिक्खोघं। णवरि तित्थयरं ओघं। एवं किण्ण-णील-काउ०।

८७६. चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो। किंचि विसेसो। तेऊए पंचणा० छदंसणा०-चदुसंजल०-भय०-दु०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-णिमि०-पंचंत० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स०? अण्ण०। थीणगिद्धितिग-मिच्छत्त-बारसक० अवत्तव्वं ओघं। सेसं णाणावरणभंगो। सेसाणं पगदीणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०

जीव स्वामी है। मनःपर्ययज्ञानी और संयत जीवोंमें अवधिज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि क्षायिक प्रकृतियोंकी असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यबन्धका स्वामी मनुष्यिनियोंके समान है।

८७५. सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, लोभ संज्वलन, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायका अवक्तव्यबन्ध नहीं है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनःपर्ययज्ञानी जीवोंके समान है। परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंमें आहारककाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है। सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें पांच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, सातावेदनीय, यशःकीर्ति, उच्चगोत्र और पांच अन्तरायकी संख्यातभागवृद्धिका स्वामी कौन है? अन्यतर गिरनेवाला उपशामक जीव स्वामी है? संख्यातभागहानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर उपशामक और क्षपक जीव स्वामी है। संयतासंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंके समान है। असंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है! अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार कृष्ण, नील और कापोत लेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिये।

८७६. चक्षुदर्शनी जीवोंमें त्रसपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है। कुछ विशेषता है। पीतलेश्यावाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण, चार संज्वलन, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, निर्माण और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव स्वामी है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और बारह कषायके अवक्तव्यबन्धका स्वामी ओघके समान है। शेष ज्ञानावरणके समान भङ्ग है। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है? अन्यतर जीव स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी ओघके समान है। इसी प्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंमें जानना चाहिये।

कस्स० ? अण्ण०। अवत्तव्वं ओघं। एवं पम्माए। सुक्काए खवगपगदीणं असंखेज्जगुण-वड्डि-हाणि-अवत्तव्वं ओघं। सेसाणं तेउभंगो।

८७७. सासणे धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। सेसाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० विभंगभंगो। सम्मामि० धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। सेसाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। अवत्त० कस्स० ? बंधगस्स पढमसम०।

८७८. सण्णीसु पंचिंदियभंगो। णवरि सण्णि त्ति भाणिदव्वं। असण्णीसु धुविगाणं दोवड्डि-हाणि-अवट्ठि० कस्स० ? अण्ण०। सेसाणं दोवड्डि-हाणि-अवट्ठिदं कस्स० ? अण्ण०। अवत्तव्वं कस्स० ? परिय०। मणुसगदिदुग-वेउव्वियछ०-उच्चागोद वज्जित्ता सेसाणं संखेज्जगु० कस्स० ? अण्ण० एइंदि० विगलिंदियस्स वा विगलिंदिएसु असण्णिपंचिंदिएसु उवव० पढमसम०। संखेज्जगुणहाणी कस्स० ? अण्ण० विगलिंदि० असण्णिपंचिंदि० एइंदिएसु वा विगलिंदिएसु उवव० पढम०। णवरि एइंदि० आदाव थावर-सुहुम-साधार० वड्डी णत्थि।

एवं सामित्तं समत्तं

शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें क्षपक प्रकृतियोंकी असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य-बन्धका स्वामी ओघके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग पीतलेश्यावाले जीवोंके समान है।

८७७. सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका स्वामी विभङ्गज्ञानी जीवोंके समान है। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका स्वामी कौन है। अन्यतर जीव स्वामी है। अवक्तव्यबन्धका स्वामी कौन है। प्रथम समयमें बन्ध करनेवाला जीव स्वामी है।

८७८. संज्ञी जीवोंमें पञ्चेन्द्रियोंके समान भंग है। इतनी विशेषता है कि संज्ञी ऐसा कहना चाहिए। असंज्ञी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। शेष प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थित बन्धका स्वामी कौन है ? अन्यतर जीव स्वामी है। अवक्तव्य बन्धका स्वामी कौन है ? परिवर्तमान प्रथम समयवर्ती जीव स्वामी है। मनुष्यगतिद्विक, वैक्रियिक छह और उच्चगोत्रको छोड़कर शेष प्रकृतियोंकी संख्यातगुणवृद्धिका स्वामी कौन है ? अन्यतर एकेन्द्रिय और विकलेन्द्रिय जीव मरकर जब विकलेन्द्रियों और असंज्ञी पञ्चेन्द्रियोंमें उत्पन्न होता है तो ऐसा जीव पहले समयमें स्वामी है। संख्यातगुणहानिका स्वामी कौन है ? अन्यतर विकलेन्द्रिय और असंज्ञी पञ्चेन्द्रिय जीव जब मरकर एकेन्द्रियों और विकलेन्द्रियोंमें उत्पन्न होता है तब उत्पन्न होनेके प्रथम समयमें वह स्वामी है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रियोंमें आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारण प्रकृतिकी वृद्धि नहीं है।

इस प्रकार स्वामित्व समाप्त हुआ।

कालो

८७९. कालाणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे० । ओघेण खवगपगदीणं [1]चत्तारिवड्ढि-तिण्णिहाणिबंध० केवचि० ? जह० एग०, उक्क० बेसमयं । असंखेज्जगुण[2]हाणि-अवत्तव्वं केव० ? एग० । अवट्ठिद० जह० एग०, उक्क० अंतो० । चदुण्णं आयुगाणं अवत्तव्वं एग० । असंखेज्जभागहाणी जहण्णुक्कस्सेण अंतो० । सेसाणं तिण्णिवड्ढि-हाणी जह० एग०, उक्क० बेसमयं । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्तव्वं एग० । एवं ओघभंगो पंचिंदिय-तस०२-कायजोगि-पुरिस०-कोधादि०४-आभि०-सुद०-ओधि०-चक्खु०-अचक्खु० ओधिदं०-सुक्कले०-भवसि०-सम्मादि०-खइग०-उवसम०-सण्णि-आहारग त्ति । मणुस-तिण्णि-पंचमण०-पंचवचि०-ओरालिय० ओघं । णवरि असंखेज्जगुणवड्ढी बे समयं ण लभदि । एगसमयं भवदि । मणपज्जवसंजद-सामाइ०-छेदोवट्ठावण० मणुसभंगो ।

८८०. अवगदवेदे पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज० सव्वत्थ संखेज्जभागवड्ढि-हाणी संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी अवत्त० एग० । अवट्ठिदं ओघं । सादावे०-जस०-उच्चा० संखेज्ज-भागवड्ढि-हाणी संखेज्जगुणवड्ढि-हाणि असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी अवत्तव्वं एग० । अवट्ठि०

काल

८७९. कालानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश । ओघसे क्षपक प्रकृतियोंके चार वृद्धिबन्ध और तीन हानिबन्धोंका कितना काल है ? जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यबन्धका कितना काल है ? जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अवस्थितबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । चारों आयुओंके अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है । असंख्यात-भागहानिबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है । अवस्थितबन्धका जघन्यकाल एक समय है और उत्कृष्ट काल अन्तर्मुहूर्त है । अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्टकाल एक समय है । इसी प्रकार ओघके समान पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, काययोगी, पुरुषवेदी, क्रोधादि चार कषाय-वाले, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, चक्षुदर्शनी, अचक्षुदर्शनी, अवधिदर्शनी, शुक्ल-लेश्यावाले, भव्य, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिए । मनुष्यत्रिक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी और औदारिक काययोगी जीवोंमें ओघके समान काल है । इतनी विशेषता है कि इन मार्गणाओंमें असंख्यातगुणवृद्धिका दो समय काल उपलब्ध नहीं होता । किन्तु जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । मनःपर्ययज्ञानी, संयत सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें मनुष्योंके समान भङ्ग है ।

८८०. अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और चार संज्वलनकी सर्वत्र संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, संख्यातगुणवृद्धि, संख्यातगुणहानि और अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है । अवस्थित बन्धका काल ओघके समान है । सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि, संख्यातगुणवृद्धि संख्यात गुणहानि, असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल

१ मूलप्रतौ चत्तारितिण्णिवड्ढिहाणि इति पाठः । २ मूलप्रतौ गुणवड्ढिहाणि० इति पाठः ।

बं० ओघं। सुहुमसंप० सव्वपग० संखेज्जभागवड्ढि-हाणी एगस०। अवट्ठि० ओघं।

८८१. णिरएसु धुविगाणं सेसाणं च सव्वे भंगा ओघं णिरयगदीणामभंगो। णवरि पगदिविसेसं णादव्वं। एवं याव अणाहारग त्ति णेदव्वं। णवरि कम्मइ०-अणाहा० धुविगाणं अवट्ठिदं जह० एग०, उक्क० तिण्णिसमयं। देवगदिपंचगस्स अवट्ठिदं जह० एग०, उक्क० बेसमयं। सेसाणं थावरपगदीणं अवट्ठिदं जह० एग०, उक्क० तिण्णिसमयं। इत्थि०-पुरिस०-मणुसग०-चदुजादि-पंचसंठाण-ओरालि०अंगो०-छस्संघडण-मणुसाणु० दोविहा०-तस-सुभग-दोसर-आदेज्ज०-उच्चागो० अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम०। अवत्त० एग०।

एवं कालं समत्तं।

अंतरं

८८२. अंतराणुगमेण दुवि०-ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंतरा० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० अंतरं केव०? जह० एग०, उक्क० अंतो०। बेवड्ढि-हाणीबंध० जह० एग०, उक्क० अणंतकालं०। असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० अद्धपोग्गल०। णवरि असंखेज्जगुणव० जह०

एक समय है। तथा अवस्थितबन्धका काल ओघके समान है। सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है। तथा अवस्थितबन्धका काल ओघके समान है।

८८१. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली तथा शेष प्रकृतियोंके सब भङ्ग ओघके अनुसार नरकगति नामकर्मके समान हैं। इतनी विशेषता है कि प्रकृतिविशेष जानना चाहिए। इसी प्रकार अनाहारक मार्गणातक जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके अवस्थितबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन समय है। देवगति पञ्चकके अवस्थितबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। शेष स्थावरप्रकृतियोंके अवस्थितबन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल तीन समय है। स्त्रीवेद, पुरुषवेद, मनुष्यगति, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, मनुष्यगत्यानुपूर्वी, दो विहायोगति, त्रस, सुभग, दो स्वर, आदेय और उच्चगोत्रके अवस्थित बन्धका जघन्य काल एक समय है और उत्कृष्ट काल दो समय है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट काल एक समय है।

इस प्रकार एक जीवकी अपेक्षा काल समाप्त हुआ।

अन्तर

८८२. अन्तरानुगमकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित बन्धका अन्तरकाल कितना है? जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। दो वृद्धि और दो हानिबन्धोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य बन्धका

एग० । थीणगि०३–मिच्छ०-अणंताणु०४ असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठि० देसू० । बेवड्ढि-हाणि-अवत्तव्वं णाणावरणभंगो । णिद्दा-पचला-भय०-दुगुं०–तेजइगादिणव तिण्णिवड्ढि-हाणि–अवट्ठि०–अवत्त० णाणावरणभंगो । सादावेदणीय-जसगि० चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिदं णाणावरणभंगो । अवत्तव्वं जहण्णु० अंतो० । असाद०-चदुणोकसाय-थिराथिर-सुभासुभ–अजस० तिण्णिवड्ढि–हाणि-अवट्ठिद-अवत्तव्वं सादभंगो । अट्ठकसा० असंखे०भागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० पुव्वको० देसू० । बेवड्ढि-हाणि-अवत्तव्वं णाणावरणभंगो । इत्थिवे० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० थीणगिद्धिभंगो । अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० सादि० । पुरिसवेदं चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिदं णाणावरणभंगो । अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० सादिरे० । णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० असंखेज्ज०वड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठिसागरो० सादि० तिण्णिपलिदोवमाणि देसू० । बेवड्ढि-हाणि० णाणावरणभंगो । अवत्तव्वं जहण्णेण अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादि० तिण्णि-पलिदो० देसू० । णिरय-मणुस-देवायूणं असंखेज्जभागहाणि-अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क०

जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अर्धपुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है । इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणवृद्धिका जघन्य अन्तर एक समय है । स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छयासठ सागर है । दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा और तैजसशरीर आदि नौकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । सातावेदनीय और यशःकीर्तिकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । असातावेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और अयशःकीर्तिकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है । आठ कषायोंकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभाग हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है । दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्य बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । स्त्रीवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित पदका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर है । पुरुषवेदकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित पदका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर है । नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है । दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है । नरकायु, मनुष्यायु और देवायुके असंख्यातभाग हानि और अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात

अणंतका० असं० । तिरिक्खायु० असंखेज्जभागहाणि-अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० सागरो०सदपुधत्तं । वेउव्वियछक्कं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अणंतका० । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० अणंतका० असंखे० परि० । तिरिक्खग०-तिरिक्खाणुपु० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तेवट्ठिसागरो० सदं०[1] । बेवड्ढि-हाणि० णाणावरणभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा । मणुसगदि-मणुसाणु० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठिदं जह० अंतो०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा० । बेवड्ढि० बेहाणि० णाणावरणभंगो । चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठिदं जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पंचासीदिसागरोवमसदं । बेवड्ढि-हाणी० णाणावरणभंगो । पंचिंदि०-पर०-उस्सा०-तस०४ तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो । अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० पंचासीदिसागरोवमसदं । ओरालि० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठिदं जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदोवमाणि सादि० । बेवड्ढि०-हाणि० णाणावरणभंगो । अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० अणंतकालमसं० । आहारदुगं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०,

पुद्गलपरिवर्तन प्रमाण है । तिर्यञ्चायुकी असंख्यात भागहानि और अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण है । वैक्रियिक छहकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ त्रेसठ सागर है । दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है । मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है । दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । चार जाति, आतप और स्थावर आदि चारकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर इन सबका एक सौ पचासी सागर है । दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास और त्रस चतुष्कके तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ पचासी सागर है । औदारिकशरीरकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है । दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्तकाल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है । आहारकद्विककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है । अवक्तव्य बन्धका

१ मूलप्रतौ साग० सत्त बे इति पाठः ।

उक्क० अद्धपोग्गल०। समचदु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादि० तिण्णिपलिदो० देसू०। ओरालि०अंगो०-वज्जरि० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० ओरालियसरीरभंगो। अवत्त-व्वं जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०। उज्जो० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० तिरिक्खगदिभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेवट्ठिसागरोवसदं। तित्थयरं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०। उच्चागो० तिण्णिवड्ढि-हाणि अवट्ठि० मणुसगदिभंगो। अवत्तव्वं तं चेव। असंखेज्जगुणवड्ढि हाणि० णाणावरणभंगो। णीचागो० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० सादि० तिण्णिपलिदोवमाणि देसू०। बेवड्ढि हाणी० णाणावरणभंगो। अवत्तव्वं जहण्णेण अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा।

८८३. णिरएसु धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम०। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणु०४-इत्थि०-णवुंस०-दोगदि०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-[1]दोआणु०-उज्जो०-अप्पसत्थवि०-दूभग-दुस्सर अणादे० णीचुच्चागोदं तिण्णिवड्ढि-हाणि अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क०

जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर इन सबका अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयकी, तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रर्षभनाराचसंहननकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग औदारिक शरीरके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। उद्योतकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक सौ त्रेसठ सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग मनुष्यगतिके समान है। अवक्तव्य बन्धका वही भङ्ग है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। नीचगोत्रकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यात भा हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है।

८८३. नारकियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, दो गति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, दो आनुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय,

[1] मूलप्रतौ दोअंगो० उज्जो० इति पाठः।

तेत्तीसं साग० देसू० । सादादिबारस० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिदं जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त० जह०[1] उक्क० अंतो० । पुरिस०-समचदु०-वज्जरि०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदे० तिण्णिवड्ढि-हाणि अवट्ठि० सादभंगो । अवत्तव्वं इत्थिभंगो । दोआयु० दोपदा जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं देसू० । तित्थय० तिण्णिवड्ढि-हाणि० ज० एग०, उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसमयं । अवत्त० णत्थि अंतरं । एवं तीसु पुढवीसु तित्थक० । णवरि पढमाए अवत्त० णत्थि । छसु उवरिमासु मणुस०-मणुसाणुपुव्वीणं उच्चा० पुरिसभंगो । सेसाणं अप्पप्पणो अंतरं भाणिदव्वं । सत्तमाए णिरयोघं ।

८८४. तिरिक्खेसु धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि० ओघं । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० चत्तारि समयं । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ असंखेज्ज०वड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू० । बेवड्ढि-हाणि-अवत्त० ओघं । सादादिबारस ओघं । इत्थिवे० तिण्णिवड्ढि हाणि-अवट्ठि० थीणगिद्धिभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू० । अपचक्खाणा०४-णवुंस०-पंचसंठा-

नीचगोत्र और उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर इन सबका कुछ कम तेतीस सागर है। साता आदि बारह प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रऋषभनाराचसंहनन, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। दो आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महीना है। तीर्थंकर प्रकृतिकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितपदका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। अवक्तव्यबन्धका अन्तर काल नहीं है। इसी प्रकार तीन पृथिवियोंमें तीर्थंकर प्रकृतिका अन्तर काल है। इतनी विशेषता है कि पहली पृथिवीमें अवक्तव्यपद नहीं है। आगेकी छह पृथिवियोंमें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग पुरुषवेदके समान है। शेष प्रकृतियोंका अपना अपना अन्तर काल कहना चाहिये। सातवीं पृथिवीमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है।

८८४. तिर्यञ्चोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका भङ्ग ओघके समान है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चार समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्यबन्धका अन्तर काल ओघके समान है। साता आदि बारह प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। स्त्रीवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग स्त्यानगृद्धिके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। अप्रत्याख्यानावरण चार, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, आतप,

[1] मूलप्रतौ जह० एग० उक्क० इति पाठः ।

ओरालिअंगो०–छस्संघडण-आदाउज्जो०-अप्पसत्थवि०-दूभग-दुस्सर-अणादे० असंखेज्ज-भागवड्ढि-हाणि-अवट्ठिदं जह० एग०,उक्क० पुव्वकोडी देसू०। बेवड्ढि-हाणी० ओघं। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडि०। णवरि अपच्चक्खाणा० अवत्त० उक्क० अद्धपोग्ग० लपरि०। पुरिस० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू०। तिण्णिआयुगाणं दोपदा जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसूणं। तिरिक्खायुगस्स दोपदा जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी० सादि०। वेउव्वियछक्क-मणुसगदि–मणुसाणु०-उच्चागो० ओघं। पंचिंदि० समचदु० पर०-उस्सा०-पसत्थ०-तस०४–सुभग-सुस्सर-आदे० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० पुरिसवेदभंगो। अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसूणं। तिरिक्खग०–चदुजादि–ओरालि०–तिरिक्खाणु०-थावरादि०४–णीचागो० णवुंसगभंगो। णवरि तिरिक्खगदि-ओरालि०–तिरिक्खाणु०-णीचा० अवत्तव्वं ओघं।

८८५. पंचिंदि०तिरिक्ख०३ धुविगाणं बेवड्ढि हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो०। संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। अवट्ठि० जह० एग०,उक्क० तिण्णिसम०। थीणगिद्धि०३–मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठिदं जह०

उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यात-भागहानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ओघके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। इतनी विशेषता है कि अप्रत्याख्याना-वरण चारके अवक्तव्यबन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम अर्धपुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। पुरुषवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। तीन आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभाग प्रमाण है। तिर्यञ्चायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि है। वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग ओघके समान है। पञ्चेन्द्रियजाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर और आदेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग पुरुषवेदके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। तिर्यञ्चगति, चार जाति औदारिकशरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, स्थावर आदि चार और नीचगोत्रका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति, औदारिकशरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रके अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ओघके समान है।

८८५. पञ्चेन्द्रिय तिर्यञ्चत्रिकमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी दो वृद्धि और दो हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है

एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू० पुव्वकोडिपुध०। अपच्चक्खाणा०४ णवुंसगभंगो। णवरि अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। सादादिबारस बेवड्डि-हाणि-अवट्ठि-अवत्त० णिरयभंगो। संखेज्जगुणवड्डि-हाणि-जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडिपुध०। इत्थिवे० तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू०। पुरिसवे० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णिपलि० देसू०। णवुंसकवे०-तिण्णिगदि-चदुजादि-ओरालि०-पंचसंठा०-ओरालि० अंगो०-छस्संघ०-तिण्णिआणु०-आदा-उज्जो०-अप्पसत्थवि०-थावरादि०४-दूभग-दुस्सर-अणादे०-णीचागो०बेवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी० देसू०। संखे०गुणवड्डि-हाणि० णाणावरणभंगो। चदुण्णं आयुगाणं तिरिक्खोघो। देवगदि०४-पंचिंदि०-समचदु० पर०-उस्सास-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० साद-भंगो। अवत्त० णवुंसगभंगो।

८८६. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तगेसु धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणि० जह० एग०,

और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक कुछ कम तीन पल्य है। अप्रत्याख्यानावरण चारका भङ्ग नपुंसक वेदके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य बंधका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। साता आदि बारह प्रकृतियोंकी दो वृद्धि, दो हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग नारकियोंके समान है। संख्यातगुणवृद्धि और संख्यात-गुणहानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। स्त्रीवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य-बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। पुरुष-वेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। नपुंसकवेद, तीन गति, चार जाति, औदारिकशरीर, पाँच संस्थान, औदारिकआङ्गोपांग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आतप उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, स्थावर आदि चार, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर इन सबका कुछ कम एक पूर्वकोटि है। संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका भंग ज्ञानावरणके समान है। चार आयुओंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। देवगतिचतुष्क, पञ्चेन्द्रियजाति, समचतुरस्रसंस्थान, परघात, उच्छ्वास, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका भङ्ग नपुंसकवेदी जीवोंके समान है।

८८६. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्च अपर्याप्तकों में ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका

उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०,उक्क० तिण्णिसमयं । सेसाणं णिरयसादभंगो । एवं सव्वअपज्जत्ताणं ।

८८७. मणुस०३ पंचिंदियतिरिक्खभंगो । णवरि संखेज्जगुणवड्ढि-हाणि० उक्क० अंतो० । खवियाणं असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं । मणुसअप० धुवियाणं तिरिक्खअपज्जत्तभंगो । णवरि अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम० । सेसाणं सादभंगो ।

८८८. देवेसु धुविगाणं णिरयभंगो । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग दुस्सर-अणादे०-णीचा० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त०जह०अंतो०,उक्क०एक्कत्तीसं साग० देसू० । सादादि-वारस० णिरयभंगो । पुरिस०-समचदु०-वज्जरि०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज०-उच्चा० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० एक्कत्तीसं सा० देसू० । दोआयु० णिरयभंगो । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणुपु०-उज्जोवं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० अट्ठारस सागरोवमाणि सादि० । मणुसगदि-मणुसाणु० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो । अवत्त० तिरिक्खगदिभंगो । एइंदिय-आदाव-थावर० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०,

जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंमें सातावेदनीयके समान है । इसी प्रकार सब अपर्याप्तक जीवोंके जानना चाहिये ।

८८७. मनुष्यत्रिकमें पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि संख्यात गुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । क्षपक प्रकृतियोंकी असंख्यात-गुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है । मनुष्य अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्च-अपर्याप्तोंके समान है । इतनी विशेषता है कि अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग साता वेदनीयके समान है ।

८८८. देवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान है । स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है । साता आदि बारह प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान है । पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराच संहनन, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है । अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है । दो आयुओंका भङ्ग नारकियोंके समान है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक अठारह सागर है । मनुष्यगति, और मनुष्य-गत्यानुपूर्वीकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है । अव-क्तव्यबन्धका भङ्ग तिर्यञ्चगतिके समान है । एकेन्द्रियजाति, आतप और स्थावरकी तीन वृद्धि, तीन

उक्क० बेसागरो० सादि० । पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-तस० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो। अवत्त० एइंदियभंगो। तित्थय० धुवभंगो। एवं सव्वदेवाणं अप्पप्पणो अंतरं कादव्वं।

८८९. एइंदिएसु धुवियाणं एक्कवड्ढि-हाणी जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम०। एवं सव्वएइंदियाणं णादव्वं। णवरि तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-णीचा० अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जलोगा। बादरे कम्मट्ठिदी। पज्जत्ते संखेज्जाणि वाससहस्साणि। सुहुमे असंखेज्जा लोगा। मणुसगदिदुग-उच्चागो० एक्कवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० असंखेज्जा लोगा। बादरे कम्मट्ठिदी। पज्जत्ते संखेज्जाणि वाससहस्साणि। सुहुमे असंखेज्जा लोगा। सेसाणं अपज्जत्तभंगो। णवरि दोआयुगं पगदिअंतरं। विगलिंदि० दोआयु० पगदिअंतरं। सेसाणं मणुसअपज्जत्तभंगो।

८९०. पंचिंदिय०२ पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंतरा० बेवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०. उक्क० अंतो०। संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडिपुधत्तं। असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवत्तव्वं जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी०। णवरि

हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो सागर है। पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और त्रसकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्य बन्धका भङ्ग एकेन्द्रियके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके समान है। इसी प्रकार सब देवोंके, अपना अपना अन्तर काल जान लेना चाहिये।

८८९. एकेन्द्रियोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी एक वृद्धि, और एक हानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। इसी प्रकार सब एकेन्द्रियोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रके अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है। बादर एकेन्द्रियोंमें कर्मस्थिति प्रमाण है। पर्याप्तकोंमें संख्यात हजार वर्ष है। सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें असंख्यात लोक प्रमाण है। मनुष्यगति द्विक और उच्चगोत्रकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोक प्रमाण है। बादर एकेन्द्रियोंमें कर्मस्थिति प्रमाण है। पर्याप्तकोंमें संख्यात हजार वर्ष है। सूक्ष्म एकेन्द्रियोंमें असंख्यात लोक प्रमाण है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग अपर्याप्तकोंके समान है। इतनी विशेषता है कि दो आयुओंका भङ्ग प्रकृतिबन्धके अन्तरके समान है। विकलेन्द्रियोंमें दो आयुओंका भङ्ग प्रकृति बन्धके अन्तरके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनुष्य अपर्याप्तकोंके समान है।

८९०. पञ्चेन्द्रियद्विकमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कायस्थिति प्रमाण है। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणवृद्धिका

असंखज्जगुणवड्ढि० जह० एग० । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० देसू० । अवत्त० णाणावरणभंगो । सादा०-जस० चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो । अवत्त० जह० उक्क० अंतो० । णिद्दा-पचला-भय०-दुगुं०-तेजा०-कम्मइगादिणव० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्तव्वं च णाणावरणभंगो । असादादिदस० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सादावे०भंगो । अट्ठक०दोवड्ढि-दोहाणि०-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू० । संखेज्जगुणवड्ढि-हा०-अवत्तव्वं० णाणावरणभंगो । इत्थिवे० तिण्णिवड्ढि हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० देसू० । पुरिस०४वड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादि० दोहि पुव्वकोडीहि० । णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादिरे० तिण्णिपलिदो देसू० । तिण्णिआयु० दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० सागरो०सदपुध० । मणुसायु० दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० सागरोवमसहस्सा० पुव्वकोडिपुधत्तं । पज्जत्तगे चदुण्णंआयुगाणं दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० सागरो०सदपु० । णिरयगदि-चदुजादि-णिरयाणु०-आदाव-थावरादि०४ तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पंचासीदिसागरो०-

जघन्य अन्तर एक समय है । स्त्यानगृद्धि तीन मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छयासठ सागर है । अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । सातावेदनीय और यशःकीर्तिकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्यबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर और कार्मणशरीरादि नौ प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । असाता आदि दस प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है । आठ कषायोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है । संख्यातगुणवृद्धि, संख्यातगुणहानि और अवक्तव्यबन्धका भंग ज्ञानावरणके समान है । स्त्रीवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम दो छयासठ सागर है । पुरुषवेदकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थितबन्धका भंग ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर दो पूर्वकोटि अधिक दो छयासठ सागर है । नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है । तीन आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण है । मनुष्यायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व अधिक एक हजार सागर है । पर्याप्तकोंमें चारों आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ सागर पृथक्त्व प्रमाण है । नरकगति, चार जाति, नरकगत्यानुपूर्वी, आतप और स्थावर आदि चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक

सद० । तिरिक्खगदि-तिरिक्खाणु०-उज्जो० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेवट्ठिसाग०सदं० । मणुसग०-देवग०-वेउव्वि०-वेउव्वि०-अंगो०-बेआणु० तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । पंचिंदि०-पर०-उस्सास-तस०४ तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि णाणावरणभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पंचासीदिसाग०सद० । ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो० सादि० । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । आहारदुगं तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० कायट्ठिदी० । समचदु०-पसत्थ० सुभग-सुस्सर-आदे० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० सादि० तिण्णिपलिदो० देसू० । तित्थय० ओघं । णीचा० णवुंसगभंगो । उच्चा० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० देवगदिभंगो । असंखेज्जगुणवड्डि-हाणी० सादभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि० सादि० तिण्णिपलिदो० देसू० । एवं तस-तसपज्जत्तगे । णवरि सगट्ठिदी भाणिदव्वा ।

८६१. तसअपज्जत्तगेसु धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो० ।

समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एकसौ पचासी सागर है । तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योतकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर एकसौ त्रेसठ सागर है । मनुष्यगति, देवगति, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकआंगोपाङ्ग, और दो आनुपूर्वीकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है । पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास और त्रसचतुष्ककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एकसौपचासी सागर है । औदारिकशरीर, औदारिआंगोपांग और वज्रऋषभनाराच संहननकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है । आहारकद्विककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर कायस्थिति प्रमाण है समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छ्यासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है तीर्थंकर प्रकृतिका भंग ओघके समान है । नीचगोत्रका भंग नपुंसकवेदके समान है । उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग देवगतिके समान है । असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका भङ्ग सातावेदनीयके समान है । अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छ्यासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है । इसी प्रकार त्रस और त्रसपर्याप्त जीवोंके जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि अपनी अपनी स्थिति कहनी चाहिये ।

८६१. त्रस अपर्याप्तकोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य

अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० चत्तारि स० । सेसाणं तिरिक्खअपज्जत्तभंगो ।

८९२. पंचमण०-पंचवचि० पंचणा०अट्ठारस० तिण्णिवड्ढि-हा० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसमयं। असंखेज्जगुणवड्ढि हाणि० जहण्णु० अंतो० । अवत्त० णत्थि अंतरं । पंचदंस०-मिच्छ० बारसक०-भय-दुगु०-तेजइगादिणव-आहारदुग-तित्थयर० तिण्णिवड्ढि–हा०–अवट्ठि०-अवत्त० णाणावरणभंगो । सादा०–पुरिस०–जस०–उच्चा० तिण्णिवड्ढि–हाणि–अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । असंखेज्जगुणवड्ढि–हा० जह० उक्क० अंतो० । अवत्त० णत्थि अंतरं । इत्थि०–णवुंस०–हस्स रदि-अरदि-सोग-चदुगदि-पंचजादि-ओरालि०-वेउव्वि०-छस्संठाण–दोअंगो०-छस्संघ०-चदुआणु०-पर०-उस्सा०-आदाउज्जो०-दोविहा०-तस–थावरादिणवयुगल–अजस०-णीचा० तिण्णिवड्ढि-हा०-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त० णत्थि अंतरं। चदुण्णं आयुगाणं दोपदा० णत्थि अंतरं । एवं ओरालि०-वेउव्वि०-आहार० । णवरि ओरालि० काईसु० विसेसो । परियत्तमाणिगाणं अवत्त० जहण्णु० अंतो० ।

८९३. कायजोईसु पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० तिण्णिवड्ढि-हा०-अवट्ठि० ओघं । असंखेज्जगुणवड्ढि-हा० जह० उक्क० अंतो० । णवरि वड्ढि० जह० एग० । अवत्त०

अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तमुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल चार समय है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग तिर्यञ्च अपर्याप्तकोंके समान है।

८९२. पाँच मनोयोगी और पाँच वचनयोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण आदि आठारह प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तरकाल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल दो समय है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, तैजसशरीर आदि नौ, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर काल एक समय है और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तरकाल अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, हास्य, रति, अरति, शोक, चारगति, पाँच जाति, औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर, छह संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, चार आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस और स्थावर आदि नौ युगल, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। चार आयुओंके दो पदोंका अन्तर काल नहीं है। इसीप्रकार औदारिक काययोगी, वैक्रियिक काययोगी और आहारककाययोगी जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि औदारिककाययोगी जीवोंमें परिवर्तमान प्रकृतियोंके अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है।

८९३. काययोगी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ओघके समान है। असंख्यातगुणवृद्धि

णत्थि अंतरं। थीणगिद्धितिग-मिच्छ०-बारसक० तिण्णिवड्ढि-हा० णाणावरणभंगो। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० चत्तारिसम०। णिद्दा-पचला-भय-दु० ओरालि०-तेजइगादि-णव असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। बेवड्ढि-हा० जह० एग०, उक्क० अणंतकालं असंखे०। अवत्त० णत्थि अंतरं। साद०-पुरिस०-जस० चत्ता-रिवड्ढि-हा०-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। असाद०-छण्णो-कसाय-पंचजादि-छस्संठा०-ओरालियंगो०-छस्संघ०-पर०-उस्सा० आदाउज्जो०-दोविहा०-तस-थावरादिणवयुगल अजस० तिण्णिवड्ढि-हाणि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। णिरय-देवायुगस्स दोपदा० णत्थि अंतरं। तिरिक्खायु० दोपदा० ज० अंतो०, उक्क० बावीसं वाससहस्सा० सादि०। मणुसायु० दो वि पदा ओघं। मणुसग०-मणुसाणु० ओघं। वेउव्वियछक्क-आहारदुग-तित्थयरं तिण्णि-वड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० णत्थि अंतरं। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचा० संखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। बेवड्ढि हाणि-अवत्त० मणुसगदिभंगो। उच्चा० मणुसगदिभंगो। णवरि असंखेज्जगुणवड्ढि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। असं-

और असंख्यातगुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर काल अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणवृद्धिका जघन्य अन्तर काल एक समय है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और बारह कषायकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चार समय है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर और तैजसशरीरादि नौ प्रकृतियोंकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। दो वृद्धि और दो हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है जो असंख्यात पुद्गल परिवर्तन प्रमाण है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। सातावेदनीय, पुरुषवेद और यशःकीर्तिकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असाता वेदनीय, छह नोकषाय, पाँच जाति, छह संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, परघात, उच्छ्वास, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस और स्थावर आदि नौ युगल और अयशःकीर्तिकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। नरकायु और देवायुके दो पदोंका अन्तर काल नहीं है। तिर्यञ्चायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक बाईस हजार वर्ष है। मनुष्यायुके दोनों ही पदोंका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका भङ्ग ओघके समान है। वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रकी संख्यातभागवृद्धि, संख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्य बन्धका भङ्ग मनुष्यगतिके समान है। उच्चगोत्रका भङ्ग मनुष्यगतिके समान है। इतनी विशेषता है कि असंख्यातगुणवृद्धिका जघन्य अन्तर एक

खेज्जगुणहा० जह० उक्क० अंतो० । एवं सव्वाणं असंखेज्जगुणवड्डि-हाणी० ।

८६४. ओरालियमिस्सका० धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हा० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम० । देवगदि०४-तित्थय० तिण्णिवड्डि-हा० णाणावरणभंगो । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम० । दोआयु० दोपदा० अपज्जत्तभंगो । सेसाणं परियत्तमाणियाणं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त० जहण्णु० अंतो० ।

८६५. वेउव्वियमि० वेउव्वियकायजोगिभंगो । णवरि परियत्तमाणियाणं अवत्त० जह० उक्क० अंतो० । एवं आहारमि० । कम्मइ० सव्वाणं णत्थि अंतरं । अथवा वेउव्वियमि०-ओरालियमि०-कम्मइ० अवत्त० णत्थि अंतरं ।

८९६. इत्थिवे० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० बेवड्डि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो० । संखेज्जगुणवड्डि-हा० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडिपुध० । असंखेज्जगुणवड्डि-हा० जह० उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग० उक्क० तिण्णि समयं । थीणगिद्धि०३ मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ तिण्णिवड्डि-हा०-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसू० । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पलिदोवमसदपुध० । णिद्दा-

समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असंख्यातगुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसी प्रकार सब जीवोंके असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका अन्तर काल जानना चाहिये ।

८६४. औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है। देवगति चार और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। दो आयुओंके दो पदोंका भङ्ग अपर्याप्तकोंके समान है। शेष परिवर्तमान प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

८६५. वैक्रियिकमिश्रकाययोगी जीवोंका भङ्ग वैक्रियिककाययोगी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि परिवर्तमान प्रकृतियोंके अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इसीप्रकार आहारकमिश्रकाययोगी जीवोंके जानना चाहिये। कार्मणकाययोगी जीवोंमें सब कर्मोंका अन्तर काल नहीं है। अथवा वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, औदारिकमिश्रकाययोगी और कार्मणकाययोगी जीवोंमें अवक्तव्य बन्धका अन्तरकाल नहीं है।

८६६. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी दो वृद्धि और दो हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्वकोटि पृथक्त्व प्रमाण है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धीचारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित

पचला-भय-दुगुं०-तेजइगादिणव० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त०णत्थि अंतरं। सादा०-जसगि० तिण्णि-वड्ढि-हा० णाणावरणभंगो। असंखेज्जगुणवड्ढि-हा०-अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क अंतो०। असादादिदस० पंचिंदियभंगो। अट्ठकसा० बेवड्ढि-हा०-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। संखेज्जगुणहाणी० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पलिदोवमसदपुधत्तं। इत्थि०-णवुंस० तिरिक्खग०-एइंदि०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-तिरिक्खाणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-थावर-दूभग-दुस्सर-अणादे० णीचा० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसू०। णिरयायु० दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसू०। तिरिक्ख-मणुसायु० दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० पलिदो० सदपुध०। [देवायु०] दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० अट्ठावण्णं पलिदो० पुव्वकोडिपुध०। मणुसगदिपंचगं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० [तिण्णि] पलिदो० देसू०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसू०। णवरि ओरालियसरीर० पणवण्णं पलिदो० सादि०। वेउव्वियछ०-तिण्णिजादि-सुहुम-अपज्ज०-साधार० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पणवण्णं

बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पचपन पल्य है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्त सौ पल्य पृथक्त्व प्रमाण है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा और तैजसशरीर आदि नौ प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानवरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। सातावेदनीय और यशःकीर्तिकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असाता आदि दस प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियोंके समान है। आठ कषायोंकी दो वृद्धि, दो हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। संख्यातगुणहानिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर सौ पल्य पृथक्त्व प्रमाण है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, स्थावर, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय और नीचगोत्रकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पचपन पल्य है। नरकायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्व कोटिका कुछ कम त्रिभाग-प्रमाण है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर्मुहूर्त है। और उत्कृष्ट अन्तर सौ पल्य पृथक्त्व प्रमाण है। देवायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर पूर्व कोटि पृथक्त्व अधिक अट्ठावन पल्य है। मनुष्यगतिपञ्चककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पचपन पल्य है। इतनी विशेषता है कि औदारिकशरीरका साधिक पचपन पल्य है। वैक्रियिक छह, तीन जाति, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी

पलिदो० सादि० । पुरिस०-उच्चा० चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसू०[1] । [पंचिंदि-समच०-पसत्थ०-तस०सुभग० सुस्सर०-आदे०] तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० [2]सादभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० देसू० । आहारदुगं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह०-एग०, अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० सगट्ठिदी० । पर०-उस्सा०-बादर-पज्जत्त-पत्ते० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पणवण्णं पलिदो० सादि० । तित्थय० तिण्णिवड्ढि-हा० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम० । अवत्त० णत्थि अंतरं ।

८९७. पुरिस० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० पंचिंदियपज्जत्तभंगो । णवरि अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि सम० । अवत्त० णत्थि अंतरं । सेसाणं सव्वाणं पंचिंदियपज्जत्तभंगो । यो विसेसो तं भणिस्सामो । पुरिसे अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठिसाग० सादि० । णिरयायु० दोपदा० जह०-अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसू० । देवायु० दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं

तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक पचपन पल्य है। पुरुषवेद और उच्चगोत्रकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पचपन पल्य है। पञ्चेन्द्रिय-जाति, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्तविहायोगति, त्रस, सुभग, सुस्वर और आदेयकी तीनवृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम पचपन पल्य है। आहारकद्विककी तीनवृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तमुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर अपनी स्थिति प्रमाण है। परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्त और प्रत्येक-की तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक पचपन पल्य है। तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अव-स्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। अवक्तव्य बन्धका अन्तरकाल नहीं है।

८९७. पुरुषवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर तीन समय है। अवक्तव्यबन्धका अन्तर काल नहीं है। शेष सब प्रकृतियोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रिय पर्याप्तक जीवोंके समान है। जो विशेषता है उसे कहते हैं—पुरुषवेदके अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर है। नरकायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभाग प्रमाण है। देवायुके दो

१ मूलप्रतौ देसू० । सेसाणं ओघं । ओरालि०अंगो० तिण्णि० इति पाठः । २ मूलप्रतौ अवट्ठि० मणुसगदिभंगो इति पाठः ।

साग० सादि०। मणुसगदिपंचगस्स तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० सादि०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि०। समचदु०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदे० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० बेछावट्ठि सा० सादि० तिण्णि पलिदो० देसू०। उच्चा० चत्तारि-वड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो। अवत्त० समचदु०भंगो। एसिं० असंखेज्जगुणहाणि-बंधंतरं कायट्ठिदी० तेसिं तेत्तीसं सा० सादि० पुव्वकोडी सादिरे०।

८६८. णवुंस० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंजल०-पंचंत० तिण्णिवड्ढि-हाणी० ओघं। असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी० जह० उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० चत्तारि सम०। थीणगिद्धि३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०। बेवड्ढि-हाणि-अवत्त० ओघं। णिद्दा-पचला-भय-दुगुं०-तेजइगादिणव० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणावरणभंगो। अवत्त० णत्थि अंतरं। सादावे०-जसगि० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० ओघं। असंखेज्ज-गुणवड्ढि-हाणी० जह० उक्क० अंतो०। असादादिदस-अट्ठकसा०-तिण्णिआयु०-वेउ-व्वियछ०-मणुसगदिदुग०-आहारदुग० ओघं। देवायु० तिरिक्खभंगो। इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा-पंचसंघ०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० असंखेज्जभागवड्ढि-

पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। मनुष्यगति पञ्चककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तीन पल्य है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक दो छयासठ सागर और कुछ कम तीन पल्य है। उच्चगोत्रकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका भङ्ग समचतुरस्र संस्थानके समान है। जिनके असंख्यात गुणहानिबन्धका अन्तर कायस्थिति प्रमाण है उनके वह पूर्वकोटि अधिक साधिक तेतीस सागर है।

८६८. नपुंसकवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका भङ्ग ओघके समान है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चार समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ओघके समान है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा और तैजसशरीर आदि नौ प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका अन्तरकाल नहीं है। सातावेदनीय और यशःकीर्तिकी तीन वृद्धि, तीन हानि अवस्थित और अवक्तव्यबन्धका अन्तरकाल ओघके समान है। असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असातावेदनीय आदि दस, आठ कषाय, तीन आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगतिद्विक और आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। देवायुका भङ्ग तिर्यञ्चोंके समान है। स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच

हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । बेवड्ढि-हाणी० ओघं । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० । पुरि०-समच०-पसत्थ०-सुभग०-सुस्सर०-आदे० तिण्णिवड्ढि-हाणि० सादभं० । अवत्त० जह० अंतो, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू० ।] तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचा० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० इत्थिवेदभंगो । बेवड्ढि-हाणी-अवत्त० ओघं । चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ एकवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । बेवड्ढि-हा० ओघं । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । पंचिंदि०-पर०-उस्सा०-तस०४ तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० सादभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी० देसू० । बेवड्ढि-हा० ओघं । ओरालि० अवत्त० ओघं । ओरालि०अंगो० अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं० सा० सादि० । वज्जरिस० देसू० । तित्थय० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडि-तिभागं देसू० । उच्चा० मणुसगदिभंगो । णवरि असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी० इत्थि०भंगो ।

संहनन, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ओघके समान है अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। पुरुषवेद, समचतुरस्र संस्थान, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है। दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्यबन्धका भङ्ग ओघके समान है। चार जाति, आतप और स्थावर आदि चारकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ओघके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। पञ्चेन्द्रियजाति, परघात, उच्छ्वास और त्रस चतुष्ककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। औदारिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग और वज्रऋषभनाराच संहननकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभाग-हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ओघके समान है। औदारिकशरीरका भङ्ग ओघके समान है। औदारिक आङ्गोपाङ्गके अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। तथा वज्रऋषभनाराच संहननका कुछ कम तेतीस सागर है। तीर्थंकर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्यबन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभाग प्रमाण है। उच्चगोत्रका भङ्ग मनुष्यगतिके समान है। इतनी विशेषता है कि असंख्यात गुणवृद्धि और असंख्यात गुणहानिका भङ्ग स्त्रीवेदके समान है।

८९९. अवगदवे० सव्वपगदीणं वड्ढि-हाणी० जह० उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त० णत्थि अंतरं । एवं सुहुमसंपराइ० । णवरि अवट्ठि० जह० उक्क० एग० । अवत्त० णत्थि अंतरं ।

९००. कोधे पंचणाणावरणादिअट्ठारसण्णं तिण्णिवड्ढि-हाणि०-असंखेज्जगुणवड्ढी जह० एग०, उक्क अंतो० । असंखेज्जगुणहाणी[1] जह० [2]उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० चत्तारि समयं । थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४ तिण्णिवड्ढि-हाणि० अवट्ठि० णाणावरणभंगो । अवत्त० णत्थि अंतरं । चदुआयु-आहारदुगं मणजोगिभंगो । सेसाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवत्त० णत्थि अंतरं । एसिं असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० तेसिं० णाणावरणभंगो । एवं माण-माया-लोभाणं । णवरि माणे कोधसंज० अवत्त० भाणिदव्वं । मायाए दो संज० अवत्त० । लोभे चदुसंज० अवत्त० भाणिदव्वं ।

९०१. मदि०-सुद० धुविगाणं तिरिक्खोघं । सादादिबारस०-इत्थि०-पुरिस० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० ओघं सादभंगो । अवत्त० जह० उक्क० अंतो० । णवुंस०-पंचसंठा०-छस्संघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०

८९९. अपगतवेदी जीवोंमें सब प्रकृतियोंकी वृद्धि और हानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्यबन्धका अन्तरकाल नहीं है। इसी प्रकार सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि अवस्थितबन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर एक समय है। अवक्तव्यबन्धका अन्तर काल नहीं है।

९००. क्रोधकषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण आदि अठारह प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और असंख्यात गुणवृद्धिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असंख्यात गुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक सयय है और उत्कृष्ट अन्तर चार समय है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व और अनन्तानुबन्धी चारकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्यबन्धका अन्तरकाल नहीं है। चार आयु और आहारकद्विकका भंग मनोयोगी जीवोंके समान है। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्यबन्धका अन्तरकाल नहीं है। जिनका असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवस्थित बन्ध होता है उनका ज्ञानावरणके समान भङ्ग है। इसी प्रकार मान, माया और लोभ कषायवाले जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि मानकषायवाले जीवोंमें क्रोध संज्वलनका अवक्तव्य कहना चाहिये। माया कषायवाले जीवोंमें दो संज्वलनोंका अवक्तव्य कहना चाहिये। और लोभ कषायवाले जीवोंमें चार संज्वलनोंका अवक्तव्य कहना चाहिये।

९०१. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। साता आदि बारह प्रकृतियाँ, स्त्रीवेद और पुरुषवेदकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ओघके अनुसार सातावेदनीयके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य

१ मूलप्रतौ-गुणवड्ढिहाणी इति पाठः। २ मूलप्रतौ जह० एग० अवट्ठि० इति पाठः।

जह० एग०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू० । बेवड्ढि-हाणी० णाणाव०भंगो । अवत्त०जह० अंतो०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू० । चदुआयु-वेउव्वियछ०-मणुसगदिदुग-उच्चा० ओघं । तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० एक्कत्तीसं सा० सादि० । बेवड्ढि-हाणी-अवत्त० ओघं । चदुजादि-आदाव-थावरादि०४ णवुंसगभंगो । पंचिंदि०-पर०-उस्सा०-तस०४ णवुंसगभंगो । ओरालि०-ओरालि०अंगो० एक्कवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू० । सेसं ओघं । समचदु०-[पसत्थ०-] सुभग-सुस्सर-आदे० अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तिण्णिपलिदो० देसू० । सेसं सादभंगो । उज्जो० एक्कवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० एक्कत्तीसं सा० सादि० । बेवड्ढि-हाणी० ओघं । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० एक्कत्तीसं सा० सादि० । णीचा० एक्कवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० तिण्णि पलिदो० देसू० । बेवड्ढि-हाणि-अवत्त० ओघं । विभंगे भुजगारभंगो ।

९०२. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पुरिस०-उच्चा०-पंचंत० तिण्णिवड्ढि-हाणि अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । असंखेज्जगुणवड्ढी जह० एग०,

और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, छह संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयकी असंख्यातभागवृद्धि, असंख्यातभागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है । दो वृद्धि और दो हानियों का भङ्ग ज्ञानावरणके समान है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है । चार आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगतिद्विक और उच्चगोत्रका भङ्ग ओघके समान है । तिर्यञ्चगति और तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वीकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक इकतीस सागर है । दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्य बन्धका अन्तर ओघके समान है । चार जाति, आतप और स्थावर आदि चारका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है । पञ्चेन्द्रिय जाति, परघात, उच्छ्वास और त्रस चतुष्कका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है । औदारिकशरीर और औदारिक आङ्गोपाङ्गकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ तीन पल्य है । शेष भङ्ग ओघके समान है । समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयके अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है । शेष भङ्ग सातावेदनीयके समान है । उद्योतकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक इकतीस सागर है । दो वृद्धि और दो हानियोंका भङ्ग ओघके समान है । अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक इकतीस सागर है । नीचगोत्रकी एक वृद्धि, एक हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तीन पल्य है । दो वृद्धि, दो हानि और अवक्तव्य बन्धका भङ्ग ओघके समान है । विभङ्गज्ञानी जीवोंमें अपनी सब प्रकृतियोंका भङ्ग भुजगार बन्धके समान है ।

९०२. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है । असंख्यातगुण-

हाणी-अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० छावट्ठि० साग० सादि० । सादावे०-जसगि० चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० णाणाव०भंगो । अवत्त० जह० उक्क० अंतो । असादादिदस० सादभंगो । अट्ठकसा० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० मणुसभंगो । अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । दोआयु० दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । मणुसगदिपंचगस्स तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० पुव्वकोडी सादि० । अवत्त० जह० पलिदो० सादि० । उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । देवगदि०४-आहारदुगं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, अवत्त० जह० अंतो०,उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । [तेजइगादि-धुवि० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० णाणावरणभंगो ।] तित्थय० ओघं । एवं ओधिदं०-सम्मादि०-खइग० । णवरि खइग० [1]मणुसायु० दोपदा० जह० अंतो०, उक्क० छम्मासं० देसू० । देवायु० दोपदा जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडितिभागं देसू० । मणुसगदिपंचगस्स तिण्णिवड्ढि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम० । अवत्त० णत्थि अंतरं । सेसाणं जम्हि छावट्ठि० तम्हि तेत्तीसं सा० कादव्वं [2] ।

९०३. मणपज्ज० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस०-उच्चा०-पंचंत० तिण्णि-

वृद्धिका जघन्य अन्तर एक समय है, असंख्यात गुणहानि और अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और इन सबका उत्कृष्ट अन्तर साधिक छयासठ सागर है। सातावेदनीय और यशःकीर्तिकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असाता आदि दस प्रकृतियोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। आठ कषायोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग मनुष्योंके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। दो आयुओंके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। मनुष्यगति पञ्चककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थितबन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक एक पूर्वकोटि है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर साधिक एक पल्य है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। देवगति चतुष्क और आहारक द्विककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है, अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर इन सबका साधिक तेतीस सागर है। तैजसशरीर आदि ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य बन्धका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि और क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है, कि क्षायिक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें मनुष्यायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम छह महिना है। देवायुके दो पदोंका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर एक पूर्वकोटिका कुछ कम त्रिभाग प्रमाण है। मनुष्यगति पञ्चककी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। शेष प्रकृतियोंका जहाँ छयासठ सागर अन्तर काल कहा है वहाँ तेतीस सागर कहना चाहिये।

९०३. मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद,

१ मूलप्रतौ मणुसाणु० दो-इति पाठः । २ मूलप्रतौ कादव्वं मणुसपज्जत्ते पंच-इति पाठः ।

वड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। असंखेज्जगुणवड्डि-हाणि-अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। सादावे०-जस० णाणावरणभंगो। णवरि अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। णिद्दा-पचला-भय-दुगुं०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा० क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-तित्थय० तिण्णिवड्डि०-हाणि०-अवट्ठि०-जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० पुव्वकोडी देसू०। असादा०-चदुणोक०-थिराथिर-सुभासुभ-अजस० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। देवायु० मणुसि०भंगो। एवं संजदा०।

६०४. सामाइ०-छेदो० पंचणा०-चदुदंस०-लोभसंज०-उच्चा०-पंचंत० तिण्णिवड्डि-हा० जह० एग०, उक्क० अंतो०। असंखेज्जगुणवड्डि-हा० जह० उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम०। णिद्दा-पचला तिण्णिसंज०-पुरिस०-भय-दुगुं०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि० तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०—वण्ण०४—देवाणु०-अगु०४ पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-तित्थय० तिण्णिवड्डि-हाणि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसम०। णवरि तिण्णिसंज०-पुरिस०

उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असंख्यातगुणवृद्धि, असंख्यातगुणहानि और अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। सातावेदनीय और यशःकीर्तिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्ण चतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निमणि और तीर्थङ्करकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम एक पूर्वकोटि है। असात वेदनीय, चार नोकषाय, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ और अयशःकीर्तिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। देवायुका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है। इसीप्रकार संयत जीवोंके जानना चाहिये।

६०४. सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, लोभ संज्वलन, उच्चगोत्र, और पाँच अन्तरायकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। निद्रा, पचला, तीन संज्वलन, पुरुषवेद, भय, जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रियजाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिकआङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रस चतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थङ्करकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर

असंखेज्जगुणवड्ढि-हाणी० णाणावर०भंगो। सादावे०-जस० णाणाव०भंगो। णवरि अवत्त० ज० उक्क० अंतो०। सेसाणं णिद्दादीणं अवत्त० णत्थि अंतरं। असादादिदस-आहारदुगं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० ज० ए०, उक्क० अंतो०। अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। परिहारे धुविगाणं सेसाणं च भुजगारभंगो। एवं संजदासंजदे।

९०५. असंजदे धुविगाणं मदि०भंगो। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-अणंताणुबंधि०४-इत्थि०-णवुंस०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-दूभग-दुस्सर-अणादे० णवुंसगभंगो। सादादिबारस मदि०भंगो। पुरिस०-समचदु०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदे० अवत्त० ज० अंतो०, उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०। सेसाणं सादभंगो। चदुआयु०-वेउव्वियछ०-मणुसगदिदुग-उच्चा० ओघं। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-णीचा० णवुंस०भंगो। ओरालि०-ओरालि०अंगो०-वज्जरिस० ओघं। णवरि वज्जरि० अवत्त० उक्क० तेत्तीसं सा० देसू०। चदुजादिदंडओ पंचिंदियदंडओ णवुंसगभंगो। तित्थय० णवुंस०भंगो।

९०६. तिण्णिले० धुविगाणं तिण्णिवड्ढि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० ज० ए०, उ० चत्तारि सम०। णिरय-देवायु० दोपदा० णत्थि अंतरं। तिरिक्ख-

अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। इतनी विशेषता है कि तीन संज्वलन और पुरुषवेदकी असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय और यशःकीर्तिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। शेष निद्रा आदिकके अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। असाता आदि दस और आहारकद्विककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली और शेष प्रकृतियोंका भङ्ग भुजगारबन्धके समान है। इसी प्रकार संयतासंयत जीवोंके जानना चाहिये।

९०५. असंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, अनन्तानुबन्धी चार, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्तविहायोगति, दुर्भग, दुस्वर और अनादेयका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है। साताआदिक बारह प्रकृतियोंका भङ्ग मत्यज्ञानी जीवोंके समान है। पुरुषवेद, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेयके अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। चार आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगतिद्विक और उच्चगोत्रका भङ्ग ओघके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत और नीचगोत्रका भङ्ग नपुंसकवेदी जीवोंके समान है। औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, और वज्रऋषभनाराचसंहननका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि वज्रऋषभनाराच संहननके अवक्तव्य बन्धका उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम तेतीस सागर है। चार जातिदण्डक और पञ्चेन्द्रियदण्डकका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग नपुंसकवेदके समान है।

९०६. तीन लेश्यावाले जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर

मणुसायु० णिरयभंगो। दोगदि-पंचिंदि०-ओरालि०-ओरालि०अंगो०-दोआणु०-पर०-उस्सा०-आदाव-तस-थावरादिचदुयुगलं तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० णत्थि अंतरं। वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो० तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बावीसं सत्तारस सत्त सागरो० सादि०। अवत्त० किण्णाए जह० सत्तारससा० सादि०, उक्क० बावीसं सा० सादि०। णीलाए जह० सत्त साग० सादि०, उक्क० सत्तारस साग० सादि०। काऊए जह० दसवस्ससहस्सा० सादि०, उक्क० सत्त-साग० सादि०। तित्थय० तिण्णिवड्डि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसमयं। सेसाणं णिरयोघं। णवरि णील-काऊए मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० पुरिसभंगो[1]। काऊए० तित्थय० अवत्त० णत्थि अंतरं।

९०७. तेऊए धुविगाणं तिण्णिवड्डि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसमयं। अट्ठक०-ओरालि०-आहारदुग-तित्थय० धुविगाण भंगो। णवरि अवत्त० णत्थि अंतरं। देवायु० दोपदा णत्थि अंतरं। देवगदि०४ तिण्णिवड्डि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० बेसाग० सादि०। अवत्त० णत्थि अंतरं। थीण-

एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर चार समय है। नरकायु और देवायुके दो पदोंका अन्तरकाल नहीं है। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका भङ्ग नारकियोंके समान है। दो गति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, दो आनुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, आतप, त्रस और स्थावर आदि चार युगलकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। वैक्रियिकशरीर और वैक्रियिकआङ्गोपाङ्गकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर क्रमसे साधिक बाईस सागर, साधिक सत्तरह सागर और साधिक सात सागर है। अवक्तव्य बन्धका कृष्णलेश्यामें जघन्य अन्तर साधिक सत्तरह सागर और उत्कृष्ट अन्तर साधिक बाईस सागर है। नीललेश्यामें जघन्य अन्तर साधिक सात सागर और उत्कृष्ट अन्तर साधिक सत्तरह सागर है। कापोतलेश्यामें जघन्य अन्तर साधिक दसहजार वर्ष और उत्कृष्ट अन्तर साधिक सात सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि नील और कापोत लेश्यामें मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग पुरुषवेदके समान है। कापोतलेश्यामें तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है।

९०७. पीतलेश्यावाले जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि और तीन हानियोंका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। आठ कषाय, औदारिक शरीर, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। देवायुके दो पदोंका अन्तर काल नहीं है। देवगतिचतुष्ककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक

1 मूलप्रतौ–भंगो तित्थय० अवत्त० णत्थि अंतरं। काऊए० तेऊए इति पाठः।

गिद्धि०३दंडओ सादंदंडओ इत्थिदंडओ पुरिसदंडओ तिरिक्ख-मणुसायुग० सोधम्मभंगो। एवं पम्माए वि। णवरि ओरालि०-ओरालि०अंगो० अट्ठक०भंगो। सेसाणं सहस्सारभंगो।

६०८. सुक्काए पंचणा०अट्ठारसण्णं चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। असंखेज्जगुणहाणी० जह० उक्क० अंतो०। अवत्त० णत्थि अंतरं। थीणगिद्धि०३ दंडओ णवगेवज्जभंगो। णिद्दा-पचला-भय-दु०-पंचिंदि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि०-तित्थय० तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो०। अवत्त० णत्थि अतरं। साद०-जस० णाणावरणभंगो। णवरि अवत्त० जह० उक्क० अंतो०। असादादिदस-आहारदुगं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० सादभंगो। णवरि आहारदुगं अवत्त० णत्थि अंतरं। अट्ठकसा०-मणुसग०-ओरालि०-ओरालि० अंगो०-वज्जरिस०-मणुसाणु० सादभंगो। णवरि अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० वेसम०। अवत्त० णत्थि अंतरं। पुरिस०-उच्चा० अवत्त० जह० अंतो०, उक्क० एक्कत्तीसं सा० देसू०। सेसाणं णाणावरणभंगो। देवगदि०४ तिण्णिवड्ढि-हाणी-अवट्ठि० जह० एग०,

दो सागर है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिकदण्डक, सातावेदनीयदण्डक, स्त्रीवेददण्डक, पुरुषवेददण्डक, तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुका भङ्ग सौधर्मकल्पके समान है। इसी-प्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंके भी जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि औदारिकशरीर और औदारिक अङ्गोपाङ्गका भङ्ग आठ कषायके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सहस्रारकल्पके समान है।

६०८. शुक्लेश्यावाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरणादि अठरह प्रकृतियोंकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असं-ख्यातगुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। स्त्यानगृद्धित्रिकदण्डकका भङ्ग नौ ग्रैवेयिकके समान है। निद्रा, प्रचला, भय, जुगुप्सा, पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्ण चतुष्क, अगुरुलघु चतुष्क, त्रस चतुष्क, निमाण और तीर्थङ्कर प्रकृतिकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तरकाल नहीं है। सातावेदनीय और यशःकीर्तिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। असातावेदनीय आदि दस और आहारकद्विककी तीन वृद्धि, तीन हानि, अवस्थित और अवक्तव्य बन्धका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। इतनी विशेषता कि आहारकद्विकके अवक्तव्य बन्धका अन्तरकाल नहीं है। आठ कषाय, मनुष्यगति, औदारिकशरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वज्रऋषभनाराचसंहनन और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। इतनी विशेषता है कि अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है। पुरुषवेद और उच्चगोत्रके अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर कुछ कम इकतीस सागर है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ज्ञाना-वरणके समान है। देवगति चतुष्ककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर साधिक

उक्क० तेत्तीसं सा० सादि० । अवत्त० जह० अट्ठारस साग० सादि०, उक्क० तेत्तीसं साग० सादि० । सेसाणं भुजगारभंगो । भवसि० ओघं । अब्भवसि० मदि०भंगो ।

९०९. वेदगे धुविगाणं सादादिबारस० परिहारभंगो । अट्ठक०-दोआयु०-मणुसगदिपंचग-आहारदुगं ओधिभंगो । देवगदि०४ तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० ओधिभंगो । अवत्त० जह० पलिदो० सादि०, उक्क० तेत्तीसं० सादि० । तित्थय० तेउभंगो ।

९१०. उवसम० पंचणा०अट्ठारस० चत्तारिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उक्क० अंतो० । णवरि असंखेज्जगुणहाणी जह० उक्क० अंतो० । अवत्त० णत्थि अंतरं । णिद्दा-पचला-भय-दुगुं०-देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क० समचदु०-वेउव्विय० अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४—पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि० तित्थय० णाणावरणभंगो । सादावे०-जस० अवत्त० जह० उक्क० अंतो० । सेसाणं णाणावरणभंगो । असादा०-अट्ठक०-चदुणोक०-आहारदुग-थिरादिपंच सादभंगो । मणुसगदिपंचग० तिण्णिवड्ढि-हाणी० जह० एग०, उक्क० अंतो० । अवट्ठि० जह० एग०, उ० बेसम० । अवत्त० णत्थि अतरं ।

९११. सासणे धुविगाणं वेदगभंगो । सेसाणं मणजोगिभंगो । सम्मामि० धुविगाणं

अठारह सागर है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। शेष भङ्ग भुजगारके समान है। भव्य जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। अभव्य जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है।

९०९. वेदक सम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली और सातावेदनीय आदि बारह प्रकृतियोंका भङ्ग परिहारविशुद्धि संयतोंके समान है। आठ कषाय, दो आयु, मनुष्यगति पञ्चक और आहारकद्विकका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। देवगति चतुष्ककी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर साधिक एक पल्य है और उत्कृष्ट अन्तर साधिक तेतीस सागर है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग पीतलेश्यावाले जीवोंके समान है।

९१०. उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण आदि अठारह प्रकृतियोंकी चार वृद्धि, चार हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। इतनी विशेषता है कि असंख्यात गुणहानिका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका अन्तरकाल नहीं है। निद्रा, प्रचला, भय जुगुप्सा, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय और यशःकीर्ति के अवक्तव्य पदका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। शेष पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। असातावेदनीय, आठ कषाय, चार नोकषाय, आहारकद्विक और स्थिर आदि पाँचका भङ्ग सातावेदनीयके समान है। मनुष्यगतिपञ्चककी तीन वृद्धि और तीन हानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो समय है। अवक्तव्य बन्धका अन्तर काल नहीं है।

९११. सासादनसम्यग्दृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके

वेदगभंगो। सेसाणं तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० ज० ए०, उ० अंतो०। अवत्त० जह० एग०, उ० अंतो०। मिच्छ० मदि०भंगो। सण्णि० पंचिंदियपज्जत्तभंगो।

६१२. असण्णीसु धुविगाणं असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि० जह० एग०, उ० अंतो०। संखेज्जभागवड्ढि-हाणि० जह० एग०, उ० अणंतका०। एवं संखेज्जगुणवड्ढि-हाणि०। णवरि जह० खुद्दा० समयू०। एसिं संखेज्जगुडवड्ढि-हाणि० अत्थि तेसिं सव्वेसिं पि एवं चेव। अवट्ठि० जह० एग०, उ० बे-तिण्णि सम०। चदुआयु०-वेउव्वियछ०-मणुसग०-मणुसाणु०-उच्चा० तिरिक्खोघं। तिरिक्खग०-तिरिक्खाणु०-णीचा० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उ० अंतो०। संखेज्जभागवड्ढि-हाणि० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० अंतो०, उ० असंखेज्जा लोगा। सेसाणं असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि० जह० एग०, उ० अंतो०। संखेज्जभागवड्ढि-हाणी० णाणावरणभंगो। अवत्त० जह० उ० अंतो०।

६१३. अहारा० ओघं। णवरि यम्हि अणंतका० तम्हि अंगुल० असंखेज्ज० कादव्वो। सेसं ओघं। अणाहार० कम्मइगभंगो। एवं अंतरं समत्तं।

समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मनोयोगी जीवोंके समान है। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके समान है। शेष प्रकृतियोंकी तीन वृद्धि, तीन हानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भङ्ग है। संज्ञी जीवोंमें पञ्चेन्द्रियपर्याप्त जीवोंके समान भङ्ग है।

६१२. असंज्ञी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यात भागहानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। संख्यात भागवृद्धि, और संख्यातभागहानिका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अनन्त काल है। इसी प्रकार संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिका अन्तर काल जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि इनका जघन्य अन्तर एक समय कम क्षुल्लक भवग्रहण प्रमाण है। जिनकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानि होती है उन सबके भी इसी प्रकार जानना चाहिये। अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर दो तीन समय है। चार आयु, वैक्रियिक छह, मनुष्यगति, मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग सामन्य तिर्यञ्चोंके समान है। तिर्यञ्चगति, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और नीचगोत्रकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य अन्तर अन्तर्मुहूर्त है और उत्कृष्ट अन्तर असंख्यात लोकप्रमाण है। शेष प्रकृतियोंकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित बन्धका जघन्य अन्तर एक समय है और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है। संख्यात भागवृद्धि और संख्यात भागहानिका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। अवक्तव्य बन्धका जघन्य और उत्कृष्ट अन्तर अन्तर्मुहूर्त है।

६१३. आहारक जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि जहाँ अनन्तकाल कहा है वहाँ अङ्गुलका असंख्यातवाँ भाग प्रमाण अन्तर कहना चाहिये। शेष भङ्ग ओघके समान है। अनाहारक जीवोंका भङ्ग कार्मणकाययोगी जीवोंके समान है। इसप्रकार अन्तर काल समाप्त हुआ।

णाणाजीवेहि भंगविचओ

६१४. णाणाजीवेहि भंगविचयाणुगमेण दुवि०–ओघे० आदे० । ओघे० पंचणा०-णवदंसणा०-मिच्छ०–सोलसक०-भय०-दुगुं०-ओरालि०-तेजा०-क०-वण्ण०४–अगु०-उप०-णिमि०-पंचंत० असंखेज्जभागवड्ढि हाणि-अवट्ठि० बं० णियमा अत्थि । सेसाणि पदाणि भयणिज्जाणि । तिण्णिआयु० पदा० भयणिज्जाणि । वेउव्वियछ०-आहारदुग-तित्थय० अवट्ठि० णियमा अत्थि । सेसपदाणि भयणिज्जाणि । सेसाणं असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवट्ठि०-अवत्त० णियमा अत्थि । सेसपदाणि भयणिज्जाणि । एवं ओघभंगो कायजोगि-ओरालि०–ओरालि०मि० कम्मइ०-णवुंस०-कोधादि० ४-मदि०-सुद०असंज०-अचक्खुदं०-तिण्णिले०-भवसि०-अब्भवसि०-मिच्छा०-आहार०-अणाहारग त्ति । णवरि ओरालियमि०-कम्मइ०-अणाहार० मिच्छ० अवत्त० देवगदिपंचग० अवट्ठि० भयणिज्जा । सेसाणं अवट्ठि० अवत्त० णियमा अत्थि ।

६१५. तिरिक्खेसु ओघं । मणुसअपज्जत्त०–वेउव्वियमि०–आहार०–आहारमि०-अवगदवे०-सुहुमसंप०–उवसम०–सासण०–सम्मामि० सव्वपदा भयणिज्जा । एइंदिय-वणप्फदि-णियोद–बादरपज्जत्तापज्ज०–पुढवि०–आउ०-तेउ०-वाउ०–सव्वसुहुमबादरपुढवि-आउ०-तेउ०-वाउ०-बादरवणप्फदिपत्तेय० तेसिं अपज्ज० सव्वपदा णियमा अत्थि ।

नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचय

६१४. नाना जीवोंकी अपेक्षा भङ्गविचयानुगमसे निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय, जुगुप्सा, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, निर्माण और पाँच अन्तरायकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि और अवस्थित पदके बन्धक जीव नियमसे हैं। शेष पद भजनीय हैं। तीन आयुओंके पद भजनीय हैं। वैक्रियिक छह, आहारकद्विक और तीर्थङ्कर प्रकृतिके अवस्थित पदके बन्धक जीव नियमसे हैं। शेष पद भजनीय हैं। शेष प्रकृतियोंकी असंख्यात भागवृद्धि, असंख्यात भागहानि, अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव नियमसे हैं। शेष पद भजनीय हैं। इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, औदारिककाययोगी, औदारिक मिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी, नपुंसकवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, असंयत, अचक्षुदर्शनी, तीन लेश्यावाले, भव्य, अभव्य, मिथ्यादृष्टि, आहारक और अनाहारक जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि औदारिकमिश्रकाययोगी, कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें मिथ्यात्वके अवक्तव्य पदके और देवगति पञ्चकके अवस्थित पदके बन्धक जीव भजनीय हैं। शेष प्रकृतियोंके अवस्थित और अवक्तव्य पदके बन्धक जीव नियमसे हैं।

६१५. तिर्यञ्चोंमें ओघके समान भङ्ग है। मनुष्य अपर्याप्त, वैक्रियिकमिश्रकाययोगी, आहारक काययोगी, आहारकमिश्रकाययोगी, अपगतवेदी, सूक्ष्मसाम्परायसंयत, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादन सम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें सब पद भजनीय हैं। एकेन्द्रिय, वनस्पतिकायिक, निगोद और इनके बादर पर्याप्त और अपर्याप्त, पृथिवीकायिक, जलकायिक, अग्निकायिक, वायुकायिक, सब सूक्ष्म, बादर पृथिवीकायिक, बादर जलकायिक, बादर अग्निकायिक, बादर वायुकायिक, बादर

सेसाणं णिरयादि याव सण्णि त्ति असंखेज्ज-संखेज्जरासीणं आयुगवज्जाणं अवट्ठि० णियमा अत्थि। सेसपदा भयणिज्जा। आयु० सव्वपदा भयणिज्जा।

एवं भंगविचयं समत्तं

भागाभागो

६१६. भागाभागाणु० दुवि०–ओघे० आदे०। ओघे० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणिबंधगा सव्वजीवाणं केवडियो भागो? असंखेज्ज०भागो। तिण्णिवड्ढि-हाणि-अवत्त०बंध० सव्वजी० अणंतभा०। अवट्ठि० सव्वजी० केव०? असंखे०भा०। पंचदंसणा०–मिच्छ०–बारसक०–भय०–दु०–ओरालि०–तेजइगादिणव० तिण्णिवड्ढि-हाणि–अवट्ठि०–अवत्त० णाणावरणभंगो। सादावे०-पुरिस०-जसगि०-उच्चा० असंखेज्जभागवड्ढि-हाणि-अवत्त० सव्वजी० केव०? असंखेज्जदिभा०। तिण्णिवड्ढि-हाणी० सव्व० केव०? अणंतभाग०। अवट्ठि० सव्व० केव०? असंखेज्जभा०। असादा०-इत्थि०-णवुंस०-चदुणोक०-दोगदि-पंचजादि०-छस्संठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोआणु०-पर०-उस्सा०-अदाउज्जो०-दोविहा०–तसथावरादिणवयुगल–अजस०-णीचा० सादभंगो। चदु-

वनस्पतिकायिक प्रत्येकशरीर और इनके अपर्याप्त जीवोंमें सब पदवाले जीव नियमसे हैं। नरकगतिसे लेकर संज्ञीतक शेष सब असंख्यात और संख्यात राशिवाली मार्गणाओंमें आयुकर्मको छोड़कर अवस्थित पदवाले जीव नियमसे हैं। शेष पदवाले जीव भजनीय हैं। आयुकर्मके सब पदवाले जीव भजनीय हैं।

इस प्रकार भङ्गविचय समाप्त हुआ।

भागाभाग

६६६. स्त्रीवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तराय-की असंख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। शेष पदोंका भङ्ग पञ्चेन्द्रियपर्याप्त जीवोंके समान है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा और तैजसशरीर आदि नौ का भङ्ग पञ्चेन्द्रियपर्याप्त जीवोंके समान है। सातावेदनीय, पुरुषवेद, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका भङ्ग पञ्चेन्द्रियपर्याप्त जीवोंके समान है। असातावेदनीय, छह नोकषाय, तीन गति, दो जाति, औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर, छह संस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस और स्थावर आदि पाँच युगल, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। चारों आयुओंका भङ्ग ओघके समान है। नरकगति, तीन जाति, नरकगत्यानुपूर्वी, सूक्ष्म, अपर्याप्त और साधारणकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। आहारकद्विक और तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग मनुष्यनियोंके समान है। परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्त और प्रत्येकके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यात-गुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यात-भागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातभागवृद्धि और

दो वि० संखेज्जगु०। अवट्ठि० असंखेज्जगु०। पुरिसेसु इत्थिभंगो। णवरि तित्थयरं ओघं।

९६७. णवुंसगे० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज० पंचंत० सव्वत्थोवा असंखेज्जगुणवड्ढी। असंखेज्जगुणहाणी संखेज्जगु०। सेसपदा ओघं। पंचदंसणावरणादिएगुणतीसं पगदीणं ओघं। ओरालि० सव्वत्थोवा संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि०। अवत्त० असंखेज्जगु० उवरि ओघभंगो। वेउव्वियछ० ओघं णिरयगदिभंगो। सेसाणं पगदीणं ओघं।

९६८. अवगदवे० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० सव्वत्थोवा अवत्त०। संखेज्जगुणवड्ढी संखेज्जगु०। संखेज्जभागवड्ढी संखेज्जगु०। संखेज्जगुणहाणी संखेज्जगु०। संखेज्जभागहाणी संखेज्जगु०। सादावे०-जसगि०-उच्चा० सव्वत्थोवा अवत्त०। असंखेज्जगुणवड्ढी संखेज्जगु०। संखेज्जगुणवड्ढी संखेज्जगु०। संखेज्जभागवड्ढी संखेज्जगुण०। असंखेज्जगुणहाणी संखेज्जगु०। संखेज्जगुणहाणी संखेज्जगु०। संखेज्जभागहाणी संखेज्जगु०। अवट्ठि० संखेज्जगु०। चदुसंज० सव्वत्थोवा अवत्त०। संखेज्जभागवड्ढी संखेज्जगु०। संखेज्जभागहाणी संखेज्जगु०। अवट्ठि० संखेज्जगु०।

९६९. कोधकसाए० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पंचंत० ओघं। णवरि अवत्त०

असंख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। पुरुषवेदी जीवोंमें स्त्रीवेदी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग ओघके समान है।

९६७. नपुंसकवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायकी असंख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे असंख्यात गुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। शेष पदोंका भङ्ग ओघके समान है। पाँच दर्शनावरण आदि उनतीस प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। औदारिक शरीरकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे अवक्तव्य पदके बन्धक जीव असंख्यात गुणे हैं। इससे आगेका भङ्ग ओघके समान है। वैक्रियिक छह का भङ्ग ओघमें कहे गये नरकगतिके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है।

९६८. अपगतवेदी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तराय के अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। साता वेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे असंख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुण हैं। इनसे संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। चार संज्वलनोंके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थितपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

९६९. क्रोधकषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण चार संज्वलन और पाँच

णत्थि। सेसाणं पि ओघं। माणे सत्तारण्णं पि अवत्त० णत्थि। सेसाणं पि ओघं। मायाए सोलसण्णं पि अवत्त० णत्थि। सेसाणं पि ओघं। लोभे पंचणा०-चदुदंस०-पंचंत० अवत्त० णत्थि। सेसपदा ओघभंगो।

६७०. मदि०-सुद० धुविगाणं मिच्छत्त० तिरिक्खोघं। सेसाणं ओघं। विभंगे धुवियाणं णिरयभंगो। मिच्छत्त०-देवगदि-पंचिंदि०-ओरालिय०-वेउव्विय०-समचदु०-वेउव्विय०अंगो०-देवाणुपु०-पर०-उस्सास-बादर-पज्जत्त-पत्तेय० सव्वत्थोवा अवत्त०। संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि० असंखेज्जगु०। उवरिमपदा धुवभंगो। सादासाद०-सत्तणोक०-तिण्णिगदि-चदुजादि-पंचसंठाण-ओरालि० अंगो०-छस्संघ०-तिण्णिआणु०-आदा० उज्जो० दोविहाय० तस-थावर-सुहुम-अपज्जत्त-साधार०-थिरादिछयुगल-दोगोद० सव्वत्थोवा संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि०। अवत्त० संखेज्जगु०। उवरिमपदा धुवभंगो।

६७१. आभि०-सुद०-ओधि० पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पुरिस-उच्चा०-पंचंत० सव्वत्थो० अवत्त०। असंखेज्जगुणवड्ढी संखेज्जगु०। असंखेज्जगुणहाणी संखेज्जगु०। संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि० असं०गु०। संखेज्जभागवड्ढि-हाणी दो वि० संखेज्जगु०।

अन्तरायका भङ्ग ओघके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य पद नहीं है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग भी ओघके समान है। मान कषायवाले जीवोंमें सत्तरह प्रकृतियोंका भी अवक्तव्य भङ्ग नहीं है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। माया कषायवाले जीवोंमें सोलह प्रकृतियोंका अवक्तव्य पद नहीं है। शेष प्रकृतियोंका भी भङ्ग ओघके समान है। लोभ कषायवाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायका अवक्तव्य पद नहीं है। शेष पदोंका भङ्ग ओघके समान है।

६७०. मत्यज्ञानी और श्रुताज्ञानी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियों और मिथ्यात्वका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। विभङ्गज्ञानी जीवोंमें ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान है। मिथ्यात्व, देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, देवगत्यानुपूर्वी, परघात, उच्छ्वास, बादर, पर्याप्त और प्रत्येकके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इससे आगेके पदोंका भङ्ग ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंके समान है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, सात नोकषाय, तीनगति, चार जाति, पाँच संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, छह संहनन, तीन आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, दो विहायोगति, त्रस, स्थावर, सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, स्थिर आदि छह युगल और दो गोत्रकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यात गुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे अवक्तव्य पदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इससे आगेके पदोंका भङ्ग ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके समान है।

६७१. आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी और अवधिज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे असंख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव

असंखेज्जभागवड्ढि-हाणी संखेज्जगु० । अवट्ठि० असं०गु० । णिद्दा-पचला-अट्ठक०-भय०-दुगुं०-दोगदि-पंचिंदि०-चदुसरीर०-समचदु०-दोअंगो०-वज्जरिस०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-तित्थय० सव्वत्थोवा अवत्त० । संखेज्जगुणवड्ढि-हाणी दो वि० असं०गु० । उवरिमपदा णाणावरणभंगो । सादादिबारस० मणजोगिभंगो । देवायु० ओघं । मणुसायु० देवोघं । आहारदुगं ओघं । एवं ओधिदंस०-सम्मादि०-खइग०-वेदगसम्मा० । णवरि खइगे दोआयु० मणुसि० भंगो ।

९७२. मणपज्ज० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पुरिस०-उच्चा०-पंचंत० ओधिभंगो । सेसाणं आभिणि०भंगो । णवरि संखेज्जं कादव्वं । एवं संजद० ।

९७३. सामाइ०-छेदो० पंचणा०-चदुदंसणा०-लोभसंज०-उच्चा०-पंचंत० अवत्त० णत्थि । सेसं मणपज्जवभंगो । परिहार० आहारकाय-जोगिभंगो । णवरि आहारदुगं ओघं । सुहुमसंप० अवगदवेदभंगो । णवरि अवत्त० णत्थि । संजदासंजदे धुविगाणं सादादीणं च देवभंगो । णवरि तित्थय० इत्थिभंगो । असंजदे धुविगाणं तिरिक्खोघं । सेसाणं

दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। निद्रा, प्रचला, आठ कषाय, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रियजाति, चार शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रऋषभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थङ्करके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे आगेके पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। साता आदि बारह प्रकृतियोंका भङ्ग मनोयोगी जीवोंके समान है। देवायुका भङ्ग ओघके समान है। मनुष्यायुका भङ्ग समान्य देवोंके समान है। आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार अवधिदर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि और वेदकसम्यग्दृष्टि जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि क्षायिकसम्यग्दृष्टि जीवोंमें दो आयुओंका भङ्ग मनुष्यिनियोंके समान है।

९७२. मनःपर्ययज्ञानी जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनवरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग आभिनिबोधिज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि संख्यातगुणा करना चाहिये। इसीप्रकार संयत जीवोंके जानना चाहिये।

९७३. सामायिकसंयत और छेदोपस्थापनासंयत जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, लोभ संज्वलन, उच्चगोत्र और पाँच अन्तरायका अवक्तव्य पद नहीं है। शेष भङ्ग मनःपर्ययज्ञानी जीवोंके समान है। परिहारविशुद्धिसंयत जीवोंमें आहारककाययोगी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें अपगतवेदी जीवोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य पद नहीं है। संयतासंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली और साता आदि प्रकृतियोंका भङ्ग देवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि तीर्थंकर प्रकृतिका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। असंयत जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका

मूलोघं। चक्खुदं० तसपज्जत्तभंगो।

६७४. किण्णलेस्साए देवगदि०४ सव्वत्थो० संखेज्जगुणवड्डि-हाणी दो वि०। अवत्त० असंखेज्जगु०। दोवड्डि-हाणी संखेज्जगुणा कादव्वा। अवट्ठि० असंखेज्जगु०। ओरालि० सव्वत्थो० संखेज्जगुणवड्डि-हा० दो वि०। अवत्त० असं०गु०। उवरिं धुवभंगो। तित्थय० इत्थिभंगो। णवरि अवत्त० णत्थि। सेसाणं पगदीणं असंजदभंगो। एवं णील-काऊए। णवरि काऊए तित्थय० णिरयभंगो। देवगदिचदुक्कस्स य अवत्त० संखेज्जगु०।

६७५. तेऊए धुविगाणं देवभंगो। थीणगिद्धि०३-मिच्छ०-बारसक०-देवगदि-ओरालि०-वेउव्वि-वेउव्वि०अंगो०-देवाणु०-तित्थय० सव्वत्थो० अवत्त०। संखेज्जगुण-वड्डि-हाणी दो वि० असं०गु०। उवरिं धुवभंगो। सादासाद०-सत्तणोक०-दोगदि-दोजादि-छस्संठा०-ओरालि०अंगो०-छस्संघ०-दोआणु०-दोविहा०-आदाव० [उज्जो०-] तस-थावर०-थिरादिछयुग०-णीचागो०-उच्चा० सव्वत्थो० संखेज्जगुणवड्डि-हाणी दो वि०। अवत्त० संखेज्जगु०। सेसपदा धुवभंगो। [आहारदुगं ओघं।] एवं पम्माए वि।

भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग मूल ओघके समान है। चक्षुदर्शनवाले जीवोंमें त्रसपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है।

६७४. कृष्णलेश्यावाले जीवोंमें देवगतिचतुष्ककी संख्यात गुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव असंख्यात-गुणे हैं। शेष दो वृद्धि और दो हानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे करने चाहिये। इनसे अवस्थित-पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। औदारिकशरीरकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे अवक्तव्यपदके बन्धक जीव असंख्यात-गुणे हैं। इससे आगेका भङ्ग ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके समान है। तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग स्त्रीवेदी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्य पद नहीं है। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग असंयतोंके समान है। इसीप्रकार नील और कापोतलेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि कापोतलेश्यावाले जीवोंमें तीर्थङ्कर प्रकृतिका भङ्ग नारकियोंके समान है तथा देवगति चतुष्कके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं।

६७५. पीतलेश्यावाले जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंका भङ्ग देवोंके समान है। स्त्यानगृद्धि तीन, मिथ्यात्व, बारह कषाय, देवगति, औदारिकशरीर, वैक्रियिकशरीर, वैक्रियिकआंगोपांग, देव-गत्यानुपूर्वी और तीर्थंकरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इससे आगेका भंग ध्रुव-बन्धवाली प्रकृतियोंके समान है। सातावेदनीय, असातावेदनीय, सात नोकषाय, दो गति, दो जाति, छह संस्थान, औदारिकआंगोपांग, छह संहनन, दो आनुपूर्वी, दो विहायोगति, आतप, उद्योत, त्रस, स्थावर, स्थिर आदि छह युगल, नीचगोत्र और उच्चगोत्रकी संख्यागुणवृद्धि और संख्यात गुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। अवक्तव्यपदके बन्धक जीव संख्यात गुणे हैं। शेष पदोंका भंग ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके समान है। आहारकद्विकका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंमें भी जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि औदारिक-

णवरि ओरालि०अंगो० देवगदिभंगो। पंचिंदिय-तस० धुविगाण भंगो। णवरि तिण्णि-वेद०-समचदु०-पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदे०-उच्चा० थीणगिद्धिभंगो।

९७६. सुक्काए पंचणा०-चदुदंसणा०-चदुसंज०-पंचंत० सव्वत्थो० अवत्त०। असंखेज्जगुणवड्डी संखेज्जगु०। असंखेज्जगुणहाणी संखेज्जगु०। संखेज्जगुणवड्डि-हाणी दो वि० असंखेज्जगु०। संखेज्जभागवड्डि-हाणी दो वि० संखेज्जगु०। उवरिं देवगदिभंगो। पंचदंसणा०-मिच्छ०-बारसक०-भय-दुगुं०-दोगदि-पंचिंदि०-चदुसरीर०-समचदु०-दोअंगो०-वज्जरिस०-वण्ण०४-दोआणु०-अगु०४-पसत्थवि०-तस०४-सुभग-सुस्सर-आदे०-णिमि०-तित्थय० सव्वत्थोवा अवत्त०। संखेज्जगुणवड्डि-हाणी दो वि तु० असंखेज्जगु०। उवरिमपदा णाणावरणभंगो। सादावेद०-जसगि० उच्चा० ओधिभंगो। असादवे०-इत्थिवे०-णवुंस०-चदुणोक०-पंचसंठा०-पंचसंघ०-अप्पसत्थ०-थिराथिर-सुभासुभ-दूभग-दुस्सर-अणादे०-अजस०-णीचा० आणदभंगो। पुरिसवेद० ओधिभंगो। णवरि अवत्त० असादभंगो। [आहारदुगं ओघं।] अब्भवसिद्धिय-मिच्छा० मदि०भंगो।

९७७. उवसमसं० पंचणा०-चदुदंस०-चदुसंज०-पुरिस०-उच्चा०-पंचंत० सव्वत्थोवा अवत्त०। असंखेज्जगुणवड्डि-हाणी संखेज्जगु०। संखेज्जगुणवड्डी० विसे०। सेसपदा

आङ्गोपाङ्गका भङ्ग देवगतिके समान है। पञ्चेन्द्रियजाति और त्रस प्रकृतिका भङ्ग ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंके समान है। इतनी विशेषता है कि तीन वेद, समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्तविहायोगति, सुभग, सुस्वर, आदेय और उच्चगोत्रका भङ्ग स्त्यानगृद्धित्रिकके समान है।

९७६. शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन और पाँच अन्तरायके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे असंख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर संख्यातगुणे हैं। इससे आगेका भङ्ग देवगतिके समान है। पाँच दर्शनावरण, मिथ्यात्व, बारह कषाय, भय, जुगुप्सा, दो गति, पञ्चेन्द्रियजाति, चार शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, वज्रऋषभनाराचसंहनन, वर्णचतुष्क, दो आनुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, सुभग, सुस्वर, आदेय, निर्माण और तीर्थंकरके अवक्तव्यपदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इससे आगेके पदोंका भंग ज्ञानावरणके समान है। सातावेदनीय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रका भंग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। असातावेदनीय, स्त्रीवेद, नपुंसकवेद, चार नोकषाय, पाँच संस्थान, पाँच संहनन, अप्रशस्तविहायोगति, स्थिर, अस्थिर, शुभ, अशुभ, दुर्भग, दुस्वर, अनादेय, अयशःकीर्ति और नीचगोत्रका भंग आनत कल्पके समान है। पुरुषवेदका भंग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि अवक्तव्यपदका भंग असातावेदनीयके समान है। आहारकद्विकका भंग ओघके समान है। अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंमें मत्यज्ञानी जीवोंके समान भंग है।

९७७. उपशमसम्यग्दृष्टि जीवोंमें पाँच ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण, चार संज्वलन, पुरुषवेद, उच्चगोत्र और पांच अन्तरायके अवक्तव्य पदके बन्धक जीव सबसे स्तोक हैं। इनसे असंख्यातगुणवृद्धि और असंख्यातगुणहानिके बन्धक जीव संख्यातगुणे हैं। इनसे संख्यातगुणवृद्धिके बन्धक जीव विशेष अधिक

ओधिभंगो०। आहारदुग-तित्थय० एक्कत्थ भाणिदव्वं। सेसाणं पगदीणं ओधिभंगो। सासणे णिरयभंगो। सम्मामिच्छा० देव०भंगो। सण्णीसु मणजोगिभंगो।

६७८. असण्णीसु धुविगाणं सव्वत्थोवा संखेज्जगुणवड्डि-हाणी दो वि तु०। संखेज्जभागवड्डि-हाणी दो वि० असं०गु०। असंखेज्जभागवड्डि-हाणी दो वि तु० अणंतगु०। अवट्ठि० असंखेज्जगु०। सेसाणं परियत्तमाणियाणं पगदीणं सव्वत्थोवा संखेज्जगुणवड्डि-हाणी दो वि०। संखेज्जभागवड्डि-हाणी दो वि० असंखेज्जगु०। अवत्त० अणंतगु०। उवरिमपदा णाणावरणभंगो। णवरि चदुआयु०-वेउव्वियछ० तिरिक्खोघं। एइंदि०-आदाव-थावर०-सुहुम-साधार० सव्वत्थोवा संखेज्जगुणवड्डि-हाणी दो वि०। संखेज्जभागवड्डि हाणी दो वि असं०गु०। उवरिमपदा धुवभंगो। मणुसगदिदुग-उच्चा० संखेज्जगुणवड्डि-हाणी णत्थि। सेसं च भाणिदव्वं। एवं अप्पाबहुगं समत्तं।

एवं वड्डिबंधो समत्तो

अज्झवसाणसमुदाहारो

६७९. अज्झवसाणसमुदाहारे त्ति तत्थ इमाणि तिण्णि अणियोगद्दाराणि-पगदिसमुदाहारो ट्ठिदिसमुदाहारो तिव्वमंददा त्ति।

हैं। शेष पदोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। इतनी विशेषता है कि आहारकद्विक और तीर्थङ्कर इनको एक जगह कहना चाहिये। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग अवधिज्ञानी जीवोंके समान है। सासादन-सम्यग्दृष्टि जीवोंमें नारकियोंके समान भङ्ग है। सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंमें देवोंके समान भङ्ग है। संज्ञी जीवोंमें मनोयोगी जीवोंके समान भङ्ग है।

६७८. असंज्ञी जीवोंमें ध्रुवबन्धवाली प्रकृतियोंकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे असंख्यातभागवृद्धि और असंख्यातभाग-हानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर अनन्तगुणे हैं। इनसे अवस्थित पदके बन्धक जीव असंख्यातगुणे हैं। शेष परिवर्तनमान प्रकृतियोंकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इनसे अवक्तव्य पदके बन्धक जीव अनन्तगुणे हैं। इससे आगेके पदोंका भङ्ग ज्ञानावरणके समान है। इतनी विशेषता है कि चार आयु और वैक्रियिक छहका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। एकेन्द्रियजाति, आतप, स्थावर, सूक्ष्म और साधारणकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर सबसे स्तोक हैं। इनसे संख्यातभागवृद्धि और संख्यातभागहानिके बन्धक जीव दोनों ही तुल्य होकर असंख्यातगुणे हैं। इससे आगेके पदोंका भङ्ग ध्रुव बन्धवाली प्रकृतियोंके समान है। मनुष्यगति-द्विक और उच्चगोत्रकी संख्यातगुणवृद्धि और संख्यातगुणहानि नहीं है। शेष पद कहने चाहिये।

इस प्रकार अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

इस प्रकार वृद्धिबन्ध समाप्त हुआ।

अध्यवसानसमुदाहार

६७९. अध्यवसानसमुदाहारका प्रकरण है। उसमें ये तीन अनुयोगद्वार होते हैं—प्रकृतिसमुदाहार, स्थितिसमुदाहार और तीव्रमन्दता।

पगदिसमुदाहारो

६८०. पगदिसमुदाहारे त्ति तत्थ इमाणि दुवे अणियोगद्दाराणि-पमाणाणुगमो अप्पाबहुगे त्ति।

पमाणाणुगमो

६८१. पमाणाणुगमो पंचणाणावरणीयाणं असंखेज्जा लोगा ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि। एवं सव्वासिं पगदीणं याव अणाहारगे त्ति णादव्वं। णवरि अवगदे सुहुमसंपराइगेसु अंतोमुहुत्तमेत्ताणि अज्जवसाणट्ठाणाणि।

एवं पमाणाणुगमो समत्तो।

अप्पाबहुअं

६८२. अप्पाबहुगं दुविहं—सत्थाणअप्पाबहुगं चेव परत्थाणअप्पाबहुगं चेव। सत्थाणअप्पाबहुगं पगदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण पंचणाणावरणीयाणं सरिसाणि अज्झवसाणट्ठाणाणि। सव्वत्थोवाणि थीणगिद्धि०३ ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि। णिद्दा-पचला० ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि विसेसाहियाणि। चदुदंसणा० ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि विसे०। सव्वत्थोवा सादस्स ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाण०। असादस्स ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि। सव्वत्थोवा० हस्सरदि० ट्ठिदिबंधज्झवसाण०। पुरिस० ट्ठिदिबं० विसे०। इत्थि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगुणाणि। णवुंस०

प्रकृतिसमुदाहार

६८०. प्रकृतिसमुदाहारका प्रकरण है। उसमें ये दो अनुयोगद्वार होते हैं—प्रमाणानुगम और अल्पबहुत्व।

प्रमाणानुगम

६८१. प्रमाणानुगम—पाँच ज्ञानावरणीयके असंख्यातलोक प्रमाण स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान होते है। इसी प्रकार सभी प्रकृतियोंके अनाहारकमार्गणा तक जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि अपगतवेदी और सूक्ष्मसाम्परायिक संयत जीवोंमें अन्तर्मुहूर्त प्रमाण स्थिति अध्यवसानस्थान होते हैं। इस प्रकार प्रमाणानुगम समाप्त हुआ।

अल्पबहुत्व

६८२. अल्पबहुत्व दो प्रकार का है—स्वस्थान अल्पबहुत्व और परस्थान अल्पबहुत्व। स्वस्थान अल्पबहुत्वका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकार है—ओघ और आदेश। ओघसे पाँच ज्ञानावरणीयके अध्यवसानस्थान समान होते हैं। स्त्यानगृद्धित्रिकके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान सबसे स्तोक होते हैं। इनसे निद्रा और प्रचलाके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे चार दर्शनावरणके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक होते हैं। सातावेदनीयके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान सबसे स्तोक होते हैं। इनसे असातावेदनीयके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे होते हैं। हास्य और रतिके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान सबसे स्तोक होते हैं। इनसे पुरुषवेदके स्थितिबन्धध्यवसानस्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे स्त्रीवेदके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे होते हैं। इनसे नपुंसकवेदके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान असंख्या-

ट्ठिदिबं० असंखे०। अरदि-सोग० ट्ठिदिबं० विसे०। भय-दुगुं० ट्ठिदिबं० विसे०। अणंताणुबंधि०४ ट्ठिदिबं० असंखेज्ज०। अपच्चक्खाणा०४ ट्ठिदिबं० विसे०। पच्चक्खाणा०४ ट्ठिदिबं० विसे०। कोधसंज० ट्ठिदिबं० विसे०। माणसंज० ट्ठिदिबंधज्झ० विसे०। मायासंज० ट्ठिदिबं० विसे०। लोभसंज० ट्ठिदिबं० विसे०। मिच्छ० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। सव्वत्थोवा तिरिक्ख-मणुसायूणं ट्ठिदिबं०। णिरयायुग० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगुण०। देवायुग० ट्ठिदिबं० विसेसा०। सव्वत्थोवा देवगदिणामाए ट्ठिदिबं०। मणुसगदिणामाए ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। णिरयगदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। तिरिक्खगदि० ट्ठिदिबं० विसे०। सव्वत्थोवा चदुरिंदि० ट्ठिदिबं०। तीइंदि० ट्ठिदिबं० विसे०। बीइंदि० ट्ठिदिबं० विसे०। एइंदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। पंचिंदिय० ट्ठिदिबं० विसे०। सव्वत्थोवा० आहारसरीर० ट्ठिदिबं०। ओरालि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। वेउव्विय० ट्ठिदिबं० विसे०। तेजइगादिणव० ट्ठिदिबं० विसे०। सव्वत्थोवाणि समचदु० ट्ठिदिबं०। णग्गोद० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। सादिय० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। खुज्ज० ट्ठिदिबं० असंखे-

तगुणे होते हैं। इनसे अरति और शोकके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे भय और जुगुप्साके स्थिति बन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे अनन्तानुबन्धी चतुष्कके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे होते हैं। इनसे अप्रत्याख्यानावरण चतुष्कके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे प्रत्याख्यानावरण चतुष्कके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे क्रोध संज्वलनके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे मान संज्वलनके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे मायासंज्वलनके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे लोभसंज्वलनके स्थितिबन्धाध्यसानस्थान विशेष अधिक होते है। इनसे मिथ्यात्वके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे होते हैं। तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान सबसे स्तोक होते हैं। इनसे नरकायुके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे होते हैं। इनसे देवायुके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक होते हैं। देवगतिनामकर्मके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक होते हैं। इससे मनुष्यगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे होते हैं। इनसे नरकगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे होते हैं। इनसे तिर्यञ्चगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक होते हैं। चतुरिन्द्रिय जातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक होते हैं। इनसे त्रीन्द्रिय जातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे द्वीन्द्रिय जातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे एकेन्द्रिय जातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे होते हैं। इनसे पञ्चेन्द्रिय जातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक होते हैं। आहारकशरीरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक होते हैं। इनसे औदारिकशरीरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे होते हैं। इनसे वैक्रियिक शरीरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक होते हैं। इनसे तैजसशरीर आदि नौ प्रकृतियोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक होते हैं। समचतुरस्रसंस्थानके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक होते हैं। इनसे न्यग्रोधपरिमण्डलसंस्थानके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान असंख्यातगुणे होते हैं। इनसे स्वातिसंस्थानके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे होते हैं। इनसे कुब्जकसंस्थानके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे होते हैं। इनसे वामन संस्थानके

ज्जगु० । वामणसंठा० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । हुंडसं० ट्ठिदिबं०-असंखेज्जगु० । सव्व-त्थोवा० आहारसरीरअंगो० ट्ठिदिबं० । ओरालिय०अंगो० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । वेउव्विय०अंगो० ट्ठिदिबं० विसे० । सव्वत्थोवा० वज्जरिस० ट्ठिदिबं० । एवं यथा संठाणं तथा संघडणं । यथा गदो तथा आणुपुव्वी । सव्वत्थोवा० पसत्थवि० ट्ठिदिबं० । अप्पसत्थ० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । सव्वत्थोवा० थावरणामाए ट्ठिदिबं० । तस० ट्ठिदिबं० विसे० । सव्वत्थोवा० सुहुम-अपज्जत्त-साधारण-थिर-सुभ-सुस्सर-आदेज्ज-जसगि०-उच्चा० ट्ठिदिबं० । तप्पडिपक्खाणं ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । पंचंतरा० ट्ठिदिबं० सरिसाणि । एवं ओघभंगो कायजोगि-कोधादि०४–अचक्खुदं०-भवसि०-आहारगे त्ति ।

६८३. णेरइएसु सव्वत्थोवा थीणगिद्धि०३ ट्ठिदिबं० । छदंसणा० विसे० । सादासादा० ओघभंगो । सव्वत्थो० पुरिस० । हस्स रदि० ट्ठिदिबं० असंखे० । [इत्थि० ट्ठिदिबं० असंखेज्ज० ।] णवुंस० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । अरदि-सोग० ट्ठिदिबं० विसे० । भय०-दु० ट्ठिदिबं० विसे० । अणंताणुबंधि०४ ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । बारसक० ट्ठिदिबं० विसे० । मिच्छत्त० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । सव्वत्थो० मणुसग० ट्ठिदिबं० ।

स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे होते हैं। इनसे हुण्डसंस्थानके स्थितिबन्धाध्यवसान-स्थान असंख्यातगुणे होते हैं। आहारकशरीरआङ्गोपाङ्गके स्थितिबन्धयवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे औदारिकशरीर आङ्गोपाङ्गके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे वैक्रियिकशरीर आङ्गोपाङ्गके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। वज्रऋषभनाराचसंहननके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। ऐसे ही जिसप्रकार संस्थानोंकी अपेक्षा अल्पबहुत्व कह आये हैं उसीप्रकार संहननोंकी अपेक्षा अल्पबहुत्व जानना चाहिये। तथा जिसप्रकार चारों गतियोंकी अपेक्षा अल्पबहुत्व कहा है उसीप्रकार आनुपूर्वियोंकी अपेक्षा अल्पबहुत्व जानना चाहिये। प्रशस्तविहायोगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे अप्रशस्तविहायोगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। स्थावरनामकर्मके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे त्रसनामकर्मके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। सूक्ष्म, अपर्याप्त, साधारण, स्थिर, शुभ, सुस्वर, आदेय, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे इनकी प्रतिपक्ष प्रकृतियोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। पाँच अन्तरायोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सदृश हैं। इसी प्रकार ओघके समान काययोगी, क्रोधादि चार कषायवाले, अचक्षुःदर्शनी, भव्य और आहारक जीवोंके जानना चाहिये।

६८३. नारकियोंमें स्त्यानगृद्धित्रिकके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे छह दर्शनावरणके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। सातावेदनीय और असाता वेदनीयका भंग ओघके समान है। पुरुषवेदके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे हास्य और रतिके स्थितिबन्धाध्यावसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे स्त्रीवेदके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे है। इनसे नपुंसकवेदके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुण हैं। इनसे अरति और शोकके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे भय और जुगुप्साके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे अनन्तानुबन्धी चारके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे बारह कषायोंके स्थितिबन्धाध्यावसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे मिथ्यात्वके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। मनुष्यगतिके स्थितिबन्धाध्य-

तिरिक्खग० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । सेसाणं पगदीणं ओघं । एवं सत्तसु पुढवीसु० ।

९८४. तिरिक्खेसु दंसणावरणीय-वेदणीय-मोहणीय०णिरयभंगो । णवरि मोहणीय-अपच्चक्खाणा०४ ट्ठिदिबं० विसे० । अट्ठकसा० ट्ठिदिबं० विसे० । मिच्छ० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । सव्वत्थोवा० तिरिक्ख-मणुसायूणं ट्ठिदिबं० । देवायु० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । णिरयायु० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । सव्वत्थो० देवगदि० ट्ठिदिबं० । मणुसगदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । तिरिक्खगदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । णिरयगदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । सव्वत्थो० चदुरिंदि० ट्ठिदिबं० । तीइंदि० ट्ठिदिबं० विसे० । बेइंदि० ट्ठिदिबं० विसे० । एइंदि० ट्ठिदिबं० विसे० । पंचिंदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । सव्वत्थो० ओरालि० ट्ठिदिबं० । वेउव्वि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । तेजा०-क० ट्ठिदिबं० विसे० । संठाणं संघडणं ओघं । णवरि खीलियसंघडणादो असंपत्तसेवट्ट० विसे० । सेसाणं ओघं । एवं पंचिंदियतिरिक्खपज्जत्त-जोणिणीसु ।

९८५. पंचिंदियतिरिक्खअपज्जत्तगेसु सव्वत्थोवाणि सादावेद० ट्ठिदिबं० । असादा० ट्ठिदिबं० असंखेज्ज० । सव्वत्थोवा० पुरिस० ट्ठिदिबं० । इत्थिवे० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । हस्स-रदीणं ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । णवुंस० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । अरदि-

वसानस्थान सबसे स्तोक है । इनसे तिर्यञ्चगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । शेष प्रकृतियोंका भंग ओघके समान है । इसी प्रकार सातों पृथिवियोंमें जानना चाहिये ।

९८४. तिर्यञ्चोंमें दर्शनावरणीय, वेदनीय और मोहनीयका भंग नारकियोंके समान है । इतनी विशेषता है कि मोहनीयमें अप्रत्याख्यानावरण चारके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे आठ कषायोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे मिथ्यात्वके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । तिर्यञ्चायु और मनुष्यायुके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं । इनसे देवायुके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुण हैं । इनसे नरकायुके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । देवगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं । इनसे मनुष्यगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे तिर्यञ्चगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे नरकगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । चतुरिन्द्रियजातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं । इनसे त्रीन्द्रियजातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे द्वीन्द्रिय जातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे एकेन्द्रियजातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे पञ्चेन्द्रियजातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । औदारिक शरीरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं । इनसे वैक्रियिकशरीरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे तैजस और कार्मणशरीरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । संस्थानों और संहननोंका भङ्ग ओघके समान है । इतनी विशेषता है कि इनमें कीलकसंहननसे असम्प्राप्तासृपाटिकासंहननके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । शेष प्रकृतियोंका भंग ओघके समान है । इसी प्रकार पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चपर्याप्त और पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चयोनिनी जीवोंमें जानना चाहिये ।

९८५. पञ्चेन्द्रियतिर्यञ्चअपर्याप्त जीवोंमें सातावेदनीयके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं । इनसे असातावेदनीयके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । पुरुषवेदके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं । इनसे स्त्रीवेदके स्थितिबन्धाध्यावसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे हास्य और रतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे नपुंसकवेदके

सोग० ट्ठिदिबं० विसे० । भय०-दुगुं० ट्ठिदिबं० विसे० । सोलसक० ट्ठिदिबं० असंखे-ज्जगु० । मिच्छत्त० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । सव्वत्थोवाणि मणुसगदि० ट्ठिदिबं० । तिरिक्खगदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । सव्वत्थोवाणि पंचिंदि० ट्ठिदिबं० । चदुरिंदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । तीइंदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । बीइंदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । एइंदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । संठाणं संघडणं विहायगदी ओघं । सव्वत्थो० तसणामाए ट्ठिदिबंधज्झ० । थावर० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । सेसाणं ओघं । एवं मणुसअपज्जत्त-सव्वविगलिंदिय-पंचिंदिय-तसअपज्ज० सव्वएइंदि०-पंचकायाणं च ।

९८६. मणुसेसु हेट्ठिल्लियो ओघभंगो । गदिणामाए जादिणामाए च तिरिक्खोघं । णवरि वेउव्विय० असंखेज्जगु० । सेसं तिरिक्खोघं ।

९८७. देवाणं णिरयभंगो । णवरि सव्वत्थोवा० एइंदि० ट्ठिदिबं० । पंचिंदिय० ट्ठिदिबं० विसे० । एवं तस-थावराणं । भवणवा०-वाणवेंत०-जोदिसि०-सोधम्मीसाणेसु सव्वत्थो० पंचिंदिय० ट्ठिदिबं० । एइंदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । एवं तस-थावराणं । सव्वत्थोवा असंपत्तसेवट्ट० ट्ठिदिबं० । खीलिय० विसे० । सेसाणं देवोघं । सणक्कुमार-

स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे अरति और शोकके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे भय और जुगुप्साके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे सोलह कषायोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे मिथ्यात्वके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। मनुष्यगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे तिर्यञ्चगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान संख्यातगुणे हैं। पञ्चेन्द्रियजातिके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे चतुरिन्द्रियजातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे त्रीन्द्रिय जातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यागुणे हैं। इनसे द्वीन्द्रियजातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे एकेन्द्रियजातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। संस्थान, संहनन और विहायोगतिका भङ्ग ओघके समान है। त्रसनामकर्मके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे स्थावरनामकर्मके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। शेष प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। इसी प्रकार मनुष्यअपर्याप्त, सब विकलेन्द्रिय, पञ्चेन्द्रियअपर्याप्त, त्रसअपर्याप्त, सब एकेन्द्रिय और पांच स्थावरकायिक जीवोंके जानना चाहिये।

९८६. मनुष्योंमें नीचेकी प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। गतिनामकर्म और जातिनामकर्मका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। इतनी विशेषता है कि वैक्रियिकशरीरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। शेष भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है।

९८७. देवोंमें सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि एकेन्द्रियजातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे पञ्चेन्द्रियजातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इसी प्रकार त्रस और स्थावर प्रकृतियोंका अल्पबहुत्व जानना चाहिये। भवनवासी, व्यन्तर, ज्योतिषी और सौधर्मैशानकल्पके देवोंमें पञ्चेन्द्रियजातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे एकेन्द्रिय जातिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार त्रस और स्थावर प्रकृतियोंकी अपेक्षा जानना चाहिये। असम्प्राप्तसृपाटिकासंहननके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे कीलकसंहननके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष

याव० उवरिमगेवज्जा पढमपुढवीभंगो । अणुदिस याव सव्वट्ठेसु सव्वत्थो० हस्स-रदीणं द्विदिबं० । अरदि-सोग० द्विदिबं० असंखेज्जगु० । पुरिस०-भय०-दुगुं० विसे० । बारसक० द्विदिबं० असं०गु० । सेसाणं णिरयभंगो । एवं एस भंगो आहार०-आहारमि०-आभि० सुद०-ओधि०-मणपज्जव०-सव्वसंजद-ओधिदं०-सम्मादि०-खइग०-वेदगस०-उवसमस०-सासण०-सम्मामिच्छा० ।

९८८. पंचिंदि०-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-पुरिस०-चक्खुदं०-सण्णि त्ति मूलोघं । ओरालियका० मणुसिभंगो । ओरालियमि० तिरिक्खअपज्जत्तभंगो । णवरि देवगदि०४ अत्थि । वेउव्वि० देवोघं । एवं चेव वेउव्वियमिस्स० । कम्मइ०-अणाहारगे तिरिक्ख-अपज्जत्तभंगो । विसेसो ओघेणेव साधेदव्वं । इत्थिवे० पंचिंदियभंगो । किंचि विसेसो० । णवुंसगेसु ओघं । जादिणामेसु विसेसो० । अवगदवेदे ओघेण साधेदव्वं । एवं सुहुम-संपरा० । मदि०-सुद०-विभंगणाणि-अब्भवसिद्धिय-मिच्छा० ओघं । णवरि सम्मत्तपगदीसु विसेसो । असंजदे ओघं । आयु० विसेसो । एवं तिण्णिले० । णवरि किंचि विसेसो ।

९८९. तेउए मोहणीयो ओघो । सेसाणं सोधम्मभंगो । एवं पम्माए वि । णवरि

अधिक हैं । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य देवोंके समान है । सानत्कुमार कल्पसे लेकर उपरिम-ग्रैवेयक तकके देवोंमें पहली पृथ्वीके समान भङ्ग है । अनुदिशसे लेकर सर्वार्थसिद्धि तकके देवोंमें हास्य और रतिके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान सबसे स्तोक हैं । इनसे अरति और शोकके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे पुरुषवेद, भय और जुगुप्साके स्थिति-बन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे बारह कषायोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यात-गुणे हैं । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग नारकियोंके समान है । इसी प्रकार यह भङ्ग आहारककाययोगी आहा-रकमिश्रकाययोगी, आभिनिबोधिकज्ञानी, श्रुतज्ञानी, अवधिज्ञानी, मनःपर्ययज्ञानी, सब संयत, अवधि-दर्शनी, सम्यग्दृष्टि, क्षायिकसम्यग्दृष्टि, वेदकसम्यग्दृष्टि, उपशमसम्यग्दृष्टि, सासादनसम्यग्दृष्टि और सम्यग्मिथ्यादृष्टि जीवोंके जानना चाहिये ।

९८८. पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, पुरुषवेदी, चक्षुदर्शनी और संज्ञी जीवोंमें मूल ओघके समान भङ्ग है । औदारिककाययोगी जीवोंमें मनुष्यिनियोंके समान भङ्ग है । औदारिकमिश्रकाययोगी जीवोंमें तिर्यञ्चअपर्याप्तकोंके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि इनमें देवगतिचतुष्क है । वैक्रियिककाययोगी जीवोंमें सामान्य देवोंके समान भङ्ग है । इसीप्रकार वैक्रियिक-मिश्रकाययोगी जीवोंके जानना चाहिये । कार्मणकाययोगी और अनाहारक जीवोंमें तिर्यञ्चअपर्या-प्तकोंके समान भङ्ग है । जो विशेष हो उसे ओघसे साध लेना चाहिये । स्त्रीवेदी जीवोंमें पञ्चेन्द्रियके समान भङ्ग है । किन्तु कुछ विशेषता है । नपुंसकवेदी जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है । किन्तु जाति-नामककर्मकी प्रकृतियोंमें कुछ विशेषता है । अपगतवेदी जीवोंमें ओघके समान साध लेना चाहिये । इसीप्रकार सूक्ष्मसाम्परायसंयत जीवोंके जानना चाहिये । मत्यज्ञानी, श्रुताज्ञानी, विभङ्गज्ञानी, अभव्य और मिथ्यादृष्टि जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है । इतनी विशेषता है कि सम्यक्त्वसम्बन्धी प्रकृतियोंमें विशेषता जाननी चाहिये । असंयतोंमें ओघके समान भङ्ग है । किन्तु चार आयुओंमें विशेषता जाननी चाहिये । इसीप्रकार तीन लेश्यावाले जीवोंके जानना चाहिये । किन्तु इनमें कुछ विशेषता है ।

९८९. पीतलेश्यावाले जीवोंमें मोहनीयका भङ्ग ओघके समान है । शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सौधर्मकल्पके समान है । इसीप्रकार पद्मलेश्यावाले जीवोंमें भी जानना चाहिये । इतनी विशेषता है

सहस्सारभंगो। सुक्काए ओघं। णवरि णामे विसेसो। सव्वत्थोवा० मणुसगदि० ट्ठिदिबं०। देवगदि० ट्ठिदिबं० विसे०। अथवा देवगदि० बंध० थोवा०। मणुसगदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। एवं सव्वणामाणं णेदव्वं। असण्णीसु मोहणीयं अपज्जत्तभंगो। चदु० आयु० तिरिक्खोघं। सेसाणं तिरिक्खोघं। एवं सत्थाणअप्पाबहुगं समत्तं

९९०. परत्थाणअप्पाबहुगं पगदं। दुविधो णिद्देसो—ओघेण आदेसेण य। ओघेण सव्वत्थोवाणि तिरिक्ख-मणुसायूणं ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि। णिरयायुगस्स ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जगुणाणि। देवायु० ट्ठिदिबंध० विसेसाहियाणि। आहारसरीर० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। देवगदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। हस्स-रदीणं ट्ठिदिबं० विसेसा०। पुरिस० ट्ठिदिबं० विसे०। जस०-उच्चा० ट्ठिदिबं० विसे०। सादावे० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। मणुसगदि० ट्ठिदिबं० विसे०। इत्थिवे० ट्ठिदिबं० विसेसा०। णिरयगदि० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु०। णवुंस० ट्ठिदिबं० विसे०। अरदि-सोग०-अजस० ट्ठिदिबं० विसे०। तिरिक्खगदि-णीचागो० ट्ठिदिबं० विसेसा०। ओरालिय० ट्ठिदिबं० विसे०। वेउव्विय० ट्ठिदिबं० विसे०। तेजा०-कम्म० ट्ठिदिबं० विसे०। भय-दुगुं० ट्ठिदिबं०

कि इनमें सहस्रारकल्पके समान भङ्ग है। शुक्ललेश्यावाले जीवोंमें ओघके समान भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि नामकर्ममें कुछ विशेषता जाननी चाहिये। मनुष्यगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे देवगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। अथवा देवगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे मनुष्यगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इसीप्रकार सब नामकर्मकी प्रकृतियोंके विषयमें जानना चाहिये। असंज्ञियोंमें मोहनीयकर्मका भङ्ग अपर्याप्तकोंके समान है। चारों आयुओंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है। तथा शेष प्रकृतियोंका भङ्ग सामान्य तिर्यञ्चोंके समान है।

इस प्रकार स्वस्थान अल्पबहुत्व समाप्त हुआ।

९९०. परस्थान अल्पबहुत्वका प्रकरण है। उसकी अपेक्षा निर्देश दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे तिर्यञ्चायु और मनुष्यायु के स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे नरकायुके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे देवायुके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक हैं। इनसे आहारकशरीरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे देवगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे हास्य और रतिके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक हैं। इनसे पुरुषवेदके स्थितिबन्धाध्यवसान स्थान विशेष अधिक हैं। इनसे यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे सातावेदनीयके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे मनुष्यगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे स्त्रीवेदके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे नरकगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे नपुंसकवेदके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे अरति, शोक और अयशःकीर्तिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे तिर्यञ्चगति और नीचगोत्रके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे औदारिकशरीरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे वैक्रियिकशरीरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे तैजस और कार्मणशरीरके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे

विसे० । असाद० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । थीणगिद्धि०३ ट्ठिदिबं० विसे० । णिद्दा-पचला० ट्ठिदिबं० विसे० । पंचणाणा०-चदुदंसणा०-पंचंत० ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि विसेसा० । अणंताणुबंधि०४ ट्ठिदिबंधज्झवसाण० असंखेज्जगु० । अपच्चक्खाणा०४ ट्ठिदिबं० विसे० । पच्चक्खाणा०४ ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि विसेसा० । कोधसंज० ट्ठिदिबं० विसे० । माणसंज० ट्ठिदिबं० विसे० । मायासंज० ट्ठिदिबं० विसे० । लोभसंज० ट्ठिदिबंधज्झ० विसेसा० । मिच्छत्त० ट्ठिदिबंधज्झव० असंखेज्जगु० । एवं ओघं पंचिंदिय-तस०२-पंचमण०-पंचवचि०-कायजोगि-पुरिस०-कोधादि०४-चक्खुदं०-अचक्खुदं०-भवसि०-सण्णि-आहारग त्ति । णवरि पुरिस० कोधादिसु च मोहणीए विसेसो ओघेण साधेदव्वं ।

६६१. णिरएसु सव्वत्थोवाणि दोण्णं आयुगाणं ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि। पुरिस०-हस्स-रदि-जसगि०-उच्चा० ट्ठिदिबंधज्झवसाणट्ठाणाणि असंखेज्जगु० । सादावे० ट्ठिदिबं० असंखेज्जगु० । इत्थिवे० ट्ठिदिबं० विसेसा० । मणुसगदि० ट्ठिदिबंधज्झव० विसे० । णवुंस० ट्ठिदिबंध० असंखेज्जगु० । अरदि-सोग-अजसगित्ति० ट्ठिदिबं० विसेसा० । तिरिक्खगदिणीचागो० ट्ठिदिबंध० विसेसा० । भय-दुगुं०-ओरालिय-तेजा०-कम्मइय०

भय और जुगुप्साके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे असातावेदनीयके स्थिति-बन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे स्त्यानगृद्धि तीनके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे निद्रा और प्रचलाके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे पाँच-ज्ञानावरण, चार दर्शनावरण और पाँच अन्तरायके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे अनन्तानुबन्धी चतुष्कके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे अप्रत्याख्याना-वरण चारके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे प्रत्याख्यानावरण चारके स्थिति-बन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे क्रोध संज्वलनके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे मान संज्वलनके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक है। इनसे माया संज्वलनके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे लोभ संज्वलनके स्थितिबन्धा-ध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे मिथ्यात्वके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इसी प्रकार ओघके समान पञ्चेन्द्रियद्विक, त्रसद्विक, पाँच मनोयोगी, पाँच वचनयोगी, काययोगी, पुरुषवेदी, क्रोधादि चार कषायवाले, चक्षुःदर्शनी, अचक्षुःदर्शनी, भव्य, संज्ञी और आहारक जीवोंके जानना चाहिये। इतनी विशेषता है कि पुरुषवेदी और क्रोधादि चार कषायवाले जीवोंमें मोहनीयकी विशेषता ओघके अनुसार साध लेना चाहिये।

६६१. नारकियोंमें दो आयुओंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं। इनसे पुरुष-वेद, हास्य, रति, यशःकीर्ति और उच्चगोत्रके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे सातावेदनीयके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे स्त्रीवेदके स्थितिबन्धाध्यवसान-स्थान विशेष अधिक हैं। इनसे मनुष्यगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे नपुंसकवेदके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं। इनसे अरति, शोक और अयशःकीर्तिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे तिर्यञ्चगति और नीचगोत्रके स्थितिबन्धाध्यव-सानस्थान विशेष अधिक हैं। इनसे भय, जुगुप्सा, औदारिकशरीर, तैजसशरीर और कार्मणशरीरके

ट्ठिदिबंध० विसेसा० । असादा० ट्ठिदिबंध० असंखेज्जगुणाणि । थीणगिद्धि०३ ट्ठिदिबंध० विसेसाहियाणि । पंचणा०-छदंसणा०-पंचंत० ट्ठिदिबंधज्झवसाण० विसेसाहियाणि । अणंताणुबंधि०४ ट्ठिदिबंध० असंखेज्जगु० । बारसक० ट्ठिदिबंध० विसे० । मिच्छत्त० ट्ठिदिबंध० असंखेज्जगु० । एवं पढमाए पुढवीए । णवरि मणुसगदि० ट्ठिदिबंध० विसे० । तिरिक्खगदि० ट्ठिदिबंध० असंखेज्जगु० । णीचागो० ट्ठिदिबंध० विसे० । णवुंस० ट्ठिदिबंध० विसे० । अरदि-सोग-अजस० ट्ठिदिबंध० विसे० । उवरि णिरयोघं । एवं याव छट्ठि त्ति ।

६६२. सत्तमाए सव्वत्थोवा० तिरिक्खायु० ट्ठिदिबंध० । मणुसगदि-उच्चागो० ट्ठिदिबंध० असंखेज्जगु० । पुरिस०-हस्स-रदि-जसगित्ति० ट्ठिदिबंध० असंखेज्जगु० । सादावे० ट्ठिदिबंध० असंखेज्जगु० । इत्थिवे० ट्ठिदिबंध०[1]..........................

... ...

जीवसमुदाहारो

६६३. ......असादस्स चदुट्ठाणबंधगा जीवा । आभिणि० जहण्णियाए ट्ठिदीए जीवेहिंतो तदो पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण दुगुणवड्डिदा । एवं दुगुणवड्डिदा

स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे असातावेदनीयके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे स्त्यानगृद्धित्रिकके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे पाँच ज्ञानावरण, छह दर्शनावरण और पाँच अन्तरायके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे अनन्तानुबन्धी चारके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे बारह कषायोंके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे मिथ्यात्वके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इसी प्रकार पहली पृथ्वीमें जानना चाहिये । इतनी विशेषता है कि मनुष्यगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे तिर्यञ्चगतिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे नीचगोत्रके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे नपुंसकवेदके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इनसे अरति, शोक और अयशःकीर्तिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान विशेष अधिक हैं । इससे आगे सामान्य नारकियोंके समान भङ्ग है । इसी प्रकार छठवीं पृथिवी तक जानना चाहिये ।

६६२. सातवीं पृथिवीमें तिर्यञ्चायुके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान सबसे स्तोक हैं । इनसे मनुष्यगति और उच्चगोत्रके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे पुरुषवेद, हास्य, रति और यशःकीर्तिके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे सातावेदनीयके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान असंख्यातगुणे हैं । इनसे स्त्रीवेदके स्थितिबन्धाध्यवसानस्थान......................

....

जीवसमुदाहार

६६३. ......असाताके चतुःस्थानबन्धक जीव हैं । आभिनिबोधज ज्ञानावरणकी जघन्यस्थितिके बन्धक जीवोंसे पल्योपमके असंख्यातवेंभागप्रमाण स्थान जाकर दूनी वृद्धिको

[1] क्रमाङ्क ११२ ताडपत्रं त्रुटितम् ।

दुगुणवड्ढिदा याव सागरोवमसदपुधत्तं। तेण परं पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागं गंतूण दुगुणहीणा। एवं दुगुणहीणा दुगुणहीणा याव सादस्स असादस्स य उक्कस्सिया ट्ठिदि त्ति। उवरि मूलपगदिभंगो।

एवं जीवसमुदाहारे त्ति समत्तमणियोगद्दारं।
एवं उत्तरपगदिट्ठिदिबंधो समत्तो।
एवं ट्ठिदिबंधो समत्तो।

प्राप्त हुये हैं। इसीप्रकार सौ सागर पृथक्त्वतक दूनी दूनी वृद्धिको प्राप्त हुये हैं। उससे आगे पल्यके असंख्यातवेंभाग प्रमाण जाकर दूने हीन हैं। इसप्रकार सातावेदनीय और असातावेदनीयकी उत्कृष्ट स्थितिके प्राप्त होने तक दूने दूने हीन होते गये हैं। इससे आगे भङ्ग मूलप्रकृतिबन्धके समान है।

इस प्रकार जीवसमुदाहार अनुयोगद्वार समाप्त हुआ।
इस प्रकार उत्तरप्रकृतिस्थितिबन्ध समाप्त हुआ।।
इस प्रकार स्थितिबन्ध समाप्त हुआ।

ज्ञानपीठके सांस्कृतिक प्रकाशन

[प्राकृत, संस्कृत ग्रन्थ]

१. महाबन्ध [महाधवल सिद्धान्त शास्त्र]-प्रथम भाग, हिन्दी अनुवाद सहित	१२)
२. महाबन्ध—[महाधवल सिद्धान्तशास्त्र]-द्वितीय भाग	११)
३. करलक्खण[सामुद्रिक शास्त्र]-[द्वितीय संस्करण] हस्तरेखा विज्ञानका नवीन ग्रन्थ	।।।)
४. मदनपराजय [भाषानुवाद तथा ७८ पृष्ठकी विस्तृत प्रस्तावना]	८)
५. कन्नडप्रान्तीय ताडपत्रीय ग्रन्थसूची	१३)
६. न्यायविनिश्चयविवरण [प्रथम भाग]	१५)
७. न्यायविनिश्चयविवरण [द्वितीय भाग]	१५)
८. तत्त्वार्थवृत्ति [श्रुतसागर सूरिरचित टीका] हिन्दी सार सहित	१६)
९. आदिपुराण [भाग १] भगवान् ऋषभदेवका पुण्य चरित्र	१०)
१०. आदिपुराण [भाग २] भगवान् ऋषभदेवका पुण्य चरित्र	१०)
११. उत्तरपुराण तेईस तीर्थङ्करोंका पुण्य चरित्र	१०)
१२. नाममाला सभाष्य [कोश]	३।।)
१३. केवलज्ञानप्रश्नचूडामणि [प्रश्नशास्त्रका अद्वितीय ग्रन्थ]	४)
१४. सभाष्यरत्नमंजूषा [छन्दशास्त्र]	२)
१५. समयसार—[अंग्रेज़ी]	८)
१६. थिरूकुरल—तामिल भाषाका पञ्चमवेद [तामिल लिपि]	४)
१७. वसुनन्दि-श्रावकाचार	५)
१८. तत्त्वार्थवार्तिक [राजवार्तिक] भाग १ [हिन्दी सार सहित]	१२)
१९. जातक [प्रथम भाग]	६)
२०. जिनसहस्रनाम	४)
२१. सर्वार्थसिद्धि	१२)

[हिन्दी ग्रन्थ]

२२. आधुनिक जैन कवि [परिचय एवं कविताएँ]	३।।।)
२३. जैनशासन [जैनधर्मका परिचय तथा विवेचन करनेवाली सुन्दर रचना]	३)
२४. कुन्दकुन्दाचार्यके तीन रत्न [अध्यात्मवादका अद्भुत ग्रन्थ]	२)
२५. हिन्दी जैन साहित्यका संक्षिप्त इतिहास	२।।।=)

भारतीय ज्ञानपीठ, दुर्गाकुण्ड रोड, बनारस ५